नई दिल्ली
मंगलवार, 27 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 42
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 30

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## लोको मैन्यूफैक्चरिंग रेलवे वर्कशॉप का किया उद्घाटन



## पीएम ने देश के 'पहले' इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को दिखाई हरी झंडी

यह दाहोद में ही बना है। ये उच्च शक्ति वाले इंजन 4,600 टन कार्गो ढोने में सक्षम

एजेंसी ▶▶ दाहोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के दाहोद में लोको मैन्यूफैक्चरिंग रेलवे वर्कशॉप का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने इस सुविधा में निर्मित पहले इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाई। यह भारतीय रेलवे के लिए एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पहली बार इन इंजनों में ड्राइवरों के लिए यह सुविधा

इन इंजनों में ड्राइवरों के लिए एसी और शौचालय की सुविधा शामिल होगी, जिससे चालक दल के आराम में काफी सुधार होगा। सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करने के लिए एक उन्नत कवर सिस्टम स्थापित किया गया है। वर्तमान में चार इंजनों का उत्पादन किया जा रहा है।

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद गुजरात दौरे पर पीएम मोदी, रोड शो किया

# कर्नल सोफिया के परिजनों ने पीएम पर की फूलों की बारिश, फिर मंच पर भी साथ दिखे

**कर्नल सोफिया के भाई ने कहा-** औरतों के साथ पहलगाम में जो गलत हुआ, उसका बदला एक औरत ले उससे बेहतर कोई पल नहीं

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सोमवार को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी का वडोदरा में रोड शो के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार के सदस्यों ने पीएम मोदी पर वडोदरा रोड शो में फूलों की बारिश की। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार पीएम मोदी के साथ एक मंच पर भी दिखा। पीएम मोदी ने रोड शो की शुरुआत में ही कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार से मुलाकात की। कर्नल सोफिया कुरैशी की जुड़वां बहन शायना सुनसारा ने कहा कि पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत कुछ किया है।

जब आपकी बहन देश के लिए कुछ करती है, तो यह न केवल मुझे बल्कि दूसरों को भी ▶▶ शेष पेज 5 पर



**कर्नल सोफिया कुरैशी के पिता ने कहा**

### पीएम ने पाक के साथ जो किया, ये बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था

*कर्नल सोफिया कुरैशी के पिता मोहम्मद कुरैशी ने कहा कि मोदी जी ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार गुजरात आए हैं। उसने मिलकर हमें बहुत खुशी हुई है। पीएम मोदी ने जो भी हमारे देश के लिए किया है, वो बहुत अच्छा है। ये बहुत पहले हो जाना चाहिए था।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### डीआरडीओ प्रमुख कामत का कार्यकाल 1 वर्ष बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर वी



कामत का कार्यकाल सोमवार को एक साल के लिए बढ़ा दिया। उनका कार्यकाल अब मई 2026 तक रहेगा। उन्हें दूसरी बार सेवा विस्तार दिया गया है। वे एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक हैं। उन्हें पिछले वर्ष 27 मई को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था।

### फ्रांस के राष्ट्रपति को पत्नी ने मुंह पकड़कर धकेला

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो सोमवार को वियतनाम पहुंचे। मैंक्रो ब्रिगिट प्लेन



से उतरने की तैयारी कर रहे होते हैं, तभी फर्स्ट लेडी उनके चेहरे को धकेलती हुई दिखाई दे रही हैं। इसे दोनों के बीच विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कोई विवाद जैसी बात नहीं वे हंसी-मजाक कर रहे थे।

### अब 71 देशों में पहुंचा गूगल का एआई टूल

**नई दिल्ली।** गूगल ने अपने नए वीडियो जनरेशन एआई मॉडल विवो 3 की पहुंच को अब 71 नए



देशों तक बढ़ा दिया है। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट जोश वुडवर्ड ने कहा यह विस्तार गूगल जैमिनी एप और वेब वर्जन दोनों पर लागू होगा। फिलहाल केवल भुगतान करने वाले सब्सक्राइबर्स को ही इसकी सुविधा मिलेगी। 71 नए देशों में विवो 3 को रोलआउट किया गया है।



गुजरात के भुज से पीएम मोदी की पाकिस्तान को खरी खरी

# सुख चैन की जिंदगी जीयो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को आतंकवादी गतिविधियों को प्रश्रय देने के खिलाफ एकबार फिर चेताते हुए कहा, सुख चैन की जिंदगी जीयो, रोटी खाओ,वरना मेरी गोली तो है ही। सीजफायर के बीच ये अब तक सबसे बड़ा सीधा और सपाट हमला है पाकिस्तान की आतंक परस्त सरकार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा। पीएम ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर तंज कसते हुए कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जबकि पाकिस्तान का हाल बुरा है। उन्होंने पाकिस्तानी जनता से पूछा कि आतंकवाद से उन्हें क्या हासिल हुआ?



भुज। ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर बुजुर्ग महिलाओं ने पीएम मोदी को आशीर्वाद दिया।

### आतंकवाद का उद्योग बंद करना होगा

*पीएम ने पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि वह आतंकवाद को पर्यटन की तरह मानता है, जो वैश्विक खतरा है। उन्होंने कहा कि भारत पर्यटन को बढ़ावा देता है, जो लोगों को जोड़ता है, जबकि पाकिस्तान आतंकवाद को उद्योग बनाकर दुनिया के लिए खतरा पैदा करता है। मोदी ने 1971 के युद्ध का जिक्र किया, जब पाकिस्तानी सेना ने भुज के हवाई अड्डे पर हमला किया था। उन्होंने कच्छ की वीरांगनाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने 72 घंटे में रनवे की मरम्मत कर पाकिस्तान के प्रचार को नाकाम कर दिया था। उन्होंने कच्छ के लोगों की मेहनत और गर्मी में रोड शो के लिए उनकी सराहना भी की।*

### 10 मई को भारत-पाक में हुआ था संघर्षविराम

*उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 भारतीयों की नृशंस हत्या पाकिस्तानी आतंकियों ने कर दी थी। इस हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए गए। इस ऑपरेशन ने पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जो वैश्विक आतंकवाद के केंद्र माने जाते हैं। गत 10 मई को दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हुआ, जिसके बाद पीएम मोदी ने 12 मई को राष्ट्र को संबोधित किया था। भुज का भाषण इस संदर्भ में उनकी ताजा टिप्पणी थी।*

## पाकिस्तान के युवा आतंकवाद के खिलाफ आएं आगे

उन्होंने पाकिस्तान के युवाओं से अपील किया कि वे अपने देश को आतंवाद मुकत करने के लिए आगे आएं, अपने सुनहरे भविष्य को अंधकारमय होने से बचायें। गुजरात के भुज में पीएम मोदी एक जनसभा को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भारत की लड़ाई आतंकवादियों और उन्हें पनाह देने वालों के खिलाफ है, न कि पाकिस्तान की जनता से। लेकिन अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा, तो भारत कड़ा जवाब देगा। पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो-टॉलरेंस नीति का प्रतीक बताया।

### 15 दिनों तक पाकिस्तान को दिया मौका

उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 15 दिन तक पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का मौका दिया। जब पाकिस्तान ने कोई कदम नहीं उठाया, तो भारतीय सेना को खुली छूट दी गई। इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें 9 आतंकी ठिकाने 22 मिनट में ध्वस्त किए गए और 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। मोदी ने कहा कि भारत की जवाबी कार्रवाई इतनी जोरदार थी कि पाकिस्तान के वायुसेना ठिकाने अभी भी 'आईसीयू' में हैं। उन्होंने भारतीय सेना की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्रवाई के कारण पाकिस्तान को सफेद झंडा लहराने (शांति का प्रतीक) के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया था कि उसका निशाना केवल आतंकी ढांचे थे, लेकिन पाकिस्तान ने गलती की और उसे इसके परिणाम भुगतने पड़े।

विपक्ष खासकर कांग्रेस के आरोपों के जवाब में विदेश मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति के समक्ष बोले विदेश मंत्री

## ऑपरेशन सिंदूर के आधे घंटे बाद पाकिस्तान को दी जानकारी: जयशंकर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को विदेश मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति के सामने एक बड़ा और महत्वपूर्ण बयान दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से बीते 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद 9 आतंकी कैंपों को निशाना बनाने के लिए की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के आधे घंटे (30 मिनट) बाद पाकिस्तान को सूचित किया गया था। भारत के सैन्य संचालन महानिदेशक यानी डीजीएमओ ने इसके बारे में पाकिस्तान को जानकारी दी थी। विदेश मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी पाकिस्तान से इस संबंध में कोई बात नहीं की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्री ने एक्स पर इस बैठक से जुड़ी कुछ तस्वीरें साझा की। बैठक में विदेश सचिव विक्रम ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संघर्षविराम का निर्णय द्विपक्षीय था

सूत्रों ने बताया कि जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम में अमेरिका की भूमिका के मामले पर बैठक में भारत का रुख साफ करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच जारी सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी को रोकने का फैसला पाकिस्तान की अपील के बाद द्विपक्षीय रूप से लिया गया था। यह सब तब हुआ जब पाकिस्तान के डीजीएमओ ने सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए हमसे कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का कोई सवाल ही नहीं है।

### भारत की रणनीति बिलकुल साफ है

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के साथ भारत की रणनीति बिलकुल साफ थी। जिसके केंद्र में पाक में मौजूद और उसके समर्थन से चलने वाले आतंकी ठिकाने थे। भारतीय सेनाओं के आतंकवादी कैंपों पर किए गए लक्षित हमलों से पाकिस्तान और उसकी सेना का मनोबल काफी गिर गया था। जयशंकर ने आतंकवाद के मामले पर दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए भी सभी से सहयोग मांगा। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस के ▶▶ शेष पेज 5 पर

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा कुवैत

## आतंकवाद के खिलाफ भारत को साथ देने पर डिप्टी पीएम ने जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ कुवैत सिटी

कुवैत ने आतंकवाद के खिलाफ भारत को अपना समर्थन दिया है। भाजपा के सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कुवैत के डिप्टी पीएम और कैबिनेट मामलों के राज्य मंत्री शेरिदा ए एस अल-मौशरजी से मुलाकात की। मौशारजी को पाकिस्तान से आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की हालिया कार्रवाइयों से अवगत कराया। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद के प्रति अपनी राय से अवगत कराने के लिए विश्व की 33 राजधानियों का दौरा करने का काम सौंपा है। दोनों पक्षों ने आतंकवाद के प्रति अपने शून्य-सहिष्णुता के दृष्टिकोण की पुष्टि की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने दूतावास में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारतीय राजदूत ने किया स्वागत



प्रतिनिधिमंडल में 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी, पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद, राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा और अमेरिका, बांग्लादेश एवं थाईलैंड में भारत के पूर्व राजदूत और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी शामिल हैं। कुवैत में प्रतिनिधिमंडल ने समाज के प्रमुख सदस्यों, प्रभावशाली व्यक्तियों, थिंक टैंक, मीडिया और भारतीय प्रवासी समुदाय के विभिन्न वर्गों के साथ बातचीत की।

राज्यपाल दत्तात्रेय ने नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त एवं राज्य सूचना आयुक्तों को दिलाई शपथ

निष्पक्षता, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें

## पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद हरियाणा के मुख्य सूचना आयुक्त बने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को राजभवन में आयोजित गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह में हरियाणा के मुख्य सूचना आयुक्त सहित चार राज्य सूचना आयुक्तों को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने पूर्व मुख्य सचिव व नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त टीवीएसएन प्रसाद (आईएएस



सेवानिवृत्त) को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। साथ ही, चार नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों- अमरजीत सिंह (एचसीएस सेवानिवृत्त), कर्मवीर सैनी, श्रीमती नीता खेड़ा और संजय मदान को भी पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों की भूमिका को लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने नवनियुक्त आयुक्तों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे निष्पक्षता, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, ताकि सूचना के अधिकार को और सशक्त किया जा सके। इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, वरिष्ठ प्रशासनिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से करेंगे मुलाकात

## 27 से 29 मई तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे विदेश सचिव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



विदेश सचिव विक्रम मिस्री मंगलवार (27 मई) से अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि विदेश सचिव 27 से 29 मई तक वाशिंगटन डीसी की यात्रा करेंगे। इस दौरान उनकी अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात होगी। इस साल फरवरी महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद मिस्री का यह दौरा हो रहा है। पीएम की यात्रा में दोनों देशों ने 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका कॉम्पैक्ट शुरू किया था। जिसका संबंध सैन्य साझेदारी, व्यापार में तेजी और प्रौद्योगिकी के लिए नए अवसरों को बढ़ावा देना है।

### एनएसए डोभाल की मॉस्को यात्रा रद्द



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की इस सप्ताह प्रस्तावित मॉस्को यात्रा रद्द कर दी गई है, क्योंकि मौसमी फ्लू के कारण उनकी तबीयत खराब है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। डोभाल को 27 से 29 मई तक मॉस्को में आयोजित होने वाली सुरक्षा मुद्दों के लिए उच्च स्तरीय प्रतिनिधियों की 13वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक में भाग लेने जाना था। सूत्रों ने बताया कि मौसमी फ्लू संबंधी अस्वस्थता के कारण वह बैठक में भाग लेने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि एनएसए शीघ्र ही सामरिक और सुरक्षा मामलों पर रूस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

तारिणी पोत से दुनिया का चक्कर लगाकर गोवा पहुंचेंगी नौसेना महिला अधिकारी, इस्तकबाल करेंगे राजनाथ

## भारत के समुद्री इतिहास का एक 'नया स्वर्णिम दिवस' कहलाएगा इस सप्ताह का गुरुवार...

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

इस सप्ताह का गुरुवार यानी 29 मई 2025 की तारीख अब देश के समृद्ध समुद्री इतिहास में एक नए स्वर्णिम दिवस के रूप में दर्ज होने जा रही है। क्योंकि इसी दिन नाविका सागर परिक्रमा-2 के तहत अपनी पाल नौका आईएनएसवी तारिणी के जरिए दुनिया का चक्कर लगाकर नौसेना की दो जांबाज महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए और दिलना.के गोवा पहुंचेंगी और इनका स्वागत स्वयं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह वो बेहद महत्वपूर्ण पल होगा। जब पूरे आठ महीने के बाद दोनों महिलाएं हाथ में भारत का राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' थामे हुए स्वदेश की धरती पर अपना पहला कदम रखेंगी। जिससे हर देशवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन विवेक



मधवाल ने बताया कि रक्षा मंत्री द्वारा गोवा में टीम तारिणी का स्वागत करने के पीछे की एक खास वजह उनके द्वारा इस साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर दोनों महिला अधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से हुई बातचीत में किया गया वह वादा है। जिसमें राजनाथ सिंह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 10 हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तय करेंगी

*उन्होंने कहा कि अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव के दौरान दोनों महिलाएं कुल 10 हजार 600 किलोमीटर की समुद्री दूरी तय कर केपटाउन से गोवा पहुंच रही हैं। दक्षिण अफ्रीका से इनकी यात्रा 15 अप्रैल को शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि अंतिम पड़ाव की एक खास बात ये भी है कि इसमें दोनों महिलाएं अपनी यात्रा को बिना कहीं पर रुके हुए सीधे पूरा कर रही हैं। इस वैश्विक समुद्री यात्रा में हालांकि इन्हें कोई बाहरी सहायता प्रदान नहीं की गई थी। समुद्र में यह केवल पवन ऊर्जा के भरोसे से आगे बढ़ रही हैं।*

### यात्रा के अहम पड़ाव

*पिछले साल अक्टूबर से शुरू हुई तारिणी की टीम की समुद्री यात्रा को पूरा होने में कुल आठ महीने का समय निर्धारित किया गया था। इसी समयावधि में यह अपनी यात्रा को संपन्न कर स्वदेश वापस लौट रही हैं। आठ महीनों में पोत के जरिए दोनों बहादुर महिला अधिकारियों का समुद्र में कुल करीब 21 हजार 600 नॉटिकल माइल का सफर रहेगा। भारत वापसी से पहले केप-लीउविन, केप हॉर्न, केप ऑफ गुड होप और प्वाइंट निमो इनकी यात्रा के अहम पड़ाव* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चार लोग को किया गिरफ्तार

# सरकारी नौकरी की परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने सरकारी नौकरी की परीक्षा में नकल करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए ग्रेटर कैलाश के एक परीक्षा केंद्र से एक फर्जी अभ्यर्थी, स्कूल के एक शिक्षक, एक कार्यालय अधीक्षक और एक महिला को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि आरोपियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) समिति के तहत 'जूनियर सेक्रेटेरिएट अटेंडेंट' पद के लिए परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी को असली आवेदक की जगह बैठाने में कथित तौर पर मदद की। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान फर्जी अभ्यर्थी सुमित दहिया (29), परीक्षा केंद्र के स्कूल में भौतिकी के शिक्षक बिमल कुमार सिंह (59), स्कूल के कार्यालय अधीक्षक बलजीत सिंह (50) और दिल्ली के कंझावला की 40 वर्षीय महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि स्कूल स्टाफ से जुड़ी महिला ने असली अभ्यर्थी अंकुर के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दहिया को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिलाने के लिए उनके साथ कथित तौर पर समन्वय किया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने बयान में बताया कि मामला 18 मई को उस समय प्रकाश में आया, जब ग्रेटर कैलाश थाने की एक टीम को हेमकुंट कॉलोनी के एक निजी स्कूल में नकल करने के प्रयास के बारे में सूचना मिली, जहां सीबीएसई भर्ती परीक्षा आयोजित कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंचने के बाद स्कूल के प्राचार्य ने पुलिस को संदिग्ध रूप से की जा रही नकल के बारे में सूचित किया। पुलिस ने बताया कि सत्यापन के बाद पता चला कि दहिया, अंकुर नाम के अभ्यर्थी की जगह परीक्षा में बैठा था और इसके बाद मामला दर्ज किया कर दहिया को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस के मुताबिक, दहिया ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि असली अभ्यर्थी अंकुर की जगह परीक्षा में बैठने के लिए उसे एक बिचौलिए ने छह लाख रुपये देने का वादा किया था। अधिकारी ने बताया कि दहिया ने अपनी एक परिचित महिला से संपर्क किया, जिसका स्कूल स्टाफ से पहले से संबंध था और आरोपी ने उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश दिलाने के लिए दो लाख रुपये की पेशकश की। उन्होंने बताया, इसके बाद महिला ने बिमल कुमार सिंह और बलजीत सिंह से संपर्क किया और साजिश में मदद करने के लिए उन्हें 50-50 हजार रुपये दिए। पुलिस ने बताया कि महिला ओपन स्कूल की परीक्षा में छात्रों को प्रवेश दिलाने में मदद करने के लिए जानी जाती है और उसके स्कूल प्रबंधन से पहले से ही संबंध थे। पुलिस के मुताबिक, महिला ने फर्जी अभ्यर्थी को स्कूल के लोगों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई।

पुलिस ने बताया कि दहिया के खुलासे के आधार पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, असली अभ्यर्थी अंकुर और सौदा तय करने वाले बिचौलिए को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला दहिया 12वीं पास है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। पुलिस के मुताबिक, सीबीएसई ने हेमकुंट कॉलोनी में स्थित, जिस स्कूल को भर्ती अभियान के परीक्षा केंद्र के रूप में नामित किया था, वह एक निजी संस्थान है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# यौन शोषण के उद्देश्य से लड़के के अपहरण की कोशिश, आरोपी पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के केशवपुरम इलाके में यौन उत्पीड़न के उद्देश्य से एक लड़के के अपहरण के प्रयास के आरोप में 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को उस वक्त सामने आई जब आरोपी गोविंद उस नाबालिग लड़के को लेकर भागने की कोशिश कर रहा था, उसी समय लोगों ने शोर मचा दिया और वह रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि गोविंद के खिलाफ 2022 में भी यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उत्तर-पश्चिम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भीष्म सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसका बच्चे के साथ कोई संबंध नहीं था और उसने यह भी स्वीकार कर लिया कि उसकी मंशा बच्चे के यौन उत्पीड़न की थी। लॉरेंस रोड औद्योगिक क्षेत्र के पास कुछ स्थानीय लोगों ने गोविंद के संदिग्ध व्यवहार को देखकर हस्तक्षेप किया, जिसके बाद यह मामला सामने आया। डीसीपी ने बताया कि पास में ही पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) का वाहन खड़ा था, जिसमें एक उपनिरीक्षक और कांस्टेबल थे। इस टीम ने तुरंत आरोपी का पीछा करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि इसी समय स्थानीय केशवपुरम थाने के हेड कांस्टेबल भी उसका पीछा करने लगे।सिंह ने कहा कि पुलिस टीम द्वारा दोनों दिशाओं से घिर जाने के बाद गोविंद ने कथित तौर पर लड़के को जमीन पर फेंक दिया और खुद भागने की कोशिश की। हालांकि, थोड़ी देर पीछा करने के बाद उसे काबू कर लिया गया और पकड़ लिया गया। ने बताया कि नाबालिग को सुरक्षित बचाकर उसके परिवार को सौंप दिया गया है। बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। इस बीच, पुलिस यह जांच कर रही है

**शुद्धिपत्र संख्या -1, 2 और 3, दिनांक : 23-05-2025**

**ई-निविदा सूचना संख्या :** C/TSK/SIGNAGE/ABSS/1/2025; **दिनांक:** 09-05-2025 के लिए **शुद्धिपत्र।**

**कार्य का नाम:** तिनसुकिया मंडल (डिब्रुगढ़, न्यू तिनसुकिया, मरियानी जं., जोरहाट टाउन, शिमलगुड़ी जं. और शिवसागर टाउन) में अमृत भारत स्टेशन योजना के 06 स्टेशनों पर साइनेज का प्रावधान।

शुद्धिपत्र की पूरी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

डीसीएम (आई/सी), तिनसुकिया

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल उर्फ करन पुत्र बाबू लाल निवासी आरजीए, पॉकेट–ए, फ्लैट–108, रघुबीर नगर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 443/2019 अन्तर्गत धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ करन** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ करन** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 443/2019 अन्तर्गत धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ करन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**शशांक नन्दन भट्ट**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम)
कक्ष सं. 356, तृतीय तल
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/6535/WD/2025**
**(Court Matter)**

# मई महीने में दिल्ली की बारिश ने तोड़ा 123 साल का रिकॉर्ड, हो चुकी है 186.4 मिमी बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

## आईएमडी ने की अगले तीन दिन तेज हवाएं चलने की भविष्यवाणी

आईएमडी ने सोमवार को दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा की संभावना को लेकर अलर्ट जारी किया था। लेकिन खबर लिखे जाने तक चेतावनी के अनुरूप तेज हवाएं और बारिश की खबर नहीं मिली। वहीं आईएमडी ने मंगलवार से अगले तीन दिन सामान्य मौसम के बीच तेज हवाएं चलने की भविष्यवाणी की है। जबकि शुक्रवार को येलो अलर्ट करते हुए आईएमडी ने अनुमान जताया है कि आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, हल्की बारिश के साथ तूफान और बिजली चमक सकती है। हवा की गति 30-50 किमी प्रति घंटे के बीच रहने का अनुमान है। आईएमडी ने बताया कि सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 5.3 डिग्री नीचे 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.4 डिग्री नीचे 25.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम के बदले मिजाज के चलते राजधानी दिल्ली में मई महीने में अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए है। मौसम विभाग की मानें तो मई महीने में दिल्ली में सबसे अधिक बारिश का 123 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार मई 2025 में अब तक 186.4 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है, सामान्य रूप से मई महीने की सामान्य औसत वर्षा सिर्फ 29.4 मिमी होती है। लेकिन 21 वीं सदी में इससे पहले 2008 में 165 मिमी बारिश दिल्ली में दर्ज हुई थी, यह पिछला सर्वाधिक रिकॉर्ड था जो पार हो चुका है। आईएमडी के अनुसार वर्ष 1901 से दिल्ली में बारिश का रिकॉर्ड संकलित किया जा रहा है और तब से लेकर अब तक मई में इतनी बारिश पहले कभी दर्ज नहीं हुई थी। आईएमडी के अनुसार के अनुसार दिल्ली में कुछ ही घंटों के भीतर 81.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई जिसे विभाग ने भारी बारिश की श्रेणी में रखा है। वहीं दूसरी तरफ निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर ने भी कहा है कि दिल्ली में मई महीने में होने वाली बारिश ने इस बार गत 124 साल के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। स्काईमेट का कहना है कि शनिवार देर रात और रविवार तड़के दिल्ली में इस सीजन का अब तक का सबसे तेज आंधी-तूफान और बारिश रही। सभी मौसमीय खतरों ने एक साथ हमला कर इस घटना को एक उच्च प्रभाव वाला मौसमीय घटनाक्रम बना दिया। राजधानी दिल्ली के सफदरजंग बेस स्टेशन पर सिर्फ 6 घंटों में 81 मिमी बारिश दर्ज की गई, वहीं, पालम एयरपोर्ट पर 69 मिमी बारिश दर्ज हुई। स्काईमेट की माने तो भारी बारिश और आंधी के चलते सड़क रेल परिवहन के अलावा 400 उड़ानें प्रभावित हुईं, जिनमें से 46 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा था। कंपनी ने बताया कि इस मई महीने की यह दूसरी बड़ी वर्षा थी। पहली बार 2 मई 2025 को भारी बारिश दर्ज की गई थी और सफदरजंग में 24 घंटे में 77 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। इस तरह अगर 2 मई और 24 मई दोनों दिन की हुई बारिश को मिला दिया जाए तो अब तक दिल्ली एनसीआर में 186.4 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है, जबकि इस मई महीने की सामान्य औसत वर्षा सिर्फ 29.4 मिमी होती है। आईएमडी न अनुमान जताया है कि 26 27 मई) को उत्तर-पूर्व राजस्थान और हरियाणा की ओर बढ़ेगा, जिससे दिल्ली के करीब एक ट्रफ रेखा बनेगी। ऐसे में दिल्ली में कल 27 मई को गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना थोड़ी बढ़ जाएगी। 28 मई से दिल्ली-एनसीआर में प्री-मानसून गतिविधियाँ बढ़ने की संभावना है। गरज-चमक, बारिश और तेज हवाओं के साथ मौसम और सक्रिय रहेगा।

# कोई भी झुग्गी बस्ती नहीं तोड़ी जाएगी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को स्पष्ट रूप से कहा है कि दिल्ली की एक भी झुग्गी बस्ती नहीं तोड़ी जाएगी। सरकार वहां बेहतर सुविधाएं देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दिल्ली में विकास कार्यों को लेकर यह सरकार रुकने वाली नहीं है। दिल्ली वालों को बेहतर सुविधाएं मिले, हर घर में पानी पहुंचे, पर्यावरण साफ हो और यमुना जी की सफाई हो, इन लक्ष्यों को लेकर दिल्ली सरकार लगातार काम काम कर रही है। सीएम ने कहा कि कुछ लोग दिल्ली सरकार के कामकाज को लेकर सकते में हैं। ये लोग सकपकाए हुए हैं कि इस सरकार के 100 दिन भी पूरे नहीं हुए और उसके इतने सारे काम चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग एक षडयंत्र के तहत सोशल मीडिया पर डेमोलेशन लिस्टें जारी कर रहे हैं कि दिल्ली में झुग्गी तोड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार वह स्पष्ट करना चाहती हैं कि दिल्ली की एक भी झुग्गी या झुग्गी बस्ती तोड़ी नहीं जाएगी। हमने तो इनके विकास के लिए 700 करोड़ रुपये का बजट रखा हैं। ताकि झुग्गियों में गली, नाली, खड़ंजा, शौचालय, स्नानघर और बच्चों के लिए पार्क बनें। हमारी सरकार का झुग्गी वालों से वादा है कि जब तक उन्हें पक्के मकान की सुविधा नहीं मिलती, तब तक वे पूरी सुविधाओं के साथ सुरक्षित अपनी झुग्गी में रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने झुग्गीवालों को शौचालय की भी सुविधाएं नहीं दी। वहां का जीवन नारकीय था। हम उन्हें सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार षडयंत्र करने वाले सुन लें कि अब यह सरकार रुकने वाली नहीं है।

हर घर को पानी, उनको बेहतर सुविधाएं, मजबूत सड़कें, साफ पर्यावरण और यमुना की सफाई हमारा लक्ष्य है और इस लक्ष्य पर हम काम कर रहे हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेंद्र सिंह, पुत्र कन्हैया सिंह, निवासी कोठा नंबर 5274, एस.एन. मार्ग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली** ने **FIR No. 91/2025, U/s 309(4)/317(2)/3(5) BNS, पुलिस थाना कमला मार्केट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुरेंद्र सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुरेंद्र सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना कमला मार्केट, दिल्ली** के अभियुक्त **सुरेंद्र सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी – 08**
**कक्ष संख्या 272**
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/6524/CD/2025**

# दिल्ली की सड़कों पर जल्द नजर नहीं आयेंगे निराश्रित गौवंश : कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ विकास मंत्री ने किया मॉडल टाउन क्षेत्र का दौरा

हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर घूमता न नजर आए। यह बात दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने सोमवार को मॉडल टाउन क्षेत्र का दौरा करने के बाद कही। इस दौरान मंत्री ने गौशालाओं के विकास एवं गौवंश के पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण सुझाव और मांगे मंत्री के समक्ष रखी गईं। बैठक में गौशालाओं के संचालन एवं रखरखाव के लिए भूमि पट्टे (लीज) की अवधि बढ़ाने का और गौशालाओं को दिए जाने वाले चारे हेतु 20 रुपए प्रति गौवंश की दर को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार वृद्धि करने का अनुरोध किया। मंत्री के समक्ष गौशाला संचालकों ने गाय के उत्पादों जैसे दूध, घी, पनीर के साथ ही उपले आदि की बिक्री की अनुमति देने का भी सुझाव दिया ताकि गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकें। मौजूदा समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गौशाला संचालकों ने सरकार को गोशालाओं से जुड़े नियमों में भी संशोधन करने की सिफारिश की। निराश्रित गौवंश के पुनर्वास के संबंध में मंत्री कपिल मिश्रा को दिल्ली सरकार के पशुपालन निदेशक ने अवगत कराया कि गौवंश के पुनर्वास का कार्य वर्तमान में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा किया जा रहा है।

## बिजली की मांग में बड़ी गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** शनिवार - रविवार रात हुई झमाझम बारिश का असर सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग में री गिरावट के रूप में नजर आया। मौसम के बड़े बदलाव के चलते सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग में 953 मेगावाट की भारी गिरावट दर्ज हुई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार जहां रविवार को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा 6796 मेगावाट दर्ज हुई थी। वहीं कार्यदिवस होने के बावजूद सोमवार को बिजली की मांग लुढ़कर महज 5843 मेगावाट रह गई। आंकड़ों की तुलना करें तो केवल 24 घंटे में ही बिजली की अधिकतम मांग में 953 मेगावाट की कमी देखने को मिली। मई 2025 के महीने में यह दूसरा अवसर है जब बिजली की मांग में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इससे पहले 22 मई 2025 को बिजली की मांग में ऐतिहासिक गिरावट 1560 मेगावाट दर्ज की गई थी। यह मौका है जब एक ही महीने में बिजली की मांग में भारी गिरावट दर्ज हुई है। इस बारे में बिजली आपूर्ति निजी कंपनियों टाटा पावर डीडीएल व बीएसईएस का कहना है कि यह सीधा सीधा मौसम में आए बहुत बड़े फेरबदल के चलते मांग में एक हजार मेगावाट या इससे अधिक की गिरावट देखने को मिली है।

# यशपाल फिर चुने गए अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (एबीवीवीएस) के पश्चिम विहार स्थित महाराजा अग्रसेन भवन (ज्वालाहेडी मार्केट) में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा की बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अलावा अलग-अलग राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने शिरकत की।

बैठक में विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अगले चुनाव कराने की घोषणा की और राष्ट्रीय कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने अपने तीन साल के कार्यकाल का आम सभा के समक्ष लेखा-जोखा भी पेश किया। इसके बाद हरवीर पांचाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर प्रक्रिया शुरू की गई। राज्यों के अध्यक्षों की तरफ से यशपाल पांचाल के नाम के प्रस्ताव का समर्थन करने पर चुनाव अधिकारी ने उनको निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। उनका अगला कार्यकाल 3 साल के लिए रहेगा। इसके बाद उनको नए अध्यक्ष के रूप में प्रमाण पत्र भी सौंपा गया।

इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास पांचाल (रामू पांचाल) की टीम के पदाधिकारी जयपाल पांचाल, लोकेश पांचाल, प्रदीप पांचाल, भूपेन्द्र पांचाल, जागेराम पांचाल ने भी विशेष रूप से उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

## भाजपा सरकार की ढुलमुल कार्यशैली दिल्ली को जलभराव की त्रासदी से नहीं बचा सकती: यादव

**नई दिल्ली।** मानसून से पहले हो रही बारिश में दिल्ली के जलमग्न होने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार की ढुलमुल कार्यशैली आने वाले मानसून में दिल्ली को जलभराव से होने वाली त्रासदी से बचा नहीं सकती। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार की आधी अधूरी तैयारियों का सच क्या है उसे मानसून पूर्व बारिश में पूरी तरह डूबी दिल्ली की जनता बार बार देख रही है। रेखा सरकार के सभी दावों की पोल खुल चुकी है। उन्होंने कहा कि जलभराव से निपटने की आधी अधूरी तैयारियों का पूरा सच बारिश के पानी के साथ सड़कों पर बह रहा है। भाजपा सरकार की निष्क्रियता और खोखले दावों के कारण दिल्ली में जल भराव के कारण आपातकाल की स्थिति बन रही है। नालों और नालियों से गाद निकालने की 31 मई तक की डेडलाइन पर भाजपा की चार इंजनों वाली सरकार पूरी तरह विफल साबित हो गई है। यादव ने कहा कि एयरपोर्ट रोड़, मिंटो ब्रिज, धौला कुंआ, आईटीओ, कनॉट प्लेस, रोहतक रोड़, दिल्ली कैंट, तिमारपुर, चाणक्यपुरी, सुब्रतो पार्क, सफदरजंग, नानक पुरा, बाहरी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, उत्तर पूर्वी व उत्तर पश्चिमी दिल्ली में जलभराव की त्रासदी देखी गई। रात की बारिश के बाद सुबह तक सड़कों पर पानी की निकासी ही नही हो पाई, जिसके कारण दिल्ली में घंटो भारी ट्रेफिक जाम रहा और वाहन पानी में डूबे रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
**पंजीकृत कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा–390007
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 06 जून 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962007257 | महा वीर |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362004935 | विकाश विकाश |
| शाखा का नाम : अम्बाला – अनाज मण्डी | |
| 432962000560 | अमरीक सिंह |
| शाखा का नाम : बाबियां | |
| 215362002419 | पालो देवी |
| शाखा का नाम : भुना | |
| 383262002147 | राहुल राहुल |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |
| 359462003239 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-7, बल्लभगढ़ | |
| 107905003259 | गौरव मल्होत्रा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – गोल्ड सौक | |
| 245062001407 | कपिल देव मिश्रा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सैक्टर-86 | |
| 489562000027 | अनु अरोड़ा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – स्पेज पलाजो सेक्टर-69 | |
| 244662001355 | बॉड्डी प्रशांथ कुमार |
| 244662001359 | अशफाक खान |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085862002046 | दीपक कौशिक |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ | |
| 017705013909 | हरवीन घई |
| 017762013967 | हरवीन घई |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-15 | |
| 103162005598 | चेतन कुमार जैन |
| शाखा का नाम : हांसी | |
| 184462004741 | सत्यवान सत्यवान |
| 184462004750 | महेन्द्र महेन्द्र |
| शाखा का नाम : हिसार | |
| 017205008503 | राकेश सेठी |
| शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा | |
| 356562000280 | सर्वजीत सर्वजीत |
| शाखा का नाम : जीन्द | |
| 050362004184 | दलबीर सिंह |
| शाखा का नाम : करनाल | |
| 017362006751 | नवीन कुमार |
| शाखा का नाम : कुण्डली – सैक्टर-62 | |
| 373462000696 | शिब्बु कुमारी |
| 373462000697 | शिब्बु कुमारी |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562001665 | प्रवीन कुमार |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862007005 | धन्ना राम |
| शाखा का नाम : मानेसर | |
| 661805601364 | दिनेश शर्मा |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062002606 | मि. गोविन्द |
| शाखा का नाम : पेहोवा | |
| 073062005391 | जसविन्दर सिंह |
| शाखा का नाम : रादौर | |
| 397662001044 | प्रिंस कुमार |
| 397662001106 | प्रिंस कुमार |
| 397662001448 | सुरजीत Xx |
| शाखा का नाम : रोहतक | |
| 016862006039 | रिशव मन्हास |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073262003186 | अमित अमित |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162004253 | यौगेश कुमार |
| शाखा का नाम : सोनीपत | |
| 030262003705 | संजय |
| शाखा का नाम : तोशाम | |
| 419062000763 | राजेश राजेश |
| शाखा का नाम : चण्डीगढ़ – औद्योगिक क्षेत्र फेज-II | |
| 484562000068 | सुनील कुमार |
| शाखा का नाम : दिल्ली – द्वारका सेक्टर-3 | |
| 539305000037 | कुलभूषण सूद |

दिनांक : 27.05.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, फतेहाबाद, फरीदाबाद, यमुनानगर, जीन्द, अम्बाला, कुरुक्षेत्र, भिवानी, महेन्द्रगढ़

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | आरडी 41.00 से 46.00, आरडी 63.70 से 65.45, आरडी 65.45 से 69.50 और आरडी 81.95 से 83.25 (रोड आईडी-5467, 5546 और 5534) तक फतेहाबाद जिले में बुढलाडा -रतिया-फतेहाबाद-भट्टू-भादरा रोड राजस्थान बॉर्डर तक (एसएच-21) किमी. 32.00 से किमी. 97.51 के सेंट्रल वर्ज में पौधारोपण कार्य का विकास। | 23.05.2025 02.06.2025 | 12.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिला (6886) (एसएच) (पुण्डरी निर्वाचन क्षेत्र) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) में कुंजपुरा करनाल कैथल खनौरी रोड (कि.मी. 42.00-54.70) एसएच नं. 8 के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सड़कों का अपग्रेडेशन। | बंद होने की तिथि 13.06.2025 | 1872.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में लाडवा निर्वाचन क्षेत्र के तहत रोड आईडी 7890 और 8078 के तहत कि.मी. 27.80 से 55.00 (डीएलपी के तहत आरडी किमी 30.12 से 32.82, 33.22 से 33.72, 33.72 से 34.70, 41.00 से 43.10 और 45.50 से 55.00 को छोड़कर) (एसएच-07) पर करनाल-रम्बा-इंद्री-लाडवा-शाहाबाद से रोड का सुधार। | 23.05.2025 13.06.2025 | 596.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सोनीपत | एमएनएसएस राई में स्वीमिंग पूल की विशेष मरम्मत। | 23.05.2025 30.05.2025 | 56.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में माइनिंग एरिया राई निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न सड़कों का हैवी पैच वर्क। | 23.05.2025 30.05.2025 | 16.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | 21.42-गांव लकड़िया, खण्ड बेरी में एनएच 71 से आनंद तक खेत रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 22.05.2025 28.05.2025 | 35.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | इन्द्री – गांव बियाना में महिला विकास केन्द्र के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन सीएम घोषणा 27579 + 1 कार्य। | 23.05.2025 13.06.2025 | 45.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव कुटैल में कल्याणी चौपाल को पूरा करना + 3 कार्य। | 21.05.2025 09.06.2025 | 33.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज हिसार | राजली, बरवाला, जांगड़ा चौपाल का निर्माण (एमपी)। | 23.05.2025 05.06.2025 | 6.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 10 | जिला परिषद पलवल | खाम्बी से डकोरा तक सम्पर्क सड़क को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (आईडी-774) + 1 कार्य। | 23.05.2025 30.05.2025 | 403 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 prexeengzppwl@gmail.com |
| 11 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के विभिन्न डिपो में अगले एक वर्ष हेतु ऑयल, लुब्रिकेंट्स, रेडियेटर कूलेंट्स और ग्रीसेज की खरीद के लिए निविदा सूचना। | 03.06.2025 23.06.2025 | 4.85 करोड़ | http://wwwhartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के डिपो और सब-डिपो में अगले एक वर्ष हेतु आईबीसी मॉडल के माध्यम से डीजल एग्जॉस्ट फ्ल्यूइड (एक्वेअस यूरिया सोल्यूशन) की खरीद के लिए निविदा सूचना। | 03.06.2025 23.06.2025 | 16.20 करोड़ | http://wwwhartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/240/35113/I/88/7 दि. 26.05.25

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक

# जिला विकास समिति की बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अब से जिला विकास समिति की सभी बैठकों में संबंधित विभागों के नामित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। जो अधिकारी बिना वैध और ठोस कारण के इन बैठकों में अनुपस्थित पाया जाएगा, उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी जिलाधिकारियों को एक बैठक में दिए हैं। बैठक में सीएम ने कहा कि अब समय आ गया है कि प्रशासनिक कार्यशैली में लापरवाही और टालमटोल की प्रवृत्ति को समाप्त किया जाए। जनता की सेवा सर्वोपरि है, और इसके लिए पूरी प्रशासनिक मशीनरी को संवेदनशील, तत्पर और जवाबदेह बनना होगा।

गौरतलब है कि दिल्ली में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा करना और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सचिवालय में जिला विकास समिति के सभी अध्यक्षों और प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें और जनता से संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि डीएम कार्यालय सरकार का महत्वपूर्ण कार्यालय है, जहां अधिकतम जनता से संबंधित कार्य किये जाते है। विकास का असली मूल्यांकन जनता के संतोष से होता है, इसलिए पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जिला विकास समिति के अध्यक्षों को सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने का निर्देश दिए ताकि वह जनता की समस्या को सही तरीके से सुनवाई कर सके। बैठक के दौरान सभी नए अध्यक्षों ने अपने विचार साझा किये और आगे की विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की रही है।



### पिछली सरकारों के दौरान जन शिकायतों को लेकर रही भारी लापरवाही

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछली सरकारों के दौरान जन शिकायतों को लेकर भारी लापरवाही रही। न तो लोगों की समस्याएं सरकार तक पहुंचती थीं, और अगर पहुंच भी जाती थीं, तो उनका समाधान नहीं होता था। लेकिन वर्तमान सरकार इस दिशा में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। पिछली सरकार के कार्यकाल में राजस्व कार्यालयों को उपेक्षित रखा गया, न तो आवश्यक बुनियादी सुविधाएं प्रदान की गईं और न ही नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई। लेकिन अब ऐसी किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### दिल्ली के सभी जिलों में मिनी सचिवालय स्थापित किए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने सोमवार को ऐलान किया कि दिल्ली के सभी जिलों में 'मिनी सचिवालय' स्थापित किए जाएंगे, ताकि जनता को राजस्व, पब्लिक ग्रिवांस, रजिस्ट्री, प्रमाण पत्र, लाइसेंस जैसी सेवाएं एक ही परिसर में सरलता से मिल सकें। उन्होंने सभी डीएम को इन मिनी सचिवालयों की स्थापना के लिए आवश्यक भूमि चिन्हित करने और प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि यह मिनी सचिवालय स्थानीय स्तर पर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सेवाओं की सुगमता के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होंगे।

### सीएम ने 'शिकायत एवं सुझाव पेटी' लगाने के दिए निर्देश

सीएम रेखा गुप्ता ने जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दिल्ली के सभी डीएम, एसडीएम और सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में 'शिकायत एवं सुझाव पेटी'लगाने के निर्देश दिए हैं। नागरिक इन बॉक्सेस में अपनी शिकायतें लिखकर डाल सकते हैं। इन शिकायत पेटियों में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निरीक्षण और मूल्यांकन सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किया जाएगा, ताकि किसी भी शिकायत की अनदेखी न हो और प्रत्येक मुद्दे पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आम नागरिक को सरकार के हर स्तर पर सुविधा और त्वरित समाधान मिले। हम प्रशासन को पारदर्शी, उत्तरदायी और संवेदनशील बनाने के लिए पूर्णतः कार्यरत हैं।

## खबर संक्षेप

### कोरोना के मरीजों की संख्या 104 हुई, घबराने की जरूरत नहीं : सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोविड-19 संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 104 हो गई है। हालांकि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है और अगर मामले बढ़ते हैं तो अस्पतालों में पूरी व्यवस्थाएं हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि पिछले सप्ताह 24 मरीज संक्रमण से उबर चुके हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के 'कोविड-19 डैशबोर्ड' के अनुसार, पिछले सप्ताह उपचाराधीन मरीजों की संख्या 99 थी। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने आंकड़ों की पुष्टि की और कहा कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन अधिकारी किसी भी संभावित स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में हाल के हफ्तों में कोविड से संबंधित किसी भी मौत की सूचना नहीं है।

### कोरोना को लेकर एलजी ने आज बुलाई बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली सहित पूरे देश में एक बार फिर कोरोना महामारी के मामले बढ़ने से लोग परेशान है, जबकि सरकार अलर्ट मोड पर है। केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सोमवार सुबह तक दिल्ली में कोरोना के 104 मामले थे। ऐसे में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों को लेकर मंगलवार को एक जरूरी बैठक बुलाई है। खबर है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह, स्वास्थ्य सचिव सहित विभिन्न अन्य संबंधित आला अधिकारी मौजूद होंगे। जानकारी अनुसार दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों पर व केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार उपराज्यपाल पूरी तरह सजग है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर निर्देश जारी किए जा चुके है।

### एबीवीपी ने डीयू में राहुल गांधी के विरोध में निकाली 'छात्रा सम्मान यात्रा'

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में राहुल गांधी के अनधिकृत आगमन, आदि विषयों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ 'छात्रा सम्मान यात्रा' निकाली एवं दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) कार्यालय के समक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया। यह यात्रा किरोड़ीमल महाविद्यालय से आरंभ होकर डूसू कार्यालय तक पहुँची, जहां एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। डूसू सचिव मित्रविंदा कर्णवाल ने कह कि 22 मई की घटना मेरे लिए व्यक्तिगत नहीं, बल्कि प्रत्येक छात्रा के स्वाभिमान का विषय है। एक निर्वाचित प्रतिनिधि होने के बावजूद मेरे साथ किया गया व्यवहार लोकतंत्र पर सीधा आघात है। यह घटना कांग्रेस एवं एनएसयूआई की उस मानसिकता को उजागर करती है, जिसमें महिला नेतृत्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान नहीं है।

## ज्वलनशील पदार्थ की बोतल लेकर एमएस के पास पहुंचे पूर्व कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल नर्सिंग अर्दली भर्ती मामला

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में नर्सिंग अर्दली (एनओ) भर्ती मामले में अस्पताल से निकाले गए पूर्व कर्मचारी सोमवार को अपनी मांग लेकर चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) के कार्यालय पहुंचे लेकिन चिकित्सा अधीक्षक ने मिलने से जब मना किया तो कर्मचारी ने ज्वलनशील पदार्थ की बोतल निकाल ली और आत्मदाह की बात कही तब हरकत में आए एमएस कार्यालय में मौजूद कुछ अधिकारियों ने इन कर्मियों की बात सुनी। कर्मियों ने बताया कि इस दौरान कर्मियों ने हाई कोर्ट का आदेश भी दिखाया और तब जाकर इन कर्मियों को एक सप्ताह का आश्वासन दिया गया है। हटाए गए इन कर्मियों ने बताया कि एक मई 2025 को नई कंपनी को ठेका मिला तो कंपनी ने सिर्फ उन्हीं पुराने एनओ को नौकरी पर रखा जिन्होंने ठेका कंपनी की मांग पूरी की। कर्मियों को आरोप है कि इसके बार इन्होंने एमएस से मिलने के लिए अनेकों प्रयास किए लेकिन इन्हें मिलने नहीं दिया गया।

## हर घर तक सुविधाएं पहुंचाना दिल्ली सरकार का संकल्पः रेखा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री ने हैदरपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का किया उद्घाटन

दिल्ली सरकार 'विकसित दिल्ली' के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र बस्ती और मोहल्ले की हर गली का विकास कराने और दिल्ली के हर घर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना दिल्ली सरकार का संकल्प है। यह बात सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा के हैदरपुर क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं के लोकार्पण के दौरान कही। हैदरपुर के आयुर्वेदिक अस्पताल के सामने सोमवार को आयोजित किए गए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि हैदरपुर क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। इसमें प्रमुख रूप से नई सीवर लाइनों का शिलान्यास शामिल है, जिनमें हैदरपुर बस स्टैंड से मेन रोड होते हुए हैदरपुर गांव तक, मेरठ वाली गली, अंबेडकर कॉलोनी गली नंबर 4, सहीपुर गांव, और आयुर्वेदिक हॉस्पिटल से शालीमार गांव चौक तक किया गया है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेदिक झुग्गी क्षेत्र में लंबे समय से सीवर लाइन की समस्या बनी हुई थी लेकिन अब इस क्षेत्र को मुख्य सीवर नेटवर्क से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे स्थानीय लोगों को जलभराव और गंदगी जैसी वर्षों पुरानी समस्याओं से राहत मिलेगी। इसके अलावा, हैदरपुर गांव की मुख्य प्रवेश मार्ग, चौधरी मेहर चंद्र मार्ग पर हर वर्ष बारिश के समय जलभराव की समस्या को देखते हुए 58 लाख रुपये की लागत से नई नाली का निर्माण शुरू किया गया है, जिससे उम्मीद है कि इस बार पानी जमा नहीं होगा।

# दिल्ली भाजपा के 14 जिला अध्यक्षों की घोषणा, पहली बार दो महिलाओं को भी सौंपी गई कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- विनोद सहरावत को उत्तर पश्चिम जिला और अजय खटाना को केशवपुरम जिला की जिम्मेदारी
- वीरेन्द्र बब्बर को करोल बाग, रविन्द्र चौधरी को नई दिल्ली, रामचंद्र चावरिया को बाहरी दिल्ली जिला का अध्यक्ष बनाया


विनोद सहरावत | अजय खटाना | रामचंद्र चावरिया | माया बिष्ट | वीरेंद्र बब्बर

दिल्ली प्रदेश भाजपा के सभी 14 जिलों के अध्यक्षों की घोषणा सोमवार को कर दी गई। नई टीम में पहली बार दो जिलों की कमान महिलाओं को सौंपी गई है। राज शर्मा गौतम को नजफगढ़ तथा माया बिष्ट को दक्षिणी दिल्ली जिला की अध्यक्ष बनाया गया है। विनोद सहरावत को उत्तर पश्चिम जिला, अजय खटाना को केशवपुरम जिला, अरविंद गर्ग को चांदनी चौक जिला, डॉ यू के चौधरी को उत्तर पूर्व जिला, मास्टर बिनोद कुमार को नवीन शाहदरा जिला, विजेन्द्र धामा को मयूर विहार जिला, दीपक गाबा को शाहदरा जिला, वीरेन्द्र बब्बर को करोल बाग जिला, रविन्द्र चौधरी को नई दिल्ली जिला, रामचंद्र चावरिया को बाहरी दिल्ली जिला, चन्द्रपाल बक्शी को पश्चिम दिल्ली और रविन्द्र सोलंकी को महरौली जिला की कमान सौंपी गई है।

दिल्ली भाजपा के संगठन चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नागपाल ने सोमवार को दिल्ली के सभी 14 नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश परिषद के लिए 105 नवनिर्वाचित सदस्यों के नामों की घोषणा की है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि इससे संगठन को मजबूती और सरकार की नीतियों में जनभागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। सोमवार को घोषित जिला अध्यक्षों में विजेन्द्र धामा मयूर विहार, दीपक गाबा शाहदरा एवं चन्द्रपाल बक्शी पश्चिमी दिल्ली से वर्तमान में भी जिला अध्यक्ष हैं। पहली बार नई टीम में दो महिला जिला अध्यक्ष राज शर्मा गौतम नजफगढ़ एवं माया बिष्ट दक्षिणी दिल्ली निर्वाचित हुई हैं।

प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार चार नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अरविन्द गर्ग चांदनी चौक, विनोद सहरावत उत्तर पश्चिमी, वीरेन्द्र बब्बर करोल बाग एवं मास्टर बिनोद कुमार नवीन शाहदरा पूर्व में भी इन्हीं जिलों के अध्यक्ष रह चुके हैं। 105 प्रदेश परिषद् सदस्यों में विधायक पवन शर्मा, कपिल मिश्रा, कैलाश गहलोत, करतार सिंह तंवर, प्रद्युम्न राजपूत, संदीप सहरावत, राजकुमार चौहान, नीरज बैसोया, अनिल शर्मा, राजकुमार भाटिया, तिलक राम गुप्ता, पूनम भारद्वाज, जितेन्द्र महाजन, कुलवंत राणा, श्याम शर्मा, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी और पूर्व महापौर सुभाष आर्य प्रमुख हैं।

### 'दिल्ली इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन-2025' का होगा आयोजन : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली में इसी साल जुलाई और अगस्त महीने में दिल्ली इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन-2025' का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को उद्योग विभाग एवं डीएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करने के बाद दी। सिरसा ने बताया कि दिल्ली सरकार का उद्योग विभाग एवं डीएसआईआईडीसी मिलकर राजधानी के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से इसे आयोजित करेगा। यह फ्लैगशिप इनिशिएटिव 'दिल्ली इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन 2025' राजधानी के युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने और औद्योगिक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान तलाशने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इसमें देशभर के 30 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों की 120 से अधिक छात्रों की टीमें भाग लेंगी। दो दिवसीय नवाचार आइडियाथॉन सैकड़ों प्रतिभाशाली छात्रों को एकजुट कर इनोवेशन की दिशा में एकजूट प्रयासों को प्रेरित करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली हर टीम में 2 से 4 छात्र शामिल होंगे, जिसमें कम से कम एक महिला प्रतिभागी का होना अनिवार्य है। टीमों को बहुविषयक (मल्टी-डिसिप्लिनरी) समूहों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि विचारों की विविधता और समाधान की व्यापकता सुनिश्चित हो सके।

## बकौली गांव में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करके हुए थे कई प्रदर्शन
- पिछले कुछ सालों में कई लोग हो चुके हैं सड़क दुर्घटना का शिकार

सरकार से कोई विकास कार्य कराना आसान नहीं होता है लेकिन जब लोग ठान लेते है तो सरकार को भी झुकना पड़ता ही है। बता दें कि दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 स्थित बकौली गांव में ग्रामीणों ने फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) की मांग को लेकर बार-बार प्रदर्शन किए और इसके सामने आखिरकार सरकार को झुकना ही पड़ा। बता दें कि हाल ही में यहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर एफओबी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और ग्रामीणों ने जल्द ही इस कार्य के पूरा होने की उम्मीद जताई है।

सरकार से एफओबी की लगातार मांग करने वाले ग्रामीण जयसिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पैदल पार करने के दौरान बड़ी तादाद में लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन सरकार ने फुटओवर ब्रिज निर्माण की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। इसके साथ ही केंद्र सरकार की यूईआर-2 योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य ने और भी दिक्कतें कर दी थी। इस दौरान यहां सड़क पार करने के दौरान कई दर्जन लोग और स्कूली बच्चों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना भी है और ग्रामीणों ने एफओबी के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर कई प्रदर्शनों का सहारा भी लेना पड़ा।

### ऐसा ही रहा तो और होंगी सड़क दुर्घटनाएं

वहीं, बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर दिल्ली के सिंघु बॉर्डर से दिल्ली की तरफ आते समय सिंघु गांव, टीकरी गांव और बुढ़पुर गांव में फुटओवर ब्रिज निर्माण की मांग ग्रामीणों ने क्षेत्रीय सांसद, विधायक और पार्षद से की है और ग्रामीणों ने कहा कि यदि यहां भी एफओबी का निर्माण नहीं हुआ तो सड़क दुर्घटनाएं हो सकती है।

### मंत्री ने अधिकारियों से एक हफ्ते में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

# नजफगढ़-नांगलोई रोड पर सफाई अभियान और सड़कों की मरम्मत का काम तेजी से किया जाए : पंकज कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नजफगढ़-नांगलोई रोड पर सफाई अभियान और सड़कों की मरम्मत का काम तेजी से किया जाए और विकासपुरी विधानसभा में हुए सभी विकास कार्यों की एक विस्तृत रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत की जाए। यह निर्देश सोमवार को दिल्ली के कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सचिवालय में हुई लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में दिए। कैबिनेट मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बैठक में विकासपुरी विधानसभा और आसपास के इलाके में चल रहे सभी तरह के विकास कार्यों और सफाई अभियान की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में विकास कार्यो से जुड़े संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़कों के हालात सुधारने, बरसात से पहले जलभराव की समस्याओं को हल करने और नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विशेष तौर पर जोर देने का सख्त निर्देश दिया। मंत्री ने अधिकारियों को सुपर सोकर मशीनों के जरिए सभी सीवर और नालों की साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही विकासपुरी इलाके में फुटपाथों की हालात सुधार कर नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने के भी निर्देश दिए हैं। मंत्री ने विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों को तत्काल गड्ढा मुक्त करने के लिए मरम्मत का काम तेज गति से चलाने पर भी बल दिया। मंत्री डॉ. सिंह ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को पूरे क्षेत्र में सड़कों पर लगे पुराने और क्षतिग्रस्त साइन बोर्डों की पहचान कर तुरंत ठीक कराने के भी निर्देश दिए, ताकि ट्रैफिक प्रबंधन के साथ ही नागरिकों की सुरक्षा और बेहतर की जा सके।

## चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कनॉट प्लेस स्थित रघुमल आर्य कन्या विद्यालय में आर्य वीरांगना दल, दिल्ली प्रदेश की ओर से आर्य नेता ठाकुर विक्रम सिंह की अध्यक्षता में चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा शिविर का आयोजन हुआ। संचालिका शारदा आर्या के अनुसार दिल्ली की विभिन्न बस्तियों की सौ वीरांगनाओं ने लाठी, तलवार, जूडो-कराटे, संगीत कलाओं का प्रशिक्षण लिया। व्यायाम प्रदर्शन के दौरान आर्य नेत्री वीणा आर्य, ज्योति सहगल, संध्या बजाज, रशिम वर्मा ने देश, धर्म, समाज व आत्मरक्षा की प्रतिज्ञाएं कराई। प्रांतीय मंत्री विभा आर्य ने दीक्षांत समारोह में नवयुवतियों को वीरांगना बनने के गुण सिखाए। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा हो या स्वास्थ्य सुविधाएं हर मोर्चे पर महिला शक्ति आगे है।

आर्य वीरांगना साप्ताहिक शिविर की सफलता में विद्यालय की प्राचार्य किरण तलवार, प्रबंधक संजय आर्य, आर्य वीर दल के दिल्ली सचिव बृहस्पति आर्य, कौशल्या आर्या, हर्ष आर्या, विजय रानी, डॉक्टर लिपिका आर्या, अंजली आर्या का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



**फरीदाबाद।** नगर निगम की वार्ड बंदी से नाराज सफाई कर्मचारियों ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के झाड़ू प्रदर्शन करते हुए रोष मार्च निकाला। सोमवार को झाड़ू प्रदर्शन का नेतृत्व सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने की। कर्मचारी यूनियन ने मंत्री विपुल गोयल की अनुपस्थिति में एक ज्ञापन उनके कार्यालय सचिव डॉ. कुलदीप जयसिंह को सौंपा।

### 292 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने आरोपी महिला शबनम को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 मई को क्राइम ब्रांच सेक्टर.56 की टीम गस्त पर थी। गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से द्वारा गांजा बेचने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शबनम वासी गांव बसुन्दाए गुरुग्राम फरीदाबाद को 292 ग्राम गांजा सहित आशियाना फ्लैट सेक्टर-56 फरीदाबाद के पास से गिरफ्तार किया है।

### ठगी के मामले में बैंककर्मी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** करीब 14 लाख रुपए की ठगी के मामले में साईबर थाना



पुलिस की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाला बैंक कर्मचारी को गिरफ्तार किया हैं। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-3 फरीदाबाद निवासी ने साइबर थाना बल्लभगढ़ ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके फोन पर घर पर बैठे पैसे कमाने का व्हाट्सएप मैसेज आया। जिसमें उसे बताया गया कि उसको गुगल मेप पर रिव्यू करके स्क्रीनशॉट शेयर करना जिसके बदले में उसे 50 रुपए मिलेगे।


# गाजियाबादः मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित

**717 किलोवाट पीक (केडब्ल्यूपी) की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी है**

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

सौर ऊर्जा उत्पादन से 'क्लीन और ग्रीन एनर्जी' के उपयोग को बढ़ावा देते हुए एनसीआरटीसी ने मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित किया है। यह एनसीआरटीसी के स्टेशनों, डिपो और सब-स्टेशनों को सौर ऊर्जा उत्पादन के केंद्रों में बदलने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो इस सिस्टम के कार्बन फुटप्रिंट्स को काफी कम करता है। अगले महीने शताब्दीनगर से मोदीपुरम तक दौड़ेगी नमो भारत ट्रेन।

**जल्द ही शताब्दीनगर से मोदीपुरम तक दौड़ेगी नमो भारत**



### प्रत्येक पैनल की कैपेसिटी 550 वाटपीक है

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि वर्तमान में नमो भारत कॉरिडोर के साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई नमो भारत स्टेशन एवं दुहाई डिपो स्टेशन और डिपो बिल्डिंग के अलावा गाजियाबाद और मुरादनगर आरएसएस पर सोलर पावर प्लांट पहले से स्थापित हैं। अब इस कड़ी में मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन स्टेशन भी जुड़ गया है। मेरठ साउथ स्टेशन की छत पर लगे संयंत्र की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 717 किलोवाट पीक (केडब्ल्यूपी) है। उन्होंने बताया कि मेरठ साउथ स्टेशन की छत पर 1304 सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक पैनल की कैपेसिटी 550 वाटपीक है। यह ऊर्जा संयंत्र अनुमानित तौर पर प्रति वर्ष लगभग 8,15,000 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करेगा। मेरठ साउथ स्टेशन के सोलर प्लांट से अनुमानित तौर पर सालाना 750 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है।

### प्रगति हासिल

एनसीआरटीसी ने दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को अपनाते हुए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। इस प्रक्रिया में स्टेशनों, डिपो और रिसीविंग सब-स्टेशनों की छतों पर सौर पैनल स्थापित किए गए हैं। दिल्ली-मेरठ के बीच 82 किमी लंबे सम्पूर्ण नमो भारत कॉरिडोर पर इससे 11 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन करने का लक्ष्य है, जिससे सालाना 11,500 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है।

**स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मशाल यात्रा निकाली गई**

# फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति ने निकाली आठवीं विशाल मशाल यात्रा

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा आठवीं विशाल मशाल यात्रा नीलम-बाट रोड़ स्थित एलआईसी भवन से शुरू होकर बाटा चौक तक निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा द्वारा किया गया व यात्रा की अध्यक्षता दीन दयाल गौतम ने की।

मशाल यात्रा में शामिल उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए चोपड़ा ने बताया कि वह तथा संघर्ष समिति की टीम पिछले 176 दिनों से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए धरना दे रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी संजय भाटिया व उनकी टीम के सदस्यों के नेतृत्व में धरना शांति पूर्वक चल रहा है।



हां केवल सिविल अस्पताल फरीदाबाद में आईसीयू सेवाओं को शुरू किया गया है यह सेवा तो दो साल पहले शुरू हो चुकी थी लेकिन सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की अभाव में बंद पड़ी थी।

### अभी तक सरकार ने सिर्फ घोषणाएं की है

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से मांग की है कि जब तक फरीदाबाद में ए ग्रेड का ट्रोमा सेंटर व अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज छायंसा में ओटी आईसीयू सेवाओं को शुरू नही किया जाता जब कि धरना जारी रहेगा। अभी तक सरकार ने सिर्फ घोषणाए ही कि है जैसे सिविल अस्पताल में आईसीयू ट्रोमा केयर सेंटर निर्माण, 4 सीएचसी मे ट्रोमा फैसलिटी देना सिविल अस्पताल फरीदाबाद में 200 बेड के मातृ व शिशु अस्पताल का निर्माण करना मगर 6 महीने में वह घोषणाए जमीन पर नही उतरी।

### निजी अस्पताल के दलालों को रोकें

समिति ने कहा कि कोरोना जैसी बीमारी फैलनी शुरू हो चुकी है लेकिन स्थिति यह है कि मैंटेन्स के अभाव मे करोड़ो के उपकरण जैसे ऑक्सीजन प्लांट, डिजिटल एक्सरे, मशीन वेंटिलेटर खराब है। साथ ही निजी अस्पताल के दलालों को सिविल अस्पताल में होने से तत्काल रोका जाए ताकि वह सिविल अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पताल में न ले जा सकें। वहीं सिविल अस्पताल का शव गृह का भी नवनिर्माण किया जाए। मशाल यात्रा में क्रमशः सरदार उपकार सिंह, वीरेन्द्र तंवर, सरदार प्रीतपाल, आशीष, प्रवासी नेता संतोष यादव, हरिदत्त शर्मा, राजकुमार, राज आदि।

**करो योग, रहो निरोग**

# पांच दिवसीय निःशुल्क ध्यान योग शिविर शुरू



एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार एवं पतंजलि किसान सेवा समिति फरीदाबाद के तत्वाधान में गांव अटाली स्थित राजकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय में पांच दिवसीय निःशुल्क ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का शुभारंभ पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला अध्यक्ष राजेश भाटी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी अजीत भाटी, संरक्षक इंद्रजीत, तहसील प्रभारी अजय शास्त्री, लहरी सैनी, गिरिराज सैनी, कर्मवीर, पंडित लख्मीचंद, चौधरी पूरण, पप्पू जांगड़ा, पंडित कुंदन, मदन, राजेंद्र शांडिल्य, सतीश पाराशर भी मौजूद थे। पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला अध्यक्ष राजेश भाटी ने कहा कि करो योग, रहो निरोग।

### योग से बीमारियों को दूर भगाया जा सकता है

उन्होंने कहा कि इस वर्ष 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। योग हमारी प्राचीन धरोहर है। योग के माध्यम से हम निरोग रह सकते है। हमें अपनी दिनचर्या में बदलाव करना चाहिए। प्रतिदिन योगाभ्यास करें। योग से बीमारियों को दूर भगाया जा सकता है। जिला प्रभारी अजीत भाटी, संरक्षक इंद्रजीत, तहसील प्रभारी अजय शास्त्री ने लोगों को योग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है। योग शास्त्रों के अनुसार योग का अभ्यास व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना के साथ जोड़ता है, जो मन और शरीर, मनुष्य और प्रकृति के बीच एक पूर्ण सामंजस्य बैठता है। योग के आठ अंग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के बारे में जानकारी दी गई।

# केन्द्र एवं राज्य सरकार की मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को होगी राष्ट्रव्यापी हड़तालः सीआईटीयू

**मजदूर-कर्मचारी हितों के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों के खिलाफ सीआईटीयू खड़ा करेगी बड़ा प्रतिरोध**

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

देश के मजदूरों के प्रमुख संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीआईटीयू) की राष्ट्रीय जरनल कौंसिल की मीटिंग सूरजकुंड में आयोजित की गई। केन्द्र सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर बनाए गए चार लेबर कोड्स को लागू करने सहित आक्रमक तरीके से लागू की जा रही जनविरोधी और मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की गई। मीटिंग में इन नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल करने का फैसला लिया गया। यह ऐलान करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.के. हेमलता ने दो टूक कहा कि सेंटर इंडियन ऑफ ट्रेड यूनियंस (सीआईटीयू) मजदूर-कर्मचारी हितों के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों के खिलाफ बड़ा प्रतिरोध खड़ा करेगी। महासचिव कामरेड तपन ने जरनल कौंसिल में केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और सांगठनिक एवं आंदोलनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सचिव सुदीप दत्ता ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव और इसके प्रभावों पर विशेष पेपर प्रस्तुत किया। स्वागत समिति के चेयरमैन एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने मीटिंग में आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया और 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व सफलता सुनिश्चित करने के लिए देशभर में संघनता के साथ अभियान चलाने का आह्वान किया।

**एसी नगर नाले की सफाई का कार्य तेज गति के साथ शुरू, लोगों को मिलेगी राहत**

# शहर के लगभग सभी नालों पर निगम की टीम कर रही है सफाई का कार्यः धीरेंद्र खड़गटा

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

**इंजीनियरिंग विभाग द्वारा काफी लंबे समय से जाम पड़े हुए एसी नगर नाले की सफाई का कार्य पोकलैंड मशीनों की सहायता से शुरू कर दिया गया है**

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा निर्देशों पर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा काफी लंबे समय से जाम पड़े हुए एसी नगर नाले की सफाई का कार्य पोकलैंड मशीनों की सहायता से शुरू कर दिया गया है। बता दे की कुछ दिन पहले ही निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने शहर के सभी नालों का निरीक्षण किया था और उसके बाद इंजीनियरिंग विभाग ने अलग-अलग स्थान पर नालों की सफाई के लिए मशीनों को भेज कर नालों की सफाई का कार्य शुरू कराया था। अब एसी नगर नाला जोकि नीलम पुल की तरफ से बाटा पुल की दिशा में है। निगम कमिश्नर द्वारा स्वयं इस नाले पर अधिकारियों के साथ पैदल घूमकर निरीक्षण किया था। उस समय नाले की हालत खराब देख सफाई के निर्देश दिए गए थे।



### बारिश से पहले सभी नालों की सफाई करा दी जाएगी

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने शहरवासियों से अपील की है कि लगातार बेमौसम की बरसात हो रही हैं और आगे मानसून आने वाला है इसलिए नालों में कचरा और पॉलीथिन न डालें, उन्होंने कहा कि कुछ लोग नालों में गोबर पॉलीथिन और अन्य का कचरा डालते हैं जिससे नालों में पानी का प्रवाह बाधित होता है और पूरे शहर को परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन शहर वासियों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है शहर के लगभग सभी नालों के ऊपर सफाई का कार्य चला हुआ है और मानसून की बारिश से पहले सभी नालों की सफाई करा दी जाएगी। उन्होंने आमजन से भी सहयोग की अपील की है। निगम कमिश्नर ने निगम के सेनिटेशन विभाग को भी दिशा निर्देश दिए हैं कि वह सफाई के कार्य को दुरुस्त रखें ताकि गंदगी के ढेर दिखाई ना दे और शहरवासी स्वच्छता का अनुभव करें।

**बड़खल क्रेशर जोन रोड पर सक्रिय रही जांच टीम**

# जिले में अवैध खनन पर कड़ा पहरा, प्रशासन की सतत निगरानी

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

गत रात्रि जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान के नेतृत्व में खनन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने बडड़खल क्रेशर जोन रोड से सटे क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने सक्रियता दिखाते हुए कई संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की और खनन गतिविधियों से जुड़े दस्तावेजों की भी पड़ताल की। जिला प्रशासन का यह कदम न केवल खनन माफियाओं को सख्त संदेश देता है, बल्कि खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी वाहनों के पास वैध ई-रवाना बिल पाए गए। उन्होंने यह भी बताया कि चेकिंग के दौरान किसी भी स्थान पर अवैध खनन की गतिविधि नहीं पाई गई है और यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन होता है, तो वे तुरंत आवश्यक कार्रवाई करेंगी। खनन विभाग की टीम राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और अन्य प्रमुख रास्तों पर लगातार सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में उन स्थानों पर जहां अवैध खनन की संभावना अधिक है, वहां पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके अंतर्गत जिले के विभिन्न इलाकों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं ।



### जमीनी विवादः हत्या मामले में कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद व जुर्माने की सजा

**गुरुग्राम।** जिला के पटौदी थाना क्षेत्र के गांव मंदपुरा निवासी एक युवक की जमीनी विवाद की रंजिश में गला घोंटकर हत्या करने के आरोपी को गुरुग्राम के एडिशनल सेशन जज की अदालत ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद व 25 हजार रुपए के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। मामला करीब 9 साल पुराना हे। इस संबंध में हेलीमंडी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। पांच जून 2016 को हेलीमंडी पुलिस चौकी को सूचना मिली कि मंदपुरा से मिर्जापुर के कच्चे रास्ते में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना के बाद हेलीमंडी चौकी पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव के पास मृतक का पिता मिला, लिखित शिकायत के माध्यम से बताया कि उसका बेटा विजय चार जून 2016 की शाम को अपनी बाइक से गया था और रात को भी घर नहीं आया। अगले दिन सुबह करीब 9 बजे उन्हें सूचना मिली कि विजय मृत अवस्था में गांव मंदपुरा से मिर्जापुर के कच्चे रास्ते में पड़ा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल (https://gem.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/6265166, Dated 24.05.2025 |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में दो वर्ष की अवधि के लिए विविध गतिविधियों के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | ₹ 47,17,880.56 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 94,360.00 |
| कार्य अवधि | 02 वर्ष |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 14.06.2025, 18:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक 24.05.2025 से प्रभावी है। |

सं.: 25.8.909.DSL.SSB दिनांक: 26.05.2025 1541/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित पुत्र मनोज पताः बी–27, एमसीडी फ्लैट ए–ब्लॉक नंद नगरी दिल्ली ने एफआईआर संख्या 587/2020 धारा 3/4/9/55 जी एक्ट के तहत** थानाः नंद नगरी दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 587/2020 धारा 3/4/9/55 जी एक्ट के तहत थाना नंद नगरी, दिल्ली के उक्त रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं.19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/6474/NE/2025


**मुख्य आरोपी समेत तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो घायल**

# फरार बदमाश की तलाश में दबिश देने गई पुलिस पर ग्रामीणों का हमला, सिपाही शहीद

**दोनों बदमाश पुलिस की गोली से घायल**

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र के नहर गांव में रविवार की आधी रात को एक फरार बदमाश को पकड़ने गई गौतम बुधनगर जिले के थाना फेस-2 की पुलिस टीम पर बदमाशों व ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले में बदमाशों की ओर से चली गोली गौतम बुद्ध नगर में तैनात सिपाही की मौत हो गई। इस घटना के बाद दोनों जिलों के पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। गांव में पुलिस भारी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है। पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर ही मुख्य आरोपी कादिर को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोपहर को दो अन्य आरोपी नन्हू व अब्दुल सलाम को दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों ही बदमाश पुलिस को गोली से घायल हो गए हैं।





### अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया

इस संबंध में दरोगा सचिन की ओर से मसूरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बाद में गाजियाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर बदमाश कादिर उर्फ उर्फ मेंटर को गिरफ्तार कर लिया। गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह,गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रविन्द्र गौड़, एडीसीपी कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी,डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी समेत उच्च पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का दौरा किया।

### घटना से मचा हड़कंप

दरअसल मसूरी थाना क्षेत्र के गांव नाहल निवासी कादिर उर्फ मेंटर गौतम बुध नगर के किसी आपराधिक मामले में वांछित चल रहा था। गौतमबुद्धनगर पुलिस की टीम कादिर को पकड़ने के लिए नाहल गांव में गई थी। पुलिस ने छापामार कर कादिर को पकड़ लिया और उसे अपने साथ ले जा रही थी। तभी पंचायत भवन के पास छिपे बदमाशों व ग्रामीणों ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दी और जमकर पथराव किया। जिसमें एक गोली पुलिस टीम में शामिल गौतम बुद्ध नगर के सिपाही सौरभ को लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस टीम तत्काल ही उसे नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल ले गई। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने बदमाशों की तलाश में छापा मार कार्रवाई शुरू कर की है। उधर घटना की जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण ) एसएन तिवारी ने बताया थाना मसूरी पर एक सूचना प्राप्त हुई कि थाना मसूरी के ग्राम नाहल में गौतमबुद्धनगर के एक आरक्षी सौरभ को गोली लग गई है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82(2)(ii) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राज गुप्ता पुत्रः शंकर गुप्ता, पताः** बी–3/128, रघुबीर नगर, ख्याला, दिल्ली, **FIR No. 356/2020, U/s 419/420/269/711 IPC,** थानाः ख्याला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 356/2020, U/s 419/420/269/711 IPC,** थानाः ख्याला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राज गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सुकृति सिंह,**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04 (प.)**
**कमरा नं. 268, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6569/WD/2025**
**(Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### ऑफिस में होमगार्ड ने फंदा लगाकर जान दी



**वाराणसी।** वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के कैंप ऑफिस में एक होमगार्ड ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर कैंट थाने की पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने होमगार्ड स्वास्थ्य संबंधी कारणों से परेशान रहता था। उसे सही से नींद नहीं आती थी चिड़चिड़ेपन का शिकार था। खुद को भूत-प्रेत से भी बाधित समझता था।

### 3 करोड़ के गांजा सहित एक तस्कर गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में पुलिस और एसओजी टीम ने तीन करोड़ का गांजा पकड़ा है। डीसीएम में घेरलू सामानों के बीच छिपाकर भारी मात्रा में गांजा रखा गया था। अवैध गांजा के साथ एक तस्कर भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस एसओजी टीम ने बलिया मोड़ के निकट से एक डीसीएम से दो टन गांजा पकड़ा। एसपी इलमारन ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया।

### आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोगों की मौत



**कानपुर।** कानपुर में घाटमपु कस्बे के बाहर मूसानगर रोड पर ब्लॉक कार्यालय के पास सोमवार को बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इसमें चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां दो घायलों ने दम तोड़ दिया। वहीं, दो गंभीर घायलों को उर्सला रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के राहा निवासी मुकेश (35) गांव के ही सुनील (50) के साथ बाइक से जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ब्लॉक कार्यालय के पास पहुंची।

# भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना ऐतिहासिक उपलब्धि : कैप्टन अभिमन्यु

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नीतिगत सुधार, डिजिटल परिवर्तन, बुनियादी ढांचे में निवेश, स्टार्टअप संस्कृति व उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने भारत के चौथी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने पर समस्त भारतवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज भारत एक नए आत्मविश्वास, नई ऊर्जा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ रहा है।

### जब देश एकजुट होकर आगे बढ़ता है, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं



कैप्टन अभिमन्यु ने सभी देशवासियों, विशेषकर युवाओं, किसानों, मजदूरों, उद्यमियों, वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया और आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक उपलब्धि को एक नई शुरुआत मानकर देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल भारत की आर्थिक शक्ति का प्रमाण है, बल्कि यह भारत की वैचारिक, सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक ताकत का भी प्रतीक है। यह दिखाता है कि जब देश एकजुट होकर आगे बढ़ता है, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश विकास के हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है।

### सामूहिक इच्छाशक्ति, मेहनत व राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की कहानी

यह सफलता सिर्फ आंकड़ों की नहीं, बल्कि यह देश की सामूहिक इच्छाशक्ति, मेहनत, दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में जिस प्रकार से नीतिगत सुधार, डिजिटल परिवर्तन, बुनियादी ढांचे में निवेश, स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है, उसका प्रतिफल आज हमारे सामने है। आज भारत न केवल वैश्विक स्तर पर आर्थिक शक्ति बनकर उभर रहा है, बल्कि वह विकासशील देशों के लिए एक प्रेरणा भी बन गया है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत ने स्थिरता, विश्वास और विकास की दिशा में निरंतर प्रगति की है। भारत की यह तरक्की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि, लघु और मध्यम उद्योग, युवाओं के स्टार्टअप, महिलाओं की भागीदारी और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों की ताकत से संभव हुई है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि अब हमें रुकना नहीं है, बल्कि इस गति को और तेज करते हुए भारत को तीसरी, फिर दूसरी और अंततः विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित करना है।

## मुख्यमंत्री ने लाडवा के मथाना में गो-चिकित्सालय की आधारशिला रखी

# गोशालाओं को चारे के लिए 270 करोड़ दिए यमुनानगर में जल्द लगेगा बायो गैस संयंत्र



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिंन्ह भेंट करते आयोजक।



कुरुक्षेत्र। गोशाला में गोवंश को गुड़ खिलाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

■ मुख्यमंत्री ने गो-चिकित्सालय के निर्माण के लिए 21 लाख देने का ऐलान किया

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने गो-संवर्धन योजना को लागू किया है। इस योजना के तहत प्रदेश का पहला संयंत्र यमुनानगर में लगाया जाएगा। इस बायोगैस संयंत्र पर 90 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री सोमवार को लाडवा विधानसभा के मथाना गोवंश धाम एवं अनुसंधान केन्द्र में गो-चिकित्सालय का शिलान्यास करने उपरांत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और गो-सेवा भी की। उन्होंने आधुनिक गो-चिकित्सालय के निर्माण के लिए 21 लाख रुपये सहयोग के तौर पर देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मथाना में गोशाला और आधुनिक पशु अस्पताल के निर्माण से बेसहारा गोवंश सड़कों पर नहीं घूमेगा। साथ ही बीमार गौवंश का इलाज भी होगा। इसके साथ ही क्षेत्र के पशुपालकों को भी अपने पशुओं का इलाज करवाने की यहां पर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गोशालाओं में चारा के लिए 270 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। पिछले वर्ष 608 गौशालाओं में 166 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी। 310 गोशालाओं में शैड के लिए 30 करोड़ रुपये जारी किये जा चुके हैं।

### 331 गोशालाओं में सौर ऊर्जा प्लांट लगे, 344 में चल रहा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि गो माता की सेवा हमारे धर्म और संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। सरकार द्वारा गौ संरक्षण पर लगातार बल दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार आर्थिक और औद्योगिक विकास के साथ-साथ धार्मिक पहचान को भी बरकरार रखने की सोच को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वित्त वर्ष में एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा है। प्राकृतिक खेती के लिए देसी गाय की जरुरत होती है। इसके लिए प्रति देसी गाय खरीदने पर 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंचायत की गोचरान भूमि को गौशालाओं के लिए दिए जाने का प्रावधान किया है, ताकि बेसहारा गौवंशों के लिए चारा का प्रबंध हो सके। प्रदेश में 331 गौशालाओं में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किये जा चुके हैं। 344 गोशालाओं में शीघ्र ही सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किये जाएंगे। इसके लिए 90 फीसदी सब्सिडी दी जा रही है।

### हिसार व यमुनानगर के लिए अमृत 2.0 योजना के लिए 350 करोड़ रुपये स्वीकृत

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार व यमुनानगर शहरों में सीवरेज योजना के विस्तार, पुराने/क्षतिग्रस्त मेनहॉल की मरम्मत, नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज बिछाने और एसटीपी के निर्माण के लिए 35087.42 लाख रूपये की राशि को स्वीकृति दी। हिसार शहर के लिए 23678.86 लाख रुपये की राशि की गई मंजूर सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हिसार शहर में सीवरेज योजना के विस्तार करने, विभिन्न कॉलोनियों में 200 एमएम से 1200 एमएम तक की सीवर लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने, ईंट सीवर के सीआईपीपी, 2 एसटीपी का निर्माण, 5 आईपीएस का निर्माण, 1 एमपीएस का निर्माण, मैनहोल का निर्माण, मैनहोल स्लैब को ऊपर उठाना, मैनहोल स्लैब को नीचे करना और अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार शहर में पुराने/क्षतिग्रस्त मैनहोल की मरम्मत के लिए 23678.86 लाख रुपये की अनुमानित लागत स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर शहर में विभिन्न 12 नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने तथा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत यमुनानगर शहर (उप नगरीय क्षेत्र) में नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज बिछाने के लिए 11408.56 लाख रुपये की अनुमानित लागत स्वीकृत की गई है।

लोगों को भरोसा दिलाया हर समस्या में सरकार साथ खड़ी है

# सीएम योगी बोले- हर पीड़ित को न्याय दिलाना और जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार का उद्देश्य

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाना और जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का उद्देश्य है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी. मुख्यमंत्री योगी ने यहां 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आये 65 से ज्यादा पीड़ितों की शिकायत और समस्या सुनकर प्रार्थना पत्र प्राप्त किए और उन्हें भरोसा दिलाया हर समस्या में सरकार साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय मुद्दों को जिला स्तर पर ही सुलझाएं और केवल उन्हीं मामलों को आगे बढ़ाएं जिनमें राज्य सरकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। उन्होंने प्रत्येक मामले को गंभीरता, संवेदनशीलता के साथ निपटाने पर जोर दिया. आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में आए दिव्यांगजनों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई भी सुनिश्चित की।

### 'हर नागरिक के चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार का उद्देश्य है'

मुख्यमंत्री योगी ने सभी मुद्दों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए. बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि न्याय दिलाना और हर नागरिक के चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार का उद्देश्य है. जनता दर्शन में पुलिस, राजस्व विवाद, चिकित्सा सहायता, पेंशन, फीस माफी, आवास और आंगनबाड़ी सेवाओं से जुड़े कई मामले सामने आए।

### सीएम ने तत्काल निराकरण का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में आए सभी बच्चों को दुलार किया. उन्होंने बच्चों से बातें की, पढ़ाई के बारे में जानकारी ली, फिर चॉकलेट-टॉफी भी दी बच्चों को और उनको उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया। जनता दर्शन में आए दिव्यांग की भी शिकायत सुनकर सीएम ने तत्काल निराकरण का निर्देश दिया।

एनडीए के घटक दल के नेता हैं

# यूपी के मंत्री राजभर बोले- अकेले लड़ेंगे पंचायत चुनाव, साथ रहने पर कम सीटें मिलती हैं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर सुल्तानपुर पहुंचे। यहां मीडिया से बात करते हुए ओपी राजभर ने पंचायत चुनाव पर कहा कि पंचायत चुनाव छोटे चुनाव होते हैं। जो कार्यकर्ता विधायकी नहीं लड़ सकता, एमपी नहीं लड़ सकता। वो पंचायत चुनाव लड़ सकता है। वो पांच साल, दस साल मेहनत करता है तो उसको भी लड़ने का मौका मिलेगा। पंचायत चुनाव में भाजपा के साथ लड़ने पर उन्होंने कहा कि समझौते में लड़ते हैं तो कम सीटें मिलती हैं, जिससे छोटे नेताओं को दिक्कत होती है इसलिए सबका प्रयास होता है कि हम ज्यादा से ज्यादा अपने नेताओं को चुनाव लड़ाएं। उन्होंने कहा हम तो अकेले लड़ते ही आए हैं अकेले लड़ेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर उन्होंने कहा राहुल गांधी एक ऐसे नेता हैं जब भी विदेश में जाते हैं तो भारत को कटघरे में खड़ा करते हैं। जब 60 साल से उनकी सरकार थी तो उन्होंने क्यों विदेश नीति बढ़िया नहीं बनाई। उन्होंने बेहतर बनाई होती तो आज यह नौबत नहीं होती।

## पेज एक का शेष

### कर्नल सोफिया के परिजनों...

प्रेरित करती है। वह अब सिर्फ मेरी बहन नहीं बल्कि देश की बहन भी है। कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा कि प्रधानमंत्री को आमने-सामने देखना बहुत गर्व का पल था। अपनी बहन सोफिया कुरैशी के बारे में उन्होंने कहा कि हमारी डिफेंस फोर्स को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने सोफिया को ये मौका दिया। औरतों के साथ पहलगाम में जो गलत हुआ, उसका बदला एक औरत ले उससे बेहतर कोई पल नहीं है। दुश्मनों को बता दिया कि हमारी औरतें किसी भी मर्दो से कम नहीं हैं। गौर हो कि कर्नल सोफिया कुरैशी ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना की प्रेस ब्रीफिंग का हिस्सा थीं। उस वक्त उनके साथ विदेश मंत्रालय के सचिव विक्रम मिसरी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भी मौजूद थीं।

### पीएम ने देश के...

महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा मील का पत्थर है। 20,000 करोड़ रुपए के निवेश से बनाया गया है दाहोद में लोको मैन्यूफैक्चरिंग रेलवे वर्कशॉप। इस परियोजना की आधारशिला 2022 में रखी गई थी और केवल तीन वर्षों के भीतर, अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र संचालन के लिए तैयार हो गया।

इस कार्यशाला को 120 इलेक्ट्रिक इंजनों की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है। इन 9,000 एचपी इंजनों में से प्रत्येक पर 'दाहोद में निर्मित' का टैग होगा। ये उच्च शक्ति वाले इंजन 4,600 टन कार्गो ढोने में सक्षम हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर के आधे...

मिस्री ने सांसदों के समक्ष ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक व्यापक प्रस्तुति दी और उसके बाद विदेश मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के मामले से जुड़े प्रश्नों और तमाम शंकाओं का समाधान किया। गौरतलब है कि विपक्षी दलों और खासतौर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीते दिनों विदेश मंत्री के एक हालिया बयान का उल्लेख करते हुए उन पर यह आरोप लगाया था कि ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था। जो कि अपराध की श्रेणी में आता है।

**जीरो टॉलरेंस की नीति पर चर्चा की :** उन्होंने एक्स पोस्ट में बताया कि बैठक में भारत की सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई जीरो टॉलरेंस यानी उसे कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति (शून्य सहिष्णुता) के बारे में चर्चा की गई। इस समय हमें एकजुट होकर मजबूत संदेश देने की जरूरत है। उन्होंने बैठक में सांसदों को बताया कि दोनों देशों के डीजीएमओ ने ही आपस में टेलीफोन पर बातचीत की थी। इसके अलावा किसी अन्य अधिकारी ने पाकिस्तान से कोई बात नहीं की। भारत के डीजीएमओ ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष को ये साफ किया था कि अगर वो गोलीबारी करेंगे तो भारत की तरफ से उसका माकूल जवाब दिया जाएगा। जयशंकर ने कहा कि भारत ने अमेरिकी विदेश मंत्री सहित दुनिया के कुछ अन्य देशों के नेताओं को भी यह बता दिया था कि जब पाकिस्तान रुकेगा तभी भारत अपनी कार्रवाई पर रोकेगा। पाकिस्तान की तरफ से हमला होगा तो भारत उसका कड़ा जवाब देगा।

### भारत की रणनीति बिलकुल...

सदस्यों ने बैठक में सरकार से अमेरिका और पाकिस्तान को आईएमएफ से दी गई वित्तीय सहायता, भारत की बैठक में अनुपस्थिति के बारे में पूछा। इसके अलावा विपक्षी दल द्वारा पाकिस्तान के चीन के साथ बढ़ते संबंधों को लेकर भी सवाल पूछे गए।

### आतंकवाद के खिलाफ...

पुष्पांजलि भी अर्पित की।

**ग्रैंड मास्क का दौरा किया :** पांडा ने कहा कि कुवैत की प्रतिष्ठित 'ग्रैंड मॉस्क' का दौरा किया, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। मस्जिद के इतिहास के बारे में जानकर खुशी हुई। मस्जिद के खूबसूरत भारतीय सागौन के दरवाजे सदियों के सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि बहादुरी और बलिदान की भारतीय भावना को सलाम!

### पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन...

अधिकारीगण, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### भारत के समुद्री इतिहास...

ने कहा था कि उनके भारत पहुंचने पर वह खुद उनका स्वागत करेंगे। यह यात्रा नौसेना में महिला सशक्तिकरण, उत्कृष्ट समुद्री नौवहन क्षमता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।

**2 अक्टूबर 2024 को शुरू की थी यात्रा :** मधवाल ने कहा कि रक्षा मंत्री के साथ नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और नौसेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी गोवा में मौजूद रह सकते हैं। दोनों महिलाओं ने अपनी इस अति-साहसी, बेहद चुनौतीपूर्ण और जोखिम से भरी हुई समुद्री यात्रा की शुरुआत पिछले साल 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर पणजी के पास नौसेना महासागर नोड आईएनएसवी मंडोवी से की थी। नौसेनाध्यक्ष एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। तारिणी की महिला टीम की भारत वापसी की यात्रा की शुरुआत पिछले महीने अप्रैल के मध्य में दक्षिण-अफ्रीका के केपटाउन से हुई थी।

**तीन साल का मुश्किल प्रशिक्षण लिया :** नाविका सागर परिक्रमा का पहला संस्करण वर्ष 2017 से 2018 में पूरा किया गया था। यह दूसरा संस्करण है। जिसके लिए लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए और दिलना.के ने तीन वर्ष का व्यापक प्रशिक्षण लिया था। नौसेना के पूर्व अधिकारी और ऐसी जोखिम से भरी हुई समुद्री यात्राओं में माहिर कमांडर अभिलाष टोमी ने तारिणी की टीम को प्रशिक्षण प्रदान किया था।

### यात्रा के अहम पड़ाव...

बने। नॉटिकल माइल की दूरी किलोमीटर में मापने पर लगभग दोगुनी हो जाती है। जिसके हिसाब से यह दूरी लगभग 43 हजार 200 किलोमीटर की हो सकती है।

# झारखंड में मुठभेड़, पांच लाख का इनामी माओवादी ढेर

## एक साथी को किया गया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ लातेहार

झारखंड के लातेहार जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) का एक सदस्य मारा गया। उसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान एक अन्य उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मौहादंड पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत दौना के जंगल में रविवार रात सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।

### कुंदन के सिर पर 10 लाख रुपए का इनाम



पलामू के डीआईजी वाईएस रमेश ने बताया, सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पांच लाख रुपए का इनामी मनीष यादव मारा गया। एक अन्य माओवादी कुंदन खेरवार को गिरफ्तार किया गया। कुंदन के सिर पर 10 लाख रुपए का इनाम बताया जा रहा है। लातेहार में माओवादी मनीष यादव के साथ मुठभेड़ पर आईजी ऑपरेशन एवी होमकर ने कहा कि कल सूचना मिली थी कि लातेहार के पास एक जंगल में नक्सली छिपे हुए हैं। एक छोटी कार्रवाई टीम भेजी गई। माओवादियों ने पुलिस पर गोलीबारी की। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ के बाद तलाशी के दौरान एक शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान मनीष यादव के रूप में हुई है, जिस पर 5 लाख रुपए का इनाम है। दूसरी टीम ने भागने की कोशिश कर रहे एक नक्सली को पकड़ा, जिसकी पहचान कुंदन खेरवार के रूप में हुई है, जो इस नक्सली दल का नेतृत्व कर रहा था। उस पर 10 लाख रुपए का इनाम है।

### दो माओवादियों के मारे जाने के बमुश्किल दो दिन बाद चलाया गया अभियान

यह अभियान जिले में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान में जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा सहित दो माओवादियों के मारे जाने के बमुश्किल दो दिन बाद चलाया गया।

## बड़ा पूजा का हुआ आगाज

# महिलाएं और युवाओं ने बढ़ चढ़कर लिया शोभायात्रा में भाग



**रांची।** मुख्य पुजारी रामेश्वर पासवान ने बताया कि बड़ा पूजा की परंपरा वर्ष 1978 में शुरू हुई थी, जो अब एक भव्य वार्षिक आयोजन का रूप ले चुकी है। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी स्वेच्छा से पूजा-अर्चना में भाग ले रहे हैं। डोरंडा मनीटोला स्थित मां मनोकामना काली मंदिर में जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बड़ा पूजा का शुभारंभ रविवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विशाल शोभायात्रा में पद्मश्री मुकुंद नायक की सांस्कृतिक टीम, बंगाल से मंगाई गई ढाक और छत्तीसगढ़ की सिंधी बाजा ने विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक मां काली के जयघोष के साथ शामिल हुए। सचिव पवन पासवान ने जानकारी दी कि 26 मई को प्रातः 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक मुख्य पूजन का आयोजन होगा। बड़ा पूजा आपसी सहभागिता और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बन चुका है।

## 30 मई तक के लिए यलो अलर्ट जारी

# झारखंड के पांच जिलों में तीन घंटे में झमाझम बारिश चलेगी तेज हवा, वज्रपात की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के पांच जिलों में तीन घंटे के अंदर झमामझ बारिश चेतावनी दी है। गरज के साथ तेज हवा भी चल सकती है। 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान वज्रपात भी हो सकता है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों से लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। राज्य में अगले छह दिनों तक बारिश के आसार हैं। इस दौरान भारी बारिश और वज्रपात की भी आशंका है। 30 मई तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



### पांच जिलों में बदलेगा मौसम

*झारखंड के चतरा, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह और रामगढ़ जिले के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग की मानें तो इन जिलों में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हो सकती है। हवाओं की स्पीड 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है। आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है।*

### अगले पांच दिन अधिकतम तापमान में बड़ा बदलाव नहीं

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि झारखंड में अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. 1 जून तक राज्य में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 29 और 30 मई को भारी बारिश हो सकती है। 30 मई तक के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

हरिभूमि सहेली



बच्चों का हर समय मोबाइल गेम में लगे रहना या कुछ ना कुछ देखते रहना यानी मोबाइल एडिक्ट हो जाना, उसकी फिजिकल ही नहीं मेंटल हेल्थ के लिए भी खतरनाक है। एक तरह से मोबाइल एडिक्शन बच्चों का बचपन छीन रहा है। इसलिए बच्चों के स्मार्टफोन के ओवर यूज पर पैरेंट्स का समय रहते एलर्ट होना बहुत जरूरी है। हम दे रहे हैं आपके लिए जरूरी सलाह।

# स्मार्टफोन का ओवर यूज बच्चों के लिए अनहेल्दी

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चे स्कूली रूटीन में ही अपना काफी समय स्क्रीन पर गेम खेलने में बिताते हैं। इसलिए इन छुट्टियों में बच्चों को मिलने वाले फ्री समय के इस्तेमाल को लेकर बहुत ही सजगता की जरूरत है। हाल ही में सामने आया एक मामला हम सबको को चेताने वाला है। दिल्ली में मोबाइल पर गेम खेलने की लत के कारण एक उन्नीस साल के लड़के को रीढ़ की हड्डी की सर्जरी करवानी पड़ी। असल में बारह घंटे से ज्यादा वक्त तक अपने कमरे में अलग-थलग रहने की वजह से उसे आंशिक लकवा हो गया था। धीरे-धीरे उसकी रीढ़ की हड्डी झुक गई और उसका ब्लैडर पर कंट्रोल तक खोने लगा। पहले से चल रही स्वास्थ्य समस्याएं और तकलीफदेह हो गईं। मोबाइल गेमिंग एडिक्शन के कारण अस्पताल पहुंचने पर उसे चलने और यूरिन करने में भी मुश्किल हो रही थी। चिंतनीय है कि बच्चों में स्क्रीन पर गेम्स खेलने की लत से बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याएं अब खूब देखने को मिल रही हैं। अगर आपके परिवार में भी कोई बच्चा घंटों मोबाइल में गेम खेलता है, तो समय रहते चेत जाएं। खासतौर से इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को सकारात्मक और रचनात्मक ढंग से समय बिताने के लिए प्रेरित करें।

**अनजान ना बनें पैरेंट्स:** आज शहरी ही नहीं, गांवों-कस्बों में रहने वाले पैरेंट्स को भी इन गैजेट्स से होने वाली तकलीफों की जानकारी है। कमोबेश सभी जानते हैं कि इनका हद से ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदेह है। फिर भी आजकल घर-घर में बच्चे स्मार्ट गैजेट्स के साथ घंटों खेलते हैं। कहीं ना कहीं इस अनदेखी की वजह बड़ों का स्वार्थ या दायित्वहीनता भी है। इनके पास न बच्चों से बात करने का समय है, न ही खेलने का। ऐसे में स्मार्ट गैजेट्स बच्चों को बिजी रखने का सबसे सहज तरीका लगने लगे हैं। आजकल अधिकांश बच्चों के फुर्सत के लम्हे स्क्रीन स्क्रॉल करते बीत रहे हैं। पैरेंट्स के अपने काम में खलल न पड़ने की चाह तो कुछ बच्चों की मासूम मन की ख्वाहिश या कहें पैरेंट्स ने तकनीक से मिली सहूलियत को बच्चों की जिंदगी का अहम हिस्सा बनाकर समस्या खड़ी कर ली है। सब कुछ जानते-समझते की जा रही यह अनदेखी कई मामलों में बीमारियां पैदा कर रही है। यही वजह है कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में तो पैरेंट्स महंगी फीस चुका कर बच्चों को मोबाइल की लत से छुटकारा दिला रहे हैं।

**सजग होना होगा:** आंगन की चहचहाहट माने जाने वाले बच्चे स्क्रीन के दायरे तक सिमट कर व्याधियों के घेरे में आने लगें तो सचेत होना बहुत जरूरी है। इस फ्रंट पर परिजनों की भूमिका अहम हो जाती है, क्योंकि बच्चों का नासमझ मन, स्क्रीन के मन-मुताबिक चलने वाली दुनिया से बाहर नहीं आ सकता। ऑनलाइन खेल बच्चों को खूब पसंद आते हैं। ऐसे में घर के बड़ों का सचेत होना ही बच्चों को इनसे होने वाली शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकता है। पैरेंट्स स्मार्ट गैजेट्स के उन खतरों की अनदेखी न करें, जो नई पीढ़ी की सेहत और स्वभाव दोनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। व्यवहार और विचार के नेगेटिव बदलाव से लेकर शारीरिक तकलीफों के सामने आने तक, कई बातें यह पुख्ता कर रही हैं कि इन स्मार्ट गैजेट्स के जाल में फंस जाना बच्चों के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो रहा है। इस मायावी दुनिया में खोए रहने से बच्चों की हेल्थ, बिहेवियर, ईटिंग हैबिट्स और सोशल लाइफ, सभी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। अफसोस कि स्मार्ट गैजेट्स की लत बच्चों में एक पूरी अस्वस्थ जीवनशैली को जन्म दे रही है।

**जीवनशैली बदलें:** भारतीय बच्चों के मामले में जेएमआईआर रिसर्च प्रोटोकॉल पत्रिका में 2024 की रिपोर्ट बताती है कि बढ़ते स्क्रीन



टाइम के कारण बच्चों में नींद से जुड़ी परेशानी देखने को मिल रही है। छुट्टियों में बच्चों को सधी-स्वस्थ जीवनशैली की ओर मोड़िए। स्मार्ट गैजेट्स से दूरी के लिए जीवनशैली का बदलाव ही पहला कदम है। फुर्सत के ये दिन डिजिटल लाइफस्टाइल से दूर उनके साथ समय बिताने, आउटडोर गेम्स खेलने और सार्थक कम्युनिकेशन करने का मुफीद समय है। इसके लिए खुद पैरेंट्स भी इन गैजेट्स की जद से बाहर आएं। टेक्नोलॉजिकल रेवोल्यूशन के नाम पर जिंदगी से ही दूर होते पैरेंट्स खुद भी सचेत हों और फिर बच्चों को लती बनने से बचाएं। कम उम्र में इन गैजेट्स के साथ समय बिता रहे बच्चे परिवार और समाज से ही नहीं, खुद पैरेंट्स से भी दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की दुनिया में खेल खेलने में गुम बच्चों की एक अलग ही दुनिया बन जाती है। बच्चे वास्तविक संसार के बजाय वर्चुअल वर्ल्ड में सहज महसूस करने लगते हैं। गैजेट्स के साथ समय बिताते हुए बच्चे शारीरिक श्रम से ही दूर नहीं होते, मानसिक रूप से भी मेहनत करना भूल जाते हैं। ऑनलाइन गेम्स खेलते हुए किसी भी परेशानी से क्विट करने की आदत हो जाती है। संघर्ष की सोच और वास्तविक जीवन की समझ से परे बनने वाला उनका व्यक्तित्व, विचार और व्यवहार के मोर्चे पर दिशाहीन हो जाता है। ऐसी स्थितियां, असल जिंदगी में हर पहलू पर तकलीफें ही पैदा करती हैं, जो बच्चे के भविष्य के लिए सही नहीं हैं।

## खिलौने नहीं हैं स्मार्ट गैजेट्स

छुट्टियों में मिलने वाले समय को बिताने के लिए स्मार्ट गैजेट्स को खिलौने ना बनाएं। पैरेंट्स बच्चों को पहले आदत, फिर आगे चलकर इसे लत की स्थिति तक न पहुंचाएं। एक बार स्मार्ट स्क्रीन में गेम्स खेलने की लत लग जाने पर बच्चे इनके बिना खुश रहना ही भूल जाते हैं।



तकलीफदेह है कि अब तो दादी, नानी के घर आए बच्चे भी ऑनलाइन गेम्स में ही गुम रहते हैं। पैरेंट्स समय बिताने का माध्यम समझ कर बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देने से पहले इनके खतरों को गंभीरता से समझें। इनसे पैदा होने वाले जोखिमों को याद रखें। अब यह जरूरी हो गया है कि बच्चों को गैजेट्स की दुनिया में खेलने या समय बिताने भर के लिए ना धकेल दिया जाए। मोबाइल में गेम्स खेलने की आदत पड़ जाए तो बच्चों को इनसे बाहर निकालना मुश्किल हो जाता है। आदत हो जाने पर कुछ बच्चे स्मार्टफोन या आईपैड ना देने पर जिद करते हैं, गुस्सा दिखाते हैं। व्यवहारगत समस्याएं देने वाली चीजें, बच्चों के लिए खिलौने नहीं हो सकतीं।

## बच्चे हो रहे हैं हताशा- डिप्रेशन- क्रोध के शिकार

प्रतिष्ठित विज्ञान पत्रिका प्लस वन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार स्मार्टफोन, बच्चों को दोस्तों और रिश्तेदारों से दूर कर रहा है। साल 2018 से 2024 के बीच जर्मनी में हुई 'लाइफ चाइल्ड स्टडी' में दुनिया भर के बच्चों को शामिल किया गया। अध्ययन में सामने आया कि मोबाइल स्क्रीन में ज्यादा समय बिताने वाले बच्चों में हताशा, डिप्रेशन और क्रोध की चिंताजनक स्थिति देखी गई। साथ ही बच्चों में पीएसयू यानी प्रोबलेमेटिक स्मार्टफोन यूज की प्रॉब्लम स्पष्ट दिखने लगी है। इस स्थिति में स्मार्टफोन का इस्तेमाल इतना बढ़ जाता है कि यह बच्चों की नींद, पढ़ाई और पारिवारिक संबंधों पर नेगेटिव असर डालने लगता है।



समझना मुश्किल नहीं कि छुट्टियां ही तो दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने का समय होता है। ऐसे में फुर्सत के ये दिन वास्तविक संसार से जुड़कर ही बिताएं।

---

# नकारात्मक लोगों से बचें मजबूत होगा आत्मबल

नकारात्मक लोगों से बचने का एक ही रास्ता है, आत्मबल को मजबूत किया जाए। खुद के कामों पर ध्यान केंद्रित कर सकारात्मक लोगों के साथ रहें। इससे जीवन की राह आसान होगी और तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

सलाह
अनीता जैन



हमारे जीवन की राह हमेशा आसान नहीं होती। जैसे-जैसे हम सफलता की ओर बढ़ते हैं, वैसे-वैसे कुछ ऐसे लोग भी हमारे आस-पास आ जाते हैं, जो हमारी तरक्की से असहज महसूस करते हैं। वे हमारे आत्मबल को तोड़ने, हमारे कार्यों को नीचा दिखाने और हमें भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। कई बार तो ये लोग इतने करीब होते हैं कि उनकी कही बातें हमे सच्ची लगने लगती हैं। हमें संदेह होने लगता है कि हमारे लिए निर्णय सही हैं या गलत। ऐसे समय में यह समझना बहुत आवश्यक है कि ये नकारात्मक विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि दूसरों की विषैली सोच का परिणाम हैं। यदि हम इन बातों को अपने भीतर जगह दे दें, तो हमारा आत्मबल धीरे-धीरे टूटने लगता है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर कोई हमारी सोच, हमारे रास्ते या हमारे फैसलों को समझ नहीं सकता। कुछ लोग जान-बूझकर हमारी मानसिक शांति भंग करते हैं, ताकि हम अपने मार्ग से भटक जाएं। लेकिन ऐसे समय में खुद पर विश्वास बनाए रखना बहुत जरूरी है। हमें यह समझने की जरूरत है कि यदि हमारी नीयत साफ और मेहनत सच्ची है तो कोई भी नकारात्मकता हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकती। जरूरत है, बस मानसिक मजबूती, सकारात्मक संगत और एकाग्रता की। नकारात्मक लोगों से कैसे बचा जाए, कैसे खुद को इतना मजबूत बनाया जाए कि उनकी कोई बात हमारे मन को प्रभावित न कर सके। इन बातों का जानना आपके लिए जरूरी है ताकि आपका अत्मबल कमजोर न पड़े।



**स्वयं को परखें:** जब कोई आपको बार-बार गलत साबित करने की कोशिश करे, तो सबसे पहले यह जांचें कि क्या आप वाकई किसी गलत रास्ते पर हैं? अगर नहीं, तो खुद पर विश्वास रखें। आत्मविश्वास ही वह ढाल है, जो नकारात्मकता के हर वार को निष्फल कर देता है।

**सीमाएं तय करें:** ऐसे लोगों से संवाद करते समय अपनी सीमाएं तय करें। अधिक निकटता या व्यक्तिगत बातचीत से बचें। सीमाएं तय करना, न तो असभ्यता है और न ही दूरी बनाना, बल्कि यह एक जरूरी आत्म-संरक्षण है।

**प्रतिक्रिया देने से बचें:** हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं होता। नकारात्मक लोग अकसर प्रतिक्रिया की तलाश में रहते हैं। चुप रहकर या मुस्कुराकर आगे बढ़ जाना कई बार सबसे सटीक उत्तर होता है।

**सकारात्मक लोगों के साथ रहें:** आप जिन लोगों के साथ रहती हैं, उनका असर आपके सोचने के तरीके पर भी होता है। सकारात्मक, प्रेरणादायक और सहयोगी लोगों के साथ रहने से आपका आत्मबल बना रहता है।

**अपने कार्य पर केंद्रित रहें:** जब कोई आपको गिराने की कोशिश करे, तब अपने काम में और भी अधिक मन लगाएं। आपका समर्पण ही ऐसे लोगों को मूक उत्तर दे सकता है।

**ध्यान-योग का सहारा लें:** नकारात्मकता से घिरे रहने पर मन अशांत हो जाता है। ऐसे में नियमित ध्यान और योग से मानसिक शांति मिलती है। यह न केवल तनाव को दूर करता है, बल्कि अंदर से मजबूती भी देता है।

**खुद को याद दिलाएं:** लोग क्या कहते हैं, उससे ज्यादा जरूरी यह है कि आप क्या कर रहे हैं? समय आने पर सच्चाई सामने आती है और मेहनत रंग लाती है।

---

वास्तु-सलाह
मधु सिंह

घर की सजावट में विंड चाइम्स का प्रयोग सदियों से होता रहा है। वास्तु शास्त्र में इसकी सजावट से घर में आने वाली पॉजिटिविटी के बारे में बताया गया है। लेकिन इसकी सजावट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# घर में सुख-समृद्धि लाएं विंड चाइम्स

विंड चाइम्स, सिर्फ घर के भीतर की सजावट के लिए यूज होने वाला एक डेकोरेटिव आइटम ही नहीं है। इसे सजाने से घर के बरामदे या बागीचे की शोभा बढ़ती है। इनसे टकराकर जब हवा गुजरती है तो इनसे जो मधुर ध्वनियां निकलती हैं, उससे घर में नेगेटिव वाइब्स दूर होती हैं और हमारे आस-पास का वातावरण शांत-पॉजिटिव हो जाता है।

**घर में आती है सकारात्मकता:** हवा के झोंके विंड चाइम्स की झनकार को बाहरी तौर पर ही नहीं, हमारे मन में भी गुंजायमान करते हैं। ये हमारे भीतर भी संगीत लहरी निर्मित करती है। इससे हम खुद को प्रकृति के साथ ज्यादा जुड़ा महसूस करते हैं। वास्तु शास्त्र के मुताबिक विंड चाइम्स में बजने वाली ध्वनि का कंपन हमारे भीतर एक नई ऊर्जा का संचार करता है। यह हमारे जीवन में सौभाग्य, सुख, समृद्धि लाता है, नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है।

**सदियों पुरानी है परंपरा:** विंड चाइम्स का उपयोग मानव सभ्यता में हजारों सालों से होता आ रहा है। आध्यात्मिक तौर पर भी इसका काफी महत्व माना जाता रहा है। इसकी हर झनझनाहट को प्रकृति का संदेश माना जाता है। यही वजह है कि विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं में इसका खासा महत्व है। अपने घर और आस-पास के माहौल को शांत और सकारात्मक बनाने के लिए अपने गार्डन, बरामदे या घर के किसी भी हिस्से में आप विंड चाइम्स लगा सकती हैं। लेकिन उसे लगाने से पहले कुछ बातों पर गौर करना चाहिए।

**सही पीस का चुनाव करें:** जिस भी जगह के लिए आप विंड चाइम खरीदना चाह रही हैं, उस जगह के




अनुरूप ही मिट्टी, कांच, लकड़ी, धातु या सिरेमिक की विंड चाइम ले सकती हैं। विंड चाइम्स, खोखली नली वाली ही खरीदनी चाहिए, इससे मधुर ध्वनि आती है। पीतल या स्टील की बनी विंड चाइम में रॉड की संख्या 6 से 7 होनी चाहिए। अगर बांस की बनी विंड चाइम हो तो इसमें रॉड की संख्या तीन-चार होती है। यह विंड चाइम ईको फ्रेंडली होती है। इससे घर में पॉजिटिव और नेचुरल वाइब्स आती हैं।

**सही आकार का चयन:** विंड चाइम्स कई आकार के होते हैं। विभिन्न ज्योमेट्रिकल डिजाइन आकार के अलावा सर्पिल, घंटियों के आकार का, गोलाकार, बेलनाकार में भी विंड चाइम्स मिलते हैं। आप अपनी पसंद की किसी भी रंग और डिजाइन का सेलेक्शन कर घर सजा सकती हैं।

**सही दिशा में लगाएं:** विंड चाइम्स को घर में सही दिशा में लगाने के पीछे भी वास्तु के नियम बताए गए हैं। जैस-धातु की बनी विंड चाइम पश्चिम या उत्तर-पश्चिम में लगानी चाहिए। लकड़ी से बनी विंड चाइम पूर्व या दक्षिण-पूर्व दिशा के लिए सही होती है। सिरेमिक की बनी विंड चाइम्स को दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पूर्व या घर के सेंटर में लगाना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार धातु के विंड चाइम को कभी पूर्व में और लकड़ी के विंड चाइम को दक्षिण-पश्चिम दिशा में नहीं लटकाना चाहिए।

**विंड चाइम का रंग-संख्या :** चीनी वास्तु शास्त्र फेंगशुई में अलग-अलग रंगों की विंड चाइम को अलग-अलग अर्थों और तत्वों से जोड़कर देखा जाता है। करियर में आगे बढ़ने के लिए येलो कलर के विंड चाइम्स को उत्तर-पश्चिम दिशा में लटकाना चाहिए। व्हाइट और सिल्वर कलर की विंड चाइम को पश्चिमी दिशा में लगाने से परिवार के सदस्यों के बीच प्यार बढ़ता है। गार्डेन में लगाने के लिए ग्रीन कलर के विंड चाइम्स का चयन करें। बच्चों के कमरे के लिए यलो कलर के मेटलिक विंड चाइम का चयन करें।

---




स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# तेज धूप से स्किन प्रोटेक्शन यूज करें होममेड सनस्क्रीन

सूरज की किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए आप चाहें तो घरेलू चीजों से ही नेचुरल सनस्क्रीन बना सकती हैं। हम आपको यहां बता रहे हैं कुछ सनस्क्रीन बनाने के तरीके।

**खीरा-गुलाब जल:** खीरे का इस्तेमाल आप सनस्क्रीन लोशन बनाने के लिए कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें, फिर इसका पूरा रस निकाल लें। अब इसमें गुलाब जल मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को आप सनस्क्रीन की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। ठंडी तासीर की वजह से यह लोशन आपको ठंडक का अहसास भी देगा।

**नारियल-जैतून तेल:** नारियल और जैतून तेल से बनी सनस्क्रीन त्वचा के लिए काफी



फायदेमंद होती है। इसे बनाने के लिए आधे कप नारियल तेल में ऑलिव ऑयल की 15 बूंदें डालें। अब इसमें 7 बूंद कैरट सीड ऑयल मिलाएं और इसे एक कांच की बोतल में भरकर रख दें। आप इसे लंबे समय तक सनस्क्रीन के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।

**शिया बटर-बादाम तेल:** कांच के एक कटोरे में दो चम्मच बादाम का तेल, एक चम्मच शिया बटर, एक चम्मच कोको बटर, विटामिन के कैप्सूल, जिंक ऑक्साइड आधा चम्मच लें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर एक एयर टाइट कंटेनर में रख लें और बाहर जाने से 15-20 मिनट पहले इसे लगा लें।



**विटामिन ई-जिंक ऑक्साइड:** इस सनस्क्रीन को बनाने के लिए 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 4-5 बूंद विटामिन ई का तेल, 1 चम्मच सूरजमुखी का तेल और 2-3 चम्मच जिंक ऑक्साइड को कांच के कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में रख दें। अपनी सुविधा के अनुसार धूप में जाने पर हर दो तीन घंटे के बाद इसे लगा सकती हैं। जिंक ऑक्साइड यू वी ए और यू वी बी दोनों किरणों को ब्लॉक करता है।

**एलोवेरा और शिया बटर:** 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 1-2 चम्मच नारियल तेल, 3-4 चम्मच शिया बटर और 3-4 चम्मच जिंक ऑक्साइड को एक कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एक प्लास्टिक के डिब्बे में डालकर फ्रिज में रख लीजिए। धूप में जाने पर हर दो घंटे बाद नियमित रूप से उपयोग कीजिए।

---

मेडिकल एडवाइस
डॉ. अंशुल जिंदल
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
जिंदल अस्पताल, मेरठ

पीरियड्स साइकिल को लेकर अवेयरनेस के अभाव से कई बार महिलाओं को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे (28 मई) के अवसर पर आपके लिए जरूरी सलाह।

# हर महिला के लिए है जरूरी मेंस्ट्रुअल हाइजीन का रखें ध्यान

तकनीकी तौर पर समाज में बहुत विकास हुआ है लेकिन कुछ मामलों में अभी भी संकीर्ण सोच बनी हुई है। महिलाओं में होने वाली माहवारी यानी पीरियड्स को लेकर भी बहुत सी महिलाओं में जागरूकता का अभाव है। आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में करोड़ों महिलाएं हर महीने पीरियड्स साइकिल से गुजरती हैं। लेकिन इनमें से तकरीबन 50 प्रतिशत महिलाओं को ही सेनिटरी पैड, टैंपून, मेंस्ट्रुअल कप, पीरियड्स पैंटी जैसे सुरक्षित मासिक धर्म उत्पाद मिल पाते हैं। अभी भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी हैं, जो अपने पीरियड्स के दौरान सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले कपड़ों से लेकर, अखबार, घास का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। कई टीनएजर लड़कियों को तो पीरियड्स के बारे में कोई जानकारी ही नहीं होती है।

**हो सकती हैं गंभीर बीमारियां:** पीरियड्स के दौरान सफाई का ध्यान ना रखने से महिलाएं फंगल इंफेक्शन, यूरीनरी ट्रैक इंफेक्शन और रिप्रोडक्टिव ट्रैक इंफेक्शन का शिकार बन सकती हैं। ये इंफेक्शन फैल कर न केवल लड़कियों को मां बनने के सुख से वंचित कर सकता है, उनको सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा भी बढ़ जाता है।



**वेजाइनल इंफेक्शन:** पीरियड्स के दौरान गंदा कपड़ा या कोई और गंदी चीज के इस्तेमाल करने से प्राइवेट पार्ट्स साफ नहीं हो पाते। इससे वहां मौजूद अच्छे बैक्टीरिया की मात्रा कम होती है और कैंडिडा नामक यीस्ट की मात्रा बढ़ जाती है। इससे कैंडिडिआसिस नामक इंफेक्शन हो सकता है।

**सर्विक्स इंफेक्शन:** प्राइवेट पार्ट में गंदगी रहने से गर्भाशय के मुख पर इंफेक्शन हो जाता है। इससे बांझपन और कैंसर भी हो सकता है

**फैलोपियन ट्यूब इंफेक्शन:** फैलोपियन ट्यूब में अंडे और स्पर्म फर्टिलाइज होते हैं। पीरियड्स हाइजीन का ध्यान न रखने से इंफेक्शन यहां तक पहुंचने की संभावना रहती है, जिससे महिलाएं कंसीव नहीं कर पाती हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** पीरियड्स के दौरान प्राइवेट पार्ट्स की सफाई ठीक तरह से न होने से इस कैंसर के होने का खतरा बढ़ जाता है। देश में हर साल सर्वाइकल कैंसर के करीब डेढ़ लाख मामलों में कम उम्र की लड़कियों की भी अच्छी-खासी संख्या होती है।

**यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन:** माहवारी के दौरान उपयोग किया जाने वाला कपड़ा या पैड अगर देर तक गीला रहे, तो यूरिनरी ट्रैक में इंफेक्शन हो सकता है। औरतें काम की भागदौड़ या अन्य कारणों से, अकसर काफी देर तक यूरीन पास करना इग्नोर करती हैं। पीरियड्स के दौरान अगर समय पर यूरीन पास न करें और अपने प्राइवेट पाट्र्स स्वच्छ न रखें तो उन जगहों पर बैक्टीरिया पनप सकतें हैं। इनके कारण यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन भी हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान:** यहां बताई गई बीमारियों और इंफेक्शंस से बचाव के लिए कुछ यूजफुल टिप्स बता रहे हैं। ब्लीडिंग के दौरान सेनेटरी पैड को इस्तेमाल करते समय किसी भी तरह की हिचक न महसूस करें। पैड बदलने से पहले और बाद में हैंड वॉश करना न भूलें। कम से कम 4 से 5 घंटे में एक सेनेटरी पैड जरूर बदल लें। पीरियड्स का फ्लो ज्यादा है तो 2-3 घंटे या उससे पहले भी सेनेटरी पैड बदल लें। नए सेनेटरी नैपकिन लगाने से पहले वेजाइनल भाग को हमेशा साफ करें। पीरियड्स के बाद वेजाइना एरिया के आस-पास स्वच्छ पानी से धोएं।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

## चिंतन

# एमएसएमई की दिक्कतों को दूर करना होगा

जापान को पछाड़कर भारत बेशक मामूली अंतर से अंकड़ों में विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई हो, लेकिन जब तक हमारी अर्थवयवस्था में निर्यात पर निर्भरता निम्न से निम्नतम होकर आत्मनिर्भरता हासिल करने और जमीनी स्तर पर रोजगार सृजन की क्षमता नहीं होगी, भारत सही मायने में आर्थिक शक्ति नहीं कहलाएगा। अगर एक तरफ सरकार करीब अपनी दो तिहाई आबादी (81 करोड़ लोगों) को 5 किलो मुफ्त अनाज देने के लिए मजबूर है और दूसरी तरफ देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया हो तो यह बिल्कुल विरोधाभास स्थिति है। नीति आयोग भी अपनी चौथी अर्थव्यवस्था बनने की रिपोर्ट पर मुतमईन नहीं है, इसलिए मझोले उद्योग के सामर्थ्य व संभावनाओं को लेकर आयोग ने इसके परिदृश्य को बदलने पर जोर दिया है। नीति आयोग ने सोमवार को मझोले उद्योगों को भविष्य के वृद्धि इंजन में बदलने के लिए वित्तीय माध्यमों, प्रौद्योगिकी एकीकरण और एक केंद्रीकृत डिजिटल पोर्टल की वकालत की है। आयोग ने 'मझोले उद्योगों के लिए नीति तैयार करना' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में इन उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया और उनकी पूरी क्षमता को उगाजर करने के लिए लक्षित हस्तक्षेप पर जोर दिया है। मझोले उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए रिपोर्ट में उद्यम कारोबार से जुड़ी एक कार्यशील पूंजी वित्तपोषण योजना, बाजार दर पर पांच करोड़ रुपये के क्रेडिट कार्ड की सुविधा और एमएसएमई मंत्रालय की देखरेख में बैंकों के माध्यम से तेजी से धन वितरण तंत्र बनाने की सिफारिश की गई है। आयोग ने एमएसएमई मंत्रालय के भीतर एक समर्पित शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की स्थापना की भी सिफारिश की है। यह प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महत्व की क्लस्टर आधारित परियोजनाओं के लिए आत्मनिर्भर भारत कोष का लाभ उठाएगा। भारत को अगर विकसित देश बनना है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना है तो मझोले उद्योगों यानी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना होगा, केवल वृहत उद्योग व शेयर बाजार के पूंजीकरण के भरोसे देश आर्थिक निर्भरता हासिल नहीं कर सकेगा। दरअसल, देश के मानव श्रम को खपाने की क्षमता मझोले उद्यम में ही है। देश की विनिर्माण अर्थव्यवस्था में मझोले उद्योगों का योगदान 36.2 फीसदी है, जीडीपी में करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है और इसमें करीब 12 करोड़ लोग काम कर रहे हैं। इसकी क्षमता को बढ़ा कर 25 करोड़ रोजगार पर लाया जा सकता है। एमएसएमई भारत के कुल निर्यात में लगभग 45 फीसदी (वित्त वर्ष 2021-22) का योगदान देते हैं एमएसएमई क्षेत्र में स्किल के साथ अनस्किल श्रम को भी रोजगार देने की क्षमता है। नीति आयोग ने इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पिटिटिवनेस के साथ मिलकर रिपोर्ट जारी की है, जिसमें एमएसएमई के विकास में बाधा डालने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। भारत का संपन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम (विश्व में तीसरा सबसे बड़ा) मुख्य रूप से एमएसएमई द्वारा संचालित है, जिसने ई-कॉमर्स, फिनटेक, डिजिटेक, आई-वे और अन्य उभरते क्षेत्रों में समाधान पेश किए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक मझोले उद्यमों के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिन्हें तत्काल दूर करने की जरूरत है। ऋण तक पहुंच, कुशल श्रम, उच्च लागत, अपडेटेड तकनीक, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, सरकारी लालफीताशाही, अत्यधिक रेगुलेशन, इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिसिंग मिडिल, नवाचार आदि की दिक्कतें हैं। नीति आयोग को दिक्कतें दूर करने की सिफारिश करनी है। सरकार को इस ओर ध्यान देना होगा।

## पुण्यतिथि

अतुल गोयल



# विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक थे पं. नेहरू

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरू' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे, बल्कि आज़ादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है, जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरू का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था, बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। उनका विश्वास था कि गुलामी ने देश की आत्मा को कुचल दिया है और उसे फिर से जगाने के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी बल्कि आवश्यकता होगी सोच की स्वतंत्रता, अवसर की समानता और ज्ञान की पहुंच की। यही कारण था कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जिस भारत की कल्पना की, वह कारखानों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, बांधों और अनुसंधान संस्थानों से भरा हुआ भारत था। पंडित नेहरू की राजनीति केवल सत्ता का अभ्यास नहीं थी, वह एक वैचारिक यात्रा थी। उनका विश्वास था कि विविधता में ही भारत की शक्ति है। वे बार-बार कहते थे, 'भारत की आत्मा अनेकता में एकता है।' यही कारण था कि उन्होंने भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को न केवल संरक्षित किया बल्कि उसे भारतीय पहचान का अभिन्न हिस्सा बना दिया।



बच्चों के प्रति नेहरू का प्रेम भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखता है। वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान हैं, जिनकी देखभाल और शिक्षा आज ही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके दिल में बच्चों के लिए अत्यधिक स्नेह था। वे जब भी किसी विद्यालय या बालसभा में जाते तो बच्चों की आंखों में चमक आ जाती। उनके पास बैठकर बच्चे खुद को सहज महसूस करते थे। वह खुद को 'चाचा' कहलवाना पसंद करते थे क्योंकि उन्हें बच्चों के साथ औपचारिकता से परे आत्मीयता चाहिए थी। उनका यह प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था बल्कि व्यावहारिक योजनाओं और नीतियों के माध्यम से भी परिलक्षित होता था। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जैसी संस्थाएं उन्हीं की कल्पनाओं का परिणाम थी, जिनकी नींव उन्होंने अपने कार्यकाल में रखी। उनकी विदेश नीति ने भी भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में उनका नाम अग्रणी था। उनका दृष्टिकोण था कि भारत अपनी स्वतंत्र नीति के आधार पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों को तय करेगा। उन्होंने शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को भारत की कूटनीति की आधारशिला बनाया। नेहरू की आलोचनाएं भी हुई, चीन नीति, कश्मीर, समाजवाद की धीमी प्रगति जैसे विषयों पर कई लोगों ने उनके निर्णयों को कटघरे में खड़ा किया परंतु आलोचना के बीच उनकी मूल नीयत, उनके इरादे और उनकी दूरदृष्टि पर कभी कोई बड़ा प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सका। भारत आज जब 21वीं सदी में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है तो यह आवश्यक है कि हम उस नींव को न भूलें, जो नेहरू ने रखी थी। आज की तकनीकी, वैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रगति उन्हीं नीतियों की फलश्रुति है, जिन्हें उन्होंने स्वतंत्र भारत की शुरुआत में लागू किया था। उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना नेहरू ने देखा था? क्या हम बच्चों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दे पा रहे हैं? क्या हम विज्ञान और विवेक के मार्ग पर हैं? क्या हम विविधता को अपनाकर एकता को सशक्त कर रहे हैं? इन सवालों के उत्तर खोजते समय पंडित नेहरू की पुस्तकें, उनके भाषण और उनका जीवनदर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने भारत को केवल इतिहास की दृष्टि से नहीं बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण से देखा।

(लेखक न्यूयॉर्क की कंपनी में सॉफ्टवेयर डवलपमेंट इंजीनियर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण


प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# ट्रंप टैरिफः भारत के लिए नए अवसर

एक तरफ जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं, नए परिप्रेक्ष्य में नई संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चीन पर अधिक शुल्क लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई है। यही नहीं हाल ही में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत के घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्री की मांग भी शेष दुनिया में बढ़ने की पूरी संभावना है। समझा जा सकता है कि चाहे अमेरिका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो, अथवा भारत की ऑपरेशन सिंदूर के नाते की गई कार्यवाही हो, सभी देश में उत्पादन और निवेश के नए अवसर के रास्ते खोल रहे हैं।

हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप ने एप्पल के सीईओ को धमकी दी थी कि कंपनी भारत में एप्पल फोन का उत्पादन बंद कर दे और इसके बदले एप्पल की फैक्ट्री अमेरिका में स्थानांतरित कर दे, लेकिन इसके बावजूद एप्पल की सहयोगी कंपनी फॉक्सकॉन ने एप्पल आईफोन के उत्पादन के लिए भारत में 1.5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका में आयातित एप्पल फोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है और कहा है कि अमेरिका के बाहर उत्पादित एप्पल फोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। ऐसा अमेरिका के बाहर एप्पल फोन के उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए किया गया है। ऐसा लगता है कि कंपनी इस संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति की बात मानने को तैयार नहीं है। इसी तरह अमेरिका की टैरिफ घोषणा के बाद यूरोपीय आयोग ने भी रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में भारत के साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की थी; और स्पष्ट रूप से कहा था कि वे रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखते हैं।

गौरतलब है कि 2 अप्रैल, 2025 को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यालय ने विभिन्न देशों से आने वाले सामानों पर उच्च टैरिफ लगाने की घोषणा की, जिसे वे पारस्परिक टैरिफ कहते हैं। चूंकि विभिन्न देश अमेरिका से आने वाले सामानों पर अलग-अलग टैरिफ लगाते हैं, इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप ने भी विभिन्न देशों पर अलग-अलग टैरिफ लगाने का विकल्प चुना है। इस संदर्भ में, राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिसका अर्थ है कि भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामानों पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। यह महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने चीन पर पहले 54 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जबकि वियतनाम पर 46 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44, थाईलैंड पर 36, ताइवान पर 32, दक्षिण अफ्रीका पर 30 और जापान पर 24 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाया गया। इसके अलावा, अमेरिकी प्रशासन ने धमकी दी कि अगर कोई देश भी अमेरिका से आयात पर जवाबी कार्यवाही कर टैरिफ बढ़ाता है तो वे भी टैरिफ और भी बढ़ा देंगे। इस संदर्भ में, चीन की जवाबी कार्रवाई और अमेरिका से आयात पर टैरिफ बढ़ाने के फैसले के बाद, ट्रंप प्रशासन ने चीन से आयात पर उसके बाद 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि, एक हफ्ते से भी कम समय में, 8 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कदम वापस ले लिए और पारस्परिक टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोक दिया, और कहा कि अब 75 देशों पर मात्र 10 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क ही लगेगा, लेकिन चूंकि चीन ने जवाबी कार्रवाई की है, ट्रंप ने उस पर पहले 104 और फिर 145 और उसके बाद में तो 245 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ लगा दिया है। हाल ही में चीन और अमेरिका में कुछ सहमति बनने के बाद अमेरिका ने चीन पर टैरिफ घटाकर 30 प्रतिशत और 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह तर्क देते हैं कि दूसरे देश अमेरिकी सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका विदेशों से आने वाले सामान पर कम



टैरिफ लगाता है। इससे अमेरिका को नुकसान होता है। उनका कहना है कि उन्हें अमेरिका में उद्योगों को पुनः स्थापित कर अमेरिका को पुनः महान बनाना है, लेकिन उनका यह तर्क इसलिए गलत है, क्योंकि भारत समेत दूसरे देश अमेरिकी सामान पर अधिक टैरिफ डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों के अनुरूप लगाते हैं। उदाहरण के लिए भारत अपने देश में आने वाले सामानों पर 50.8 प्रतिशत भारित टैरिफ लगाने का अधिकारी है। हालांकि भारत वास्तव में मात्र 6 प्रतिशत भारित टैरिफ ही लगाता है।

भारत समेत अन्य विकासशील देशों को ज्यादा टैरिफ लगाने की अनुमति इसलिए दी गई थी क्योंकि डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों में भारत समेत अन्य विकासशील देशों को मात्रात्मक नियंत्रण लगाने, अपने लघु उद्योगों के संरक्षण करने, कृषि को अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों से अलग रखने, अपना बौद्धिक संपदा एवं विदेशी निवेश को नियमित करने हेतु कानून बनाने की स्वतंत्रता समेत कई अधिकारों से वंचित होना पड़ा था। इसके बदले में उन्हें अमेरिका और अन्य विकसित देशों की तुलना में ज्यादा टैरिफ लगाने का अधिकार मिला था। ट्रंप द्वारा टैरिफ युद्ध के बाद वह अधिकार भी छिन रहा है। यह भी कहा जा सकता है कि ट्रंप के द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाने से डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों को ही नकारा जा रहा है। अब समय आ गया है कि जब अमेरिका जैसे विकसित देश डब्ल्यूटीओ की अवहेलना कर रहे हैं, तो हमें भी डब्ल्यूटीओ में ट्रिप्स समेत अन्य शोषणकारी समझौतों से बाहर आने की रणनीति के बारे में सोचना चाहिए। ध्यातव्य है कि डब्ल्यूटीओ से पहले, भारत लगभग 10000 वस्तुओं के आयातों पर मात्रात्मक नियंत्रण लगाता था, लेकिन डब्ल्यूटीओ समझौतों के कारण संभव नहीं रहा। डब्ल्यूटीओ के विघटन के बाद अब मात्रात्मक नियंत्रण लगाना संभव हो सकेगा, जिससे हमें अपने उद्योगों को संरक्षित एवं संवर्धित करना संभव हो सकेगा। अमेरिका की हठधर्मिता के चलते, यदि डब्ल्यूटीओ समाप्त होता है तो ऐसी स्थिति में, हम आरक्षण की नीति को फिर से लागू करके अपने छोटे उद्योगों की रक्षा और संवर्धन के लिए कुछ ऐसे उत्पादों को छोटे उद्योगों के लिए आरक्षित कर, विकेंद्रीकरण और रोजगार सृजन के लिए एक बड़ा प्रयास कर सकते हैं। अब जबकि ट्रंप ने दुनियाभर से आयात पर टैरिफ लगा दिया है, तो हमें इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार की रणनीति बनानी होगी। ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन्हें लाभ हो सकता है, क्योंकि हमारे निर्यात को अमेरिका में नए बाजार मिल सकते हैं, जबकि चीन के निर्यात को ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए उच्च पारस्परिक टैरिफ के कारण नुकसान हो सकता है। चूंकि यूरोपीय संघ और अन्य देश वैश्विक मूल्य श्रृंखला में नई साझेदारी के लिए आगे आ रहे हैं, रक्षा जैसे क्षेत्रों में, हमें बहुत लाभ हो सकता है। नए परिदृश्य में, भारत को बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के बजाय द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के साथ विदेशी व्यापार को बढ़ाना चाहिए। हालांकि, अमेरिका और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करते समय, राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

एक तरफ जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं, नए परिप्रेक्ष्य में नई संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चीन पर अधिक शुल्क लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई हैं। यही नहीं हाल ही में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत के घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्री की मांग भी शेष दुनिया में बढ़ने की पूरी संभावना है। समझा जा सकता है कि चाहे अमेरिका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो, अथवा भारत की ऑपरेशन सिंदूर के नाते की गई कार्यवाही हो, सभी देश में उत्पादन और निवेश के नए अवसर के रास्ते खोल रहे हैं। चीन के प्रति शेष दुनिया की विमुखता, भारत के उद्यमियों के प्रयासों और दुनिया की भारत के प्रति बढ़ती रुचि, सभी भारतीय अर्थव्यवस्था में नए स्पंदन का कारण बन रही हैं।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है




संकलित

**दर्शन**

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे यौद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती समस्याओं का कारण सादगी का अभाव

आज लोग दूसरों को धोखा देने के नए-नए रास्ते निकाल लेते हैं, मगर इससे जीवन में शांति नहीं आ सकती। शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर महात्मा होकर भी कपड़ा बुनते थे। गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने हाथों से करते थे। साबरमती आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। अमरीका के प्रसिद्ध उद्योगपति हेनरी फोर्ड के जीवन की एक घटना हमें बताती है कि अमरीकावासी घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं। जब तक मानव छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण व स्वावलंबी बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है।

*– प्रकाश उपाध्याय, धमतरी*

## ट्रेंड

### जीरो टोलरेंस नीति पर चर्चा



विदेश मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति पर चर्चा की। इस संबंध में एक मजबूत और एकजुट संदेश भेजने के महत्व को रेखांकित किया।

-एस. जयशंकर, केंद्रीय मंत्री

### कस्तूरबा विद्यालय संबल बना



वंचित तबके की वे बालिकाएं, जिनका ड्रॉप आउट रेट सर्वाधिक था, उन्हें कस्तूरबा विद्यालयों ने एक संबल दिया। उत्तर प्रदेश, स्कूली शिक्षा का एक नया मॉडल देने जा रहा है। शिक्षा तो आधारशिला होती है। बेसिक शिक्षा परिषद इनोवेशन का केंद्र बिंदु बना है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### गरीबी-अमीरी के बीच खाई



भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन गरीबी-अमीरी के बीच की खाई का अंतर इन आंकड़ों से समझें- प्रति व्यक्ति आय के मामले में 124 वें स्थान पर। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट 2% से भी कम। भूख के मामले में 105 वें स्थान पर।

-संजय सिंह, आप नेता

### चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बने



जब मैं बिजनेस स्कूल में था, तो भारत का जीडीपी में जापान से आगे निकल जाना एक दूर की कौड़ी, दुस्साहसिक सपने जैसा लगता था। आज, वह मील का पत्थर अब सैद्धांतिक नहीं रह गया है-हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# पोत का जलावतरण विफल अधिकारी लिए हिरासत में



उत्तर कोरियाई प्राधिकारियों ने हाल में नौसेना के विध्वंसक पोत का जलावतरण असफल रहने के मामले में चार अधिकारियों को हिरासत में लिया है। देश के सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने जलावतरण के दौरान पोत के क्षतिग्रस्त होने की घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि यह आपराधिक लापरवाही के कारण हुआ है। उत्तर कोरिया की नौसेना के लिए अहम माना जा रहा 5,000 टन वजनी विध्वंसक युद्धपोत अपने जलावतरण समारोह के दौरान पिछले सप्ताह बुधवार को क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कार्यक्रम में उत्तर कोरिया के नेता किम भी शामिल हुए थे। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में पोत स्थल पर एक ओर पड़ा हुआ और नीले रंग के कवर से ढका नजर आ रहा था। पोत के कुछ हिस्से पानी में डूबे दिख रहे थे। देश के दूसरे ज्ञात विध्वंसक युद्धपोत के जलावतरण में विफलता किम के लिए शर्मिंदगी की बात है। किम अमेरिकी नेतृत्व वाली सैन्य चुनौतियों से निपटने के लिए नौसैनिक बलों को मजबूत करने पर जोर देते हैं। उत्तर कोरिया ने पिछले महीने अपने पहले विध्वंसक पोत का जलावतरण किया था। यह भी 5,000 टन वजनी पोत है।

## ऑफ बीट

# अधिकतर लोग मरने के बाद 'डिजिटल विरासत' छोड़ते हैं



कल्पना कीजिए कि आप अपने किसी उस प्रियजन की याद में आयोजित कार्यक्रम के लिए संगीत का चयन कर रहे हैं जिसकी मृत्यु हो गई है लेकिन आपको उसका पसंदीदा गीत याद नहीं आ रहा। डिजिटल विरासत को आमतौर पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है: डिजिटल संपत्तियां और डिजिटल उपस्थिति। डिजिटल संपत्तियों में आर्थिक मूल्य वाली सामग्री शामिल हैं। उदाहरण के लिए डोमेन नाम, वित्तीय खाते, मुद्रीकृत सोशल मीडिया, ऑनलाइन व्यवसाय, वर्चुअल मुद्राएं, डिजिटल सामग्री और व्यक्तिगत डिजिटल आईपी। इन तक पहुंच पासवर्ड या गोपनीयता कानूनों के तहत प्रतिबंधित होती है। डिजिटल उपस्थिति में ऐसी सामग्री शामिल होती है जिसका कोई मौद्रिक मूल्य नहीं है लेकिन इसका व्यक्तिगत महत्व बहुत बड़ा हो सकता है। उदाहरण के लिए, हमारी तस्वीर और वीडियो, सोशल मीडिया प्रोफाइल, ईमेल या 'चैट थ्रेड' और 'क्लाउड' या सोशल मीडिया मंच सेवाओं में संग्रहीत अन्य सामग्री। यह डेटा हमारी प्राथमिकताओं, शौक और दैनिक जीवन की प्रणाली को दर्शाता है। यह सब मौत के बाद डिजिटल जीवन पर हमारी पहचान, गोपनीयता और कॉरपोरेट अधिकार के बारे में व्यावहारिक और नैतिक दोनों तरह के सवाल उठाता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# बारिश का 107 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा, सड़कें बन गईं दरिया और ट्रेनों व उड़ानों पर भी लग गया ब्रेक

## मुंबई में 75 साल में सबसे जल्दी आया मानसून, पर दैनिक जीवन को डाला मुसीबत में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां भारी बारिश से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। मानसून ने 75 साल में सबसे जल्दी शहर में दस्तक दे दी है। मई महीने में हुई बारिश ने शहर का 107 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सोमवार की सुबह शहर में भारी बारिश हुई, जिससे यातायात, जलभराव और लोकल ट्रेनों के निलंबन सहित दैनिक जीवन में अच्छी खासी परेशानी देखी गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई में पिछले 75 वर्षों में सबसे पहले पहुंचा है। मानसून अपनी सामान्य तिथि 11 जून से 16 दिन पहले आ गया है। दिन में पुणे में भी मानसून पहुंचा।आईएमडी की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 1956 में 29 मई को मुंबई पहुंचा था। यह 1962 और 1971 में भी इसी तिथि को पहुंचा था। कुछ घंटों की लगातार बारिश के कारण मुंबई के कई निचले इलाकों और रेलवे ट्रैक पर जलभराव हो गया। इससे सोमवार सुबह सड़कों और लोकल ट्रेन सेवाओं पर यातायात प्रभावित हुआ।



**एक दिन में ही कई शहर हो गए लबालब**

आईएमडी के अनुसार सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे के बीच कोलाबा में 105.2 मिलीमीटर, सांताक्रूज (55 मिमी), बांद्रा (68.5 मिमी), जुहू एयरपोर्ट (63.5 मिमी), चेंबूर (38.5 मिमी), विक्रोली (37.5 मिमी), महालक्ष्मी (33.5 मिमी) और सायन (53.5 मिमी) बारिश हुई।




### देशभर के कई राज्यों में भयंकर बारिश-आंधी का अलर्ट

- कासरगोड के लिए 'रेड अलर्ट' जारी कर भारी बारिश का जताया अनुमान
- पूर्वोत्तर भारत में 7 दिन के दौरान तेज बारिश, आंधी की जताई संभावना
- केरल, लक्षद्वीप, दक्षिण तटीय महाराष्ट्र, गुजरात क्षेत्र में अलर्ट
- दक्षिण-पूर्व राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, नॉर्थ उत्तर प्रदेश, मेघालय, मणिपुर में तेज बारिश की संभावना
- तमिलनाडु के घाट क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना

### केरल में भारी बारिश का कहर

## पेड़ उखड़े, सेना तैनात, कई लोग राहत शिविर भेजे गए



मल्लप्पुरम। केरल के उत्तरी जिलों में मूसलाधार बारिश का कहर लगातार जारी है, जिससे कई क्षेत्रों में लोगों को राहत शिविरों और सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। भारी वर्षा से राज्य भर में बड़े पैमाने पर पेड़ उखड़ गए हैं, जिससे गांव, कस्बे और पहाड़ी क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, जबकि कई नदियों और जलाशयों का जलस्तर बढ़ने से निवासियों लिए खतरा पैदा हो गया है। मल्लप्पुरम जिले में भारी बारिश के चलते केले के खेत में बना एक कुंआ अचानक धंस गया। वायनाड के सुल्तान बाथरी के पुजमकुनी गांव से कई आदिवासी परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

### त्रिशूर में यातायात बाधित हो गया

त्रिशूर जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण पेड़ों के व्यापक रूप से उखड़ जाने से खतरा बढ़ गया और विभिन्न स्थानों पर यातायात बाधित हो गया। त्रिशूर-गुरुवायूर रेल मार्ग पर एक पेड़ उखड़कर गिर गया है। तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण अट्टापडी और नेल्लियामपथी क्षेत्रों सहित पलक्कड़ जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कोझिकोड से कई लोगों को पड़ोसी कोझिकोड जिले के राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

**कोझिकोड में लोगों को सतर्क रहने के कहा**

कोझिकोड जिला प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है, क्योंकि पूनूर पुझा का जलस्तर कोलिकल में खतरे के स्तर से ऊपर और कुन्नमंगलम में चेतावनी स्तर से ऊपर पहुंच गया है।



### उपनगरीय ट्रेनें और सड़क यातायात प्रभावित

आंधी और तेज हवा की चेतावनी के बीच मुंबई के कई इलाकों, खासकर द्वीपीय शहर में कुछ घंटों तक तेज बारिश हुई। मध्य रेलवे नेटवर्क पर मस्जिद, बायकुला, दादर, माटुंगा और बदलापुर रेलवे स्टेशनों पर ट्रैक जलमग्न हो गए। किंग्स सर्कल, मंत्रालय, दादर टीटी ईस्ट, परेल टीटी, कालाचौकी, चिंचपोकली और दादर स्टेशन सहित निचले इलाकों में जलभराव देखा गया।

### पुणे में फटा बादल, लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

पुणे (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने बताया कि इंदापुर के पास पुणे-सोलापुर राजमार्ग का एक हिस्सा जलभराव के कारण लगभग दो घंटे तक बंद रहा, लेकिन पानी कम होने के बाद यातायात फिर से शुरू हो गया।इंदापुर के 70 गांवों के कई घरों और बारामती के 150 घरों में बारिश का पानी घुस गया, जिससे स्थानीय अधिकारियों को निवासियों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### विभाग ने लहरें उठने की संभावना जताई, अलर्ट

आईएमडी ने अगले 24 घंटों में मुंबई के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगाया है। पूर्वानुमान में कहा गया कि आम तौर पर बादल छाए रहेंगे। 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और शहर और उपनगरों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।' बीएमसी ने बताया कि सुबह 11.24 बजे 4.75 मीटर तक लहरें उठ सकती हैं। फिर रात 11.09 बजे 4.17 मीटर तक लहरें उठने की उम्मीद है।

---

## पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकारी

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भाजपा के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के लिए सोमवार का दिन बड़ी राहत लेकर आया।



पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को सिंह के खिलाफ पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार करते कर ली। इस रिपोर्ट में सिंह पर नाबालिग होने पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक पहलवान द्वारा दायर मामले को रद्द करने की मांग की गई थी। पुलिस ने साल 2023 में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गोमती मनोचा ने सिंह के खिलाफ पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को मंजूर कर लिया। कोर्ट ने कहा, 'लोजर रिपोर्ट स्वीकार की गई। एक अगस्त, 2023 को एक इन-चैंबर कार्यवाही के दौरान नाबालिग पहलवान ने न्यायाधीश को बताया कि वह दिल्ली पुलिस की जांच से संतुष्ट है और क्लोजर रिपोर्ट का विरोध नहीं करती।

दिल्ली पुलिस ने 15 जून, 2023 को नाबालिग से संबंधित मामले को रद्द करने की मांग करते हुए क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी। यह कदम तब उठाया गया जब नाबालिग के पिता ने दावा किया कि उन्होंने बृजभूषण के खिलाफ कथित अन्याय का बदला लेने के लिए यौन उत्पीड़न की झूठी शिकायत दर्ज की थी। पुलिस ने जांच में 'कोई पुष्ट सबूत' न मिलने का हवाला देते हुए पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले को हटाने की सिफारिश की थी।

---

### पीएम ने दाहोद में 24,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा तो आज का भारत उसे 'समूल' मिटा देगा



एजेंसी ▶▶ दाहोद

पीएम मोदी ने दाहोद में करीब 24,000 करोड़ की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।वेरावल और अहमदाबाद के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस और वलसाड और दाहोद स्टेशनों के बीच एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र मां भारती की, मानवता की रक्षा के लिए हमारे तप और त्याग को दर्शाता है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है? क्या मोदी चुप बैठ सकता है? अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों और हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। मोदी ने वही जवाब दिया है।

**प्रधानमंत्री ने लोगों को किया संबोधित, 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी किया जिक्र**

### हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटाई

पीएम मोदी ने कहा किमोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारे शूरवीरों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमापार चल रहे 9 आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला और 22 तारीख को उन्होंने जो खेल खेला था, 6 तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी।



### आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण हमारा लक्ष्य

उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद नए-नए बने देश का एक ही लक्ष्य था- भारत से नफरत करना और हमारी प्रगति को रोकने की कोशिश करना, लेकिन हमारा एक ही लक्ष्य है- आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण करना। वास्तव में विकसित भारत तभी संभव है, जब हमारी सशस्त्र सेनाएं मजबूत हों और हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो। हम पूरी लगन और दृढ़ संकल्प के साथ लगातार उस दिशा में काम कर रहे हैं।



**पीएम मोदी की दुश्मनों को सख्त चेतावनी**

### कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद दिया

उन्होंने कहा कि गुजरात के आप सभी लोगों में मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया और बाद में देश के कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद देने में कोई कमी नहीं रखी। आपके आशीर्वाद की शक्ति से मैं दिनरात देशवासियों की सेवा में जुटा रहा। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ा है।

**देश निराशा से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा**

मोदी ने कहा कि आज देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा है। आज हम देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं। देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए वो हम भारत में ही बना रहे।

**जरूरी तकनीक खुद बना रहे दुनिया में निर्यात कर रहे**

उन्होंने कहा कि आज हम स्मार्ट फोन से लेकर, गाड़ियां, खिलौने, सेना के अस्त्र-शस्त्र और दवाओं जैसी चीजें दुनिया के देशों में निर्यात कर रहे हैं। आज भारत रेल, मेट्रो और इसके जरूरी तकनीक खुद बनाता भी है और दुनिया में निर्यात भी करता है।

**मैंने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़ा देशसेवा से नाता जोड़ा**

पीएम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। मोदी ने वही किया जिसके लिए लोगों ने मोदी को चुना है। पीएम ने कहा कि मैंने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़कर सबक सिखाया है। देश सेवा कर रहे।

**मैंने वही किया, जिसके लिए देश ने मुझे प्रधान सेवक बनाया**

पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा कि मैंने तीनों सेनाओं को पूरी छूट दी और हमारे बहादुर सैनिकों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने दशकों में नहीं देखा था। मैंने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है।

**26 मई का ऐतिहासिक दिन, देश ने कई अकल्पनीय फैसले लिए**

पीएम मोदी ने सोमवार को कहा कि 2014 में आज ही के दिन उन्होंने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उसके बाद देश ने कई अकल्पनीय और अभूतपूर्व फैसले लिए हैं। पीएम ने कहा कि आज 26 मई है।

---

### सैलजा ने वन मंत्री भूपेंद्र को लिखा पत्र

## एनएच-9 नोटिफाइड फॉरेस्ट लैंड' को डि-नोटिफाई करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि सिरसा नगर से होकर गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 9 के दोनों ओर की भूमि को, जो वर्तमान में 'नोटिफाइड फॉरेस्ट लैंड' के अंतर्गत दर्ज है, डि-नोटिफाई कर नगर परिषद को सौंपा जाए क्योंकि वन विभाग की वजह से शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है।

सांसद ने स्पष्ट किया है कि व्यावहारिक रूप से इस भूमि पर न तो कोई घना वन क्षेत्र है और न ही वनस्पति मौजूद है। इस व्यवस्था के चलते नगर परिषद को हर छोटे-बड़े विकास कार्य जैसे टाइल ट्रैकिंग, सीवर लाइन बिछाना, जलापूर्ति पाइपलाइन, विद्युत पोल लगाना आदि के लिए वन विभाग से पूर्व अनुमति लेनी पड़ती है। इससे न केवल विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब होता है, बल्कि करोड़ों रुपये की कई योजनाएं वर्षों से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि सिरसा नगर में एनएच-9 के दोनों ओर की फॉरेस्ट लैंड को लेकर नगर परिषद और वन विभाग के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है, जिसके कारण सिरसा की विकास योजनाएं बाधित हुई हैं। करोड़ों की धनराशि व्यर्थ हो चुकी है। आमजन को इससे भारी असुविधा हो रही है।सैलजा ने सुझाव दिया है कि शहरी क्षेत्रों से होकर गुजरने वाली सड़कों के किनारों की ऐसी अधिसूचित भूमि को नीति स्तर पर डि-नोटिफाई किया जाए। वन कानूनों में संशोधन भी किए जाएं। यह विषय सीधे आम जन के जीवनस्तर, शहरी विकास से जुड़ा है। सांसद ने आशा जताई है कि केंद्र सरकार इस जनहित के मुद्दे को प्राथमिकता देगी और शीघ्र निर्णय लेगी, जिससे शहरी विकास कार्यों को गति मिल सके।

### विधायक अशोक अरोड़ा के साथ हुई अभद्रता पर कड़ा संज्ञान ले सरकार

कुरुक्षेत्र से विधायक अशोक अरोड़ा के साथ हुई अभद्रता को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ हाथापाई या अभद्रता का कोई स्थान नहीं है। जब विपक्ष के विधायक सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा? कुमारी सैलजा ने कहा कि हमलावरों ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया, लेकिन नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। विधायक के साथ इस प्रकार का व्यवहार लोकतंत्र की हत्या है। कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि ब्यूरोक्रेसी को पत्र लिखकर इस प्रकार की घटनाओं पर पूरी से अंकुश लगाया जाए और कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही जन प्रतिनिधियों के साथ प्रोटोकॉल का पालन किया जाए।

---

### सांसद गौरव गोगोई बने असम के नए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

## हिमंता बनाम गौरव: असम में सजने लगीं चुनावी मोहरें, गोगोई परिवार पर कांग्रेस ने जताया भरोसा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

असम विधानसभा चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है। बिसात सज गई हे। सियासी मोहरे सजाए जाने हैं। 'राजा' के सामने 'राजा' शह और मात के लिए तैनात कर दिए गए हैं। कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को मात देने के लिए तेजतर्रार युवा नेता गौरव गोगोई के हाथों में कमान दी है। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे हैं। असम की सियासत में एक छत्र राज करने वाले तरुण गोगोई 2001 से 2016 तक सूबे के मुख्यमंत्री रहे। अब उनकी सूबाई विरासत को संभालने गौरव को कांग्रेस ने आगे किया है। ये ठीक है कि अभी उन्हें मुख्यमंत्री चेहरा नहीं बनाया गया है लेकिन जिस तरह भाजपा के हिमंता ने गौरव को पिछले कुछ दिनों से निशाने पर लिया है उससे गौरव की सियासी ब्रांडिंग सीएम पद के लिए उन्होंने खुद कर दी है।

माना जा रहा है कि गौरव को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला कांग्रेस की ओर से एक रणनीतिक कदम है, जिसका उद्देश्य 2026 के असम विधानसभा चुनावों में पार्टी की स्थिति को मजबूत करना और सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी चुनौती देना है। गौरव की नियुक्ति से कांग्रेस को यह उम्मीद है कि तरुण के समर्थकों और पुराने वोटरों का विश्वास फिर से हासिल किया जा सकता है। गौरव के साथ ही, तीन युवा कार्यकारी अध्यक्षों (जाकिर हुसैन सिकदर, रोजलीना तिर्की, और प्रदीप सरकार) की नियुक्ति से पार्टी ने संगठन में युवा ऊर्जा को बढ़ावा देने का संदेश दिया है। गौरव और हिमंता के बीच लंबे समय से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता रही है। हिमंता, जो पहले तरुण गोगोई की कैबिनेट में मंत्री थे, 2015 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए और 2021 में मुख्यमंत्री बने।

---

### खंडवा में दिल दहला देने वाला कांड

## पहले सामूहिक बलात्कार फिर सरिया डाल कर आंत बाहर निकाली, कांग्रेस ने उठाए मप्र की कानून व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के खंडवा में आदिवासी महिला के साथ हुए जघन्य सामूहिक दुष्कर्म की घटना को 'आदिवासी निर्भया कांड' करार देते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने भाजपा सरकार और प्रशासन की निष्क्रियता पर जमकर निशाना साधा।



डॉ. भूरिया ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रहे जघन्य अपराधों से हर किसी की रूह कांप उठती है, लेकिन सरकार और प्रशासन गहरी नींद में सोए हैं। दिल्ली जैसे महानगरों में होने वाले बड़े अपराधों को तो मीडिया में प्रमुखता से जगह मिलती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में घटित होने वाले ऐसे भयावह अपराध अक्सर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं।खंडवा की घटना पर डॉ. भूरिया ने बताया कि शराब के नशे में धुत आरोपियों ने एक आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और उसके बाद सरिया डालकर उसकी बच्चेदानी एवं आंतें तक बाहर निकाल दी। पीड़ित महिला ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया और जब उसकी 16 वर्षीय बेटी जब मौके पर पहुंची तो वह भी सदमे से बेहोश हो गई।

डॉ. भूरिया ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से विफल और बेलगाम हो गई है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के पास गृह मंत्रालय होने के बावजूद राज्य में इस तरह की घटनाएं कैसे हो रही हैं? उन्होंने बताया कि जब से मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री का पद संभाला है, मध्य प्रदेश में दुष्कर्म के मामलों में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इनमें से 26 प्रतिशत मामलों में पीड़ित महिलाएं आदिवासी समुदाय से हैं। उन्होंने कुछ समय पहले भोपाल में नाबालिग बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना का भी उल्लेख किया, जिसमें पीड़िता को रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए 600 किमी दूर महूगंज जाने के लिए कहा गया। डॉ. भूरिया ने कहा कि मप्र में शराबबंदी के नाम का केवल नाटक होता है। सरकार धार्मिक स्थलों पर शराब बंद करने की बातें करती है, लेकिन शराब माफियापर उसका कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश रेप कैपिटल और शराब की राजधानी बनता जा रहा है। डॉ. भूरिया ने कहा कि 31 मई को प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के भोपाल दौरे पर आ रहे हैं, जहां एक महिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे वहां सुनिश्चित करें कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# रिटर्न के लिए आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला ढांचा बनाएगा एसबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि बैंक अनुशासित लागत प्रबंधन, कम लागत वाली जमाराशियों और शुल्क आधारित आय के विस्तार के आधार पर स्थायी रिटर्न के लिए एक ऐसा ढांचा विकसित कर रहा है जिसे आसानी से बढ़ाया जा सके।

- बैंक स्थायी रिटर्न के लिए एक ढांचा विकसित कर रहा

शेट्टी ने बैंक के शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा, ''चालू खाते और बचत खाते (कासा) में मजबूत वृद्धि, डिजिटल क्रॉस-सेलिंग क्षमताओं और मार्जिन के लिहाज से संवेदनशील परिसंपत्ति आवंटन के साथ हम स्थायी रिटर्न के लिए एक आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला मॉडल तैयार कर रहे हैं।

## बैंक के चेयरमैन शेट्टी ने शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा

### सबसे आगे की और देखने वाला बैंक बनेगा

चेयरमैन ने वित्त वर्ष 2024-25 की सालाना रिपोर्ट में कहा, ''एक साथ ये रणनीतिक कदम हमें न केवल भारत के सबसे बड़े बैंक के रूप में, बल्कि ग्राहकों और निवेशकों दोनों के लिए दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए विश्वास, पैमाने और नवाचार को संतुलित करते हुए सबसे आगे की ओर देखने वाले बैंक के रूप में स्थापित करते हैं।''




### बाजार नेतृत्व कायम रखने पर जोर

शेट्टी ने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में एसबीआई का रणनीतिक ध्यान परिचालन दक्षता में सुधार, ग्राहक अनुभव को बढ़ाने, बाजार नेतृत्व कायम रखने, मानव संसाधन क्षमताओं को मजबूत करने, जोखिम-समायोजित वृद्धि का समर्थन करने और लाभप्रदता में सुधार करने पर है।

### परिचालन दक्षता में सुधार पर ध्यान

चेयरमैन ने कहा कि परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए एसबीआई स्वचालन और डेटा-संचालित निर्णय लेने का उपयोग करके प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर रहा है। उन्होंने कहा कि एसबीआई का लक्ष्य खासकर ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में उभरते खंडों के लिए एक सहज और समावेशी अनुभव प्रदान करना है।

### 70,901 रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज

एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70,901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है जो वित्त वर्ष 2023-24 के 61,077 करोड़ रुपये से 16 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बैंक सतत और जोखिम-समायोजित वृद्धि हासिल करने के लिए ऋण क्षमता मूल्यांकन, पोर्टफोलियो निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी का पता लगाने के लिए उन्नत विश्लेषण तरीकों का फायदा उठा रहा है।

### आरबीआई को डॉलर की बिक्री व ब्याज की आय से हुई कमाई

मुंबई। अमेरिकी डॉलर की बिक्री और प्रतिभूतियों से हुई ब्याज आय की वजह से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने केंद्र सरकार को रिकॉर्ड 2.7 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक लाभांश देने की घोषणा की है। विश्लेषकों ने सोमवार को यह बात कही।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all concerned that **Sh. Sapan Gulati S/o Late Sh. Prem Kumar R/o D-36, Sector-30, Noida, U.P-201301 is owner of Plot No.6/9, Block-D situated at Okhla Industrial Area Phase-II, New Delhi** vide File No. **F.5(32)1984/LSB/I**, lost the Original **Demand Letter, Possession Letter, Site Possession Slip, Perpetual lease deed, Payment Challans, Partnership Deed and other Documents** of the above said property An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide FIR No. **212/87 dated 08/09/1987.** Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No.9810096860 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (Indl), or Asstt, Director (Indl), A-Block, First Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

## ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने जारी की रिपोर्ट

# सेवाओं, रक्षा, रॉयल्टी से राजस्व जोड़ने पर अमेरिका को 40 अरब डॉलर का अधिशेष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ वस्तु व्यापार में 44.4 अरब डॉलर का घाटा होने के बावजूद अमेरिका शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय गतिविधियों, रॉयल्टी और हथियारों के व्यापार से हासिल राजस्व को जोड़ने पर 35-40 अरब डॉलर के अधिशेष की स्थिति में है।

जीटीआरआई ने एक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका के पक्ष में कुल व्यापार अधिशेष होने की स्थिति भारत को व्यापार समझौते पर जारी बातचीत में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, घाटा बढ़ने के दावों का कड़ा विरोध करने और निष्पक्ष एवं संतुलित शर्तों की मांग करने की हर वजह देती है।

### भारत को बाजार खोलने के लिए व्यापार अंतर का जिक्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर इस व्यापार अंतर का जिक्र किया है, जिसमें भारत पर व्यापार से अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका घाटे के आंकड़ों का इस्तेमाल भारत को शुल्क कम करने और अपना बाजार खोलने को मजबूर करने के लिए भी कर रहा है।

## भारत को वस्तु व्यापार में 44.4 अरब डॉलर का घाटा

### अमेरिका के बीच व्यापार 186 अरब डॉलर रहा

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के लिए उन क्षेत्रों में व्यापक रियायतें देने का कोई कारण नहीं है जिनका व्यापार संतुलन से कोई लेना-देना नहीं है, खासकर जब ये रियायतें भारतीय बाजार से अमेरिका की पहले से ही प्रमुख आय को और बढ़ाएंगी। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 186 अरब डॉलर रहा।




- ट्रंप ने कई मौकों पर इस व्यापार अंतर का जिक्र किया है
- भारत पर व्यापार से अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया गया

### अमेरिका- भारत के साथ बिल्कुल घाटे में नहीं

श्रीवास्तव ने कहा, ''ये भारी कमाई संकीर्ण वस्तु व्यापार के आंकड़ों में नहीं दिखती है। जब आप उन्हें कारक मानते हैं, तो अमेरिका भारत के साथ बिल्कुल भी घाटे की स्थिति में नहीं है। असल में यह 35-40 अरब डॉलर अधिशेष की स्थिति में है।''

### अमेरिका भारत से हर साल 85 अरब डॉलर कमाता है

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''भारत के साथ व्यापार में घाटे की अमेरिकी कहानी भ्रामक और अधूरी है। असलियत यह है कि अमेरिका शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय संचालन, बौद्धिक संपदा रॉयल्टी और हथियारों की बिक्री के माध्यम से भारत से हर साल चुपचाप 80-85 अरब डॉलर कमाता है।''

### अमेरिका- भारत से उच्च शिक्षा के जरिए कमाता है

जीटीआरआई के मुताबिक, अमेरिका के लिए भारत से कमाई का सबसे बड़ा जरिया उच्च शिक्षा क्षेत्र है। अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्र हर साल 25 अरब डॉलर से अधिक खर्च करते हैं, जिसमें से लगभग 15 अरब डॉलर पढ़ाई और 10 अरब डॉलर रहने-खाने पर खर्च होते हैं।

### भारत को अमेरिकी रक्षा उत्पातों के बिक्री से अरबों डॉलर मिलते हैं

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को अमेरिकी रक्षा उत्पादों की बिक्री से भी अरबों डॉलर मिलते हैं। हालांकि, रक्षा बिक्री के सटीक आंकड़े गोपनीयता के कारण अक्सर सामने नहीं आ पाते हैं। इसके अलावा गूगल, मेटा, अमेजन, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियां भी भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल बाजार में बिक्री के जरिये सालाना 15-20 अरब डॉलर की कमाई करती हैं।

## रुपया 35 पैसे की बढ़त के साथ 85.10 प्रति डॉलर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशों में डॉलर के कमजोर होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया लगातार दूसरे सत्र में तेजी के साथ 35 पैसे उछलकर 85.10 पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2024-25 के लिए सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा से रुपये को मजबूती मिली। हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में मामूली सुधार ने इसकी बढ़त को सीमित कर दिया।

**कार्यालय सब रजिस्ट्री, पटौदी**

क्रमाक 177 / आर० सी० दिनांक 21 / 05 / 2025
विषयः– प्रोपर्टी आई डी नम्बर 7PBD2JB2 की तसदीक कराने बारे ।
एक प्रोपर्टी आई डी नम्बर 7PBD2JB2 वाका पटौदी तहसील पटौदी, जिला गुरुग्राम, हरियाणा बारकबा 60.150 वर्गगज बीर पाल सिंह (आधार नम्बर 9558 2888 5878 व पेन नम्बर IFBPS37791 ) पुत्र बनी सिंह निवासी मकान नम्बर 139, पोली पाना, वार्ड नम्बर 5 पटौदी, तहसील पटौदी, जिला गुरुग्राम, हरियाणा का मौके पर कब्जा है। जोकि कमेटी की प्रोपर्टी आई डी नम्बर 7PBD2JB2 इनके नाम दर्ज है। कब्जा बाबत पार्षद व नम्बदार की रिपोट साथ लफ है। अतः उपरोक्त रकबा बाबत किसी को भी किसी प्रकार का कोई उजर एतराज ना है। वह प्रकाशन होने के 07 दिन के अन्दर–अन्दर तहसील कार्यालय पटौदी जिला गुरुग्राम में आकर अपना एतराज पेश कर कर सकते हैं।

संयुक्त सब रजिस्ट्रार पटौदी

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **प्रदीप पचारी पुत्रः** जगदीश **पताः** ए–120, लव कुश का मकान, गली नंबर 29, 4–1 / 2 पुस्ता, सोम बाजार, उस्मानपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 301/18, U/s 20 NDPS Act थानाः भजनपुरा, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप पचारी,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप पचारी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 301/18, U/s 20 NDPS Act थानाः भजनपुरा, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **प्रदीप पचारी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
जेएमएफसी–01, कमरा नंबर 73
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली

DP/6117/NE/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश शर्मा पुत्र शिव कुमार शर्मा निवासी कन्हैया चौक बैंक कॉलोनी, करनाल बाई पास, जगाद्री यमुना नगर, हरियाणा एवंः एलआईसी बिल्डिंग आसफ अली रोड के पास फुटपाथ, कमला मार्केट, दिल्ली** ने case **FIR No. 152/2023 U/s 21 NDPS Act, थाना हौज़ काजी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **आकाश शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आकाश शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 152/2023 U/s 21 NDPS Act, थाना हौज़ काजी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आकाश शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 01.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एकता गौबा मान
एलडी. विशेष न्यायाधिश एनडीपीएस
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 11
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6465/CD/2025(Court Matter)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शेयर बाजार में रही तेजी सेंसेक्स 455 अंक चढ़ा

**मुंबई।** भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और यूरोपीय संघ पर लगाए गए अमेरिका के 50 प्रतिशत सीमा शुल्क को नौ जुलाई तक टालने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और सेंसेक्स 455 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 148 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक चढ़कर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 771.16 अंक चढ़कर 82,492.24 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 148 अंक चढ़कर 25,001.15 अंक पर बंद हुआ।

## ऑडी इंडिया की नीरज चोपड़ा के साथ भागीदारी...



**नई दिल्ली।** लक्जरी कार कंपनी ऑडी इंडिया ने भाला फेंक में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ भागीदारी की है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि ऑडी में हम उन लोगों के लिए खड़े हैं जिनके लिए सीमाएं मायने नहीं रखती...नीरज चोपड़ा उस भावना से मेल खाते हैं। ढिल्लों ने कहा कि उनकी एकाग्रता, गति तथा बेजोड़ प्रदर्शन उन्हें ऑडी के लिए उपयुक्त विकल्प बनाता है...। चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऑडी परिवार में शामिल होने और एक ऐसे ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूं जो अपने हर काम में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।'

## साहित्य और संस्कृति के खूबसूरत तान सुरों, शब्दों और संस्कृति का दो दिवसीय - जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत का समापन

**नई दिल्ली।** शास्त्रीय गायन, गज़ल और लोकसंगीत, मुशायरा और कवि सम्मेलन, रक्स, पैनल चर्चाएँ, कव्वाली, वाद्य और शास्त्रीय नृत्य आदि की दमदार प्रस्तुतियाँगुरुग्राम, मई 25, 2025: गुरुग्राम एक ऐसे आयोजन का गवाह बना, जिसने भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति के प्रति लोगों के प्रेम को एक नई ऊँचाई दी। गुरुग्राम के द एस्प्लेनेड मॉल, सेक्टर 37सी में दो दिवसीय साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत अद्भुत गतिविधियों से गुलज़ार हुआ, जिसमें शास्त्रीय गायन, गज़ल गायन, पैनल चर्चा, नाटक, मुशायरा और कवि सम्मेलन, वाद्ययंत्र, शास्त्रीय नृत्य और लोक गायन आदि शामिल रहें। कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रखा गया।



## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा–क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद–विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## वीआईटी एवं टीएनएमजीआरएमयू में एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान पर शोध के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षरित

**नई दिल्ली।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) और तमिलनाडु डॉ. एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी (टीएनएमजीआरएमयू) ने स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुप्रयोग में सहयोगी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की है। इस पहल को औपचारिक रूप देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें शामिल हैं: शिक्षण में सहयोग, संयुक्त अनुसंधान, सामाजिक रूप से जागरूक उत्पाद डिजाइन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण। वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. जी.वी. सेल्वम और टीएनएमजीआरएमयू के कुलपति डॉ. के. नारायणसामी ने वीआईटी चेन्नई के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. टी. त्यागराजन, चांसलर के सलाहकार डॉ. एस.पी. त्यागराजन और टीएनएमजीआरएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. के. शिवसंगीता की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने, पीएचडी पर्यवेक्षण, अनुसंधान एवं विकास प्रस्तावों को प्रस्तुत करने, संयुक्त प्रकाशन, नई तकनीकों के विकास और संयुक्त पेटेंट फाइलिंग पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त, यह समझौता नैदानिक सत्यापन प्रक्रियाओं, नैतिक मंजूरी और अन्य सहयोगी गतिविधियों को बढ़ावा देता है जो अनुवादात्मक अनुसंधान और नवाचार का समर्थन करते हैं। इस साझेदारी के माध्यम से वीआईटी एवं टीएनएमजीआरएमयू का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान और सामाजिक प्रभाव के लिए मानक को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है।



## सोना 550 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,170 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले सप्ताह बुधवार से सोने की कीमतों में 2,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। साथ ही, चांदी की कीमत 1,170 रुपये बढ़कर 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, ''राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय संघ के सामान पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की समयसीमा को नौ जुलाई तक टालने के बाद सुरक्षित-निवेश विकल्प माने जाने वाले सराफा की मांग कमजोर पड़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आई।''

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन जीन्द | वाटरकोर्स आउटलेट आरडी 229000–आर हांसी ब्रांच का विस्तार + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.06.2025 | ऑनलाइन प्रकाशित एनआईटी में उल्लेखित अनुसार | https://etenders.hry.nic.in | 9991129289 xenjindcad1@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35112/I/88/7 दि. 26.05.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद जीन्द | रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी का चयन। | 09.05.2025 02.06.2025 | 14.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9992390006 mcjind2013@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद जीन्द | प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन के लिए एजेंसी का चयन। | 24.05.2025 16.06.2025 | 25.18 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9992390006 mcjind2013@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35092/I/88/7 दि. 26.05.25

## शब्द पहेली - 5879




**बाएँ से दाएँ**
1.उथल–पुथल, कोलाहल–4
5.अस्पताल–4
8.पक्षाघात–3
9.मिट्टी, धूल–2
11.पुष्प, फूल, सुमन–3
12.बुरे कार्य करनेवाला–4
14.जादू, तंत्र–मंत्र–2
15.सौत, सपत्नी–3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा–2
19.नगर में रहनेवाले–5
22.गणपति, गणेश–5
25.बागवान–2
26.जुदा, पृथक्–3
27.जी, इच्छा–2
28.पहरेदार–4
30.सिसकना–3
31.रहस्य–2
33.सोना, धतूरा–3
35.हृदयगति, स्पंदन–4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री–2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य–2
3.राम–सीता के पुत्र–2,2
4.टालना–2,3
5.स्याही रखने का पात्र–3
6.क्षार–2
7.सुंदरी (उर्दू–4)
10.जबरदस्ती–4
13.होशियार–3
16.पुत्र, बेटा–3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना–2
18.जान, जीवन–2
20.जहर, विष–3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद–2
22.छोटा रास्ता, कूचा–2
23.अपवित्रता (उर्दू–3)
24.पक्षियों का शोर–4
25.मानसिक सोच–5
26.गुनाह, जुर्म–4
28.रखवाली करना–4
29.मुर्गा–3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है–2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म–2

**शब्द पहेली- 5878 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | य | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |









# युवेंटस की चैंपियंस लीग में एंट्री

एजेंसी ▶▶| रोम

मैनुअल लोकाटेली के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से युवेंटस ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई किया।

मौजूदा सत्र में युवेंटस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और इस साल मार्च में जब इगोर ट्यूडर को टीम की जिम्मेदारी (कोच) दी गई तो उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि टीम चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर सके। उन्होंने मुश्किल से ही सही लेकिन अपना लक्ष्य पूरा किया। टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंटस रोमा से एक अंक आगे रहा। रोमा ने टोरिनो में 2-0 से जीत हासिल करके यूरोपा लीग में जगह बनाई।पहले ही रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया ने दूसरे मिनट में डेनियल फिला के गोल से युवेंटस को सकते में डाल दिया। केनान यिल्डिज और रैंडल कोलो मुआनी के छह मिनट के अंदर किए गए गोल से युवेंटस ने मैच के 31वें मिनट में बढ़त कायम कर ली। मध्यांतर के बाद रीडगेसियानो हैप्स ने वेनेजिया के लिए बराबरी का गोल किया। लोकाटेली ने 73वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी जो निर्णायक साबित हुआ।

# लेवांडोव्स्की के दो गोल से जीता बार्सीलोना



**मैड्रिड।** ला लीगा का खिताब पहले ही पक्का कर चुकी बार्सिलोना ने रविवार को यहां एथलेटिक बिलबाओ पर 3-0 की जीत के साथ अपने अभियान को शानदार तरीके से खत्म किया। बार्सिलोना के दिग्गज रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने बिलबाओ में 14वें और 17वें मिनट में गोल करके लीग सत्र का समापन 27 गोल के साथ किया, जो कि एमबापे से चार कम है। बार्सिलोना ने अपना अभियान 28 जीत, चार ड्रॉ और छह हार से 88 अंक के साथ खत्म किया। यह दूसरे स्थान पर रहे रियल मैड्रिड से चार अंक अधिक है। छत्तीस साल के लेवांडोव्स्की ने इसके साथ ही बार्सीलोना के साथ अपने गोल का शतक भी पूरा किया। उन्होंने इस टीम के साथ तीन सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में अब तक कुल 101 गोल कर लिए हैं।

फ्रेंच ओपन

# नडाल ने कहा- संन्यास से खुश हूं छह महीने से रैकेट नहीं उठाया




**पेरिस।** रफेल नडाल ने अपने शानदार कॅरियर का आखिरी मैच खेलने के बाद से पिछले छह महीने में टेनिस रैकेट नहीं उठाया है और उनका कहना है कि अब वह सिर्फ नुमाइशी मैच खेलने के लिए ही रैकेट उठाएंगे और संन्यास के अपने फैसले से खुश हैं। उन्हें इस बात का कोई मलाल नहीं कि 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जिताने वाली प्रतिस्पर्धी भावना भीतर से खत्म होने के बाद खेल से विदा लेने में उन्होंने देर नहीं की। उन्होंने सर्वाधिक 14 बार फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। नडाल ने कहा, 'मैं अब गोल्फ खेलने का मजा लेता हूं और बाकी चीजों में भी आनंद आ रहा है। मुझे टेनिस की उतनी कमी नहीं खल रही क्योंकि मेरे पास जितना कुछ था, मैंने टेनिस को दे दिया। अब मुझे मानसिक रूप से सुकून है। मेरा शरीर फिर से कोर्ट पर उतरने की अनुमति नहीं देता। मैं जितना कर सकता था, मैंने किया और बेहतरीन कॅरियर रहा। अब जीवन के नए दौर का मजा ले रहा हूं।'

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 9 | 4 | 19 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### एससीए का आयोजन सात से 20 जून तक

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने सोमवार को कहा कि उसकी टी20 लीग सात से 20 जून तक खेली जाएगी। सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग में पांच टीमें होंगी और इसमें 20 मैच होंगे। एससीए के अध्यक्ष जयदेव शाह ने एक बयान में कहा, 'सौराष्ट्र क्रिकेट संघ का यह टूर्नामेंट हमारे क्षेत्र में खेल को पेशेवर स्तर बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। सौराष्ट्र प्रो टी-20 लीग में सौराष्ट्र और कच्छ तथा अन्य क्षेत्रों के शीर्ष स्तरीय और उभरती हुई प्रतिभाएं भाग लेंगी।


### एक टीम के रूप में हम अच्छा नहीं खेले

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के



खिलाफ बड़ी हार के साथ अपने अभियान का अंत करने के बाद कहा कि उनकी गत चैंपियन टीम मौजूदा सत्र में एक इकाई के रूप में अच्छा खेलने में नाकाम रही। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को 110 रन से जीतकर गत उप विजेता सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है।

### टी20 विश्व कप मेरे दिमाग में है : राहुल



**नई दिल्ली।** भारत के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल अगले साल भारत में होने वाले विश्व कप के जरिए टी20 टीम में वापसी करना चाहते हैं और उन्होंने कहा कि इस प्रारूप से दूर रहने से उन्हें सफेद गेंद के प्रारूप में अपने खेल में सुधार का मौका मिला। राहुल पिछले तीन साल से भारत के लिए टी20 क्रिकेट नहीं खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार आस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप में खेला था जब भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार गई थी।

आईपीएलः अंक तालिका में टॉप पर पहुंची किंग्स

# इंग्लिस-प्रियांश के अर्धशतक, पंजाब ने इंडियन्स को सात विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| जयपुर




अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद जोश इंग्लिस और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मुकाबले में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराकर शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित की। प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी इन दोनों टीम के बीच हुए मुकाबले के विजेता का लीग चरण खत्म होने पर शीर्ष दो में रहना तय था। पंजाब की टीम ने लीग चरण में अपने अभियान का अंत 14 मैच में 19 अंक के साथ किया। टीम अभी शीर्ष पर है। मुंबई की टीम 14 मैच में 16 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। मुंबई के 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने इंग्लिस (73 रन, 42 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) और प्रियांश (62 रन, 35 गेंद, नौ चौके, दो छक्के) के बीच दूसरे विकेट की 109 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी नाबाद 26 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले 39 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से 57 रन की पारी खेली जिससे मुंबई इंडियन्स ने सात विकेट पर 184 रन बनाए। गेंदबाजों की मददगार पिच पर मुंबई ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और रेयान रिकेल्टन (27), कप्तान हार्दिक पंड्या (26), रोहित शर्मा (24) और नमन धीर (20) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने 28, मार्को यानसेन ने 34 और विजय कुमार विशाख ने 44 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब ने पावर प्ले में प्रभसिमरन सिंह (13) का विकेट गंवाकर 47 रन बनाए। प्रियांश ने ट्रेंट बोल्ट पर दो चौकों के साथ शुरुआत की। प्रभसिमरन ने दीपक पर छक्का और चौका मारा लेकिन जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) की गेंद पर अश्विनी कुमार को कैच दे बैठे।

## शीर्ष दो की जंग में प्लेऑफ की चार टीमें हारीं, बेंगलुरु की जीत पर नजर



**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग का अपना आखिरी लीग मुकाबले मंगलवार को खेलेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। सुपर जायंट्स की टीम हालांकि मौजूदा सत्र में अपने निराशाजनक अभियान का अंत जीत से करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगायेगी। गुजरात टाइटंस की लगातार हार ने तीसरे स्थान पर काबिज आरसीबी के लिए 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका बना दिया है। आईपीएल की तालिका में शीर्ष दो पायदान पर रहने वाली टीमों को तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के मुकाबले फाइनल में पहुंचने का एक अतिरिक्त मौका मिलता है। आरसीबी के नाम 17 अंक है और उसके लिए गलती की गुंजाइश बहुत कम है। शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत जरूरी है। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) में से कोई एक आज शाम होने वाले मुकाबले के बाद टाइटंस से (18 अंक) से आगे निकलने के लिए तैयार है।

## मुसेत्ती, सबालेंका, शेल्टन का फ्रेंच ओपन में जीत से आगाज



**पेरिस।** अमेरिका के 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने लोरेंजो सोनेगो को सीधे सेटों में 6-4, 4-6, 3-6, 6-2, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। शेल्टन ने आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में भी सोनेगो को हराया था। इससे पहले आठवीं वरीयता प्राप्त मुसेत्ती ने जर्मनी के क्वालीफायर यानिक हांफमैन को 7-5, 6-2, 6-0 से हराया। वहीं एरिना सबालेंका ने कामिला राखिमोवा को 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। ओलंपिक चैंपियन चीन की झेंग किंवेन ने फ्रेंच ओपन 2021 उपविजेता अनास्तासिया पी को 6-4, 6-3 से मात दी। पिछले साल की उपविजेता इटली की चौथी वरीयता प्राप्त जैसमीन पाओलिनी ने युआन यूइ को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने डेनमार्क के एल्मेर मोलेर को 6-7, 6-2, 6-3, 6-1 से हराया। वहीं उनके हमवतन फ्रांसिस टियाफो ने रोमन साफिउलिन को 6-4, 7-5, 6-4 से मात दी।

## विश्व कप क्वालीफाई करने का सुनहरा मौका



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में हर अंक के लिए मेहनत करेगा ताकि खिताब जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सके। भारतीय टीम एफआईएच अंकतालिका में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड शीर्ष पर और बेल्जियम दूसरे स्थान पर है। प्रो लीग का यूरोप चरण सात जून से शुरू होगा और टूर्नामेंट के विजेता को 2026 विश्व कप में अपने आप जगह मिलेगी।

## भारत के पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर ने भाला फेंक एफ42 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के महेंद्र गुर्जर ने स्विट्जरलैंड में नॉटविल विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की भाला फेंक एफ42 श्रेणी में 61.17 मीटर के प्रयास से विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 2022 में ब्राजील के रॉबर्टो फ्लोरियानी एडेनिलसन द्वारा बनाए गए 59.19 मीटर के पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया। महेंद्र ने अपने तीसरे प्रयास में भाले को 61.17 मीटर की विश्व रिकॉर्ड दूसरी तक फेंका। उनके शुरुआती दो प्रयास 56.11 और 55.51 मीटर के रहे। रविवार को उनके अंतिम तीन थ्रो 58.54 मीटर, 57.25 मीटर और 58.07 मीटर के रहे। एफ42 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके एक पैर की मूवमेंट मध्यम रूप से प्रभावित होती है। पैरालंपिक में दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाले और विश्व रिकॉर्ड धारक सुमित अंतिल ने भी पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में 72.35 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। एफ64 वर्ग उन एथलीटों के लिए है जिनके एक या दोनों पैरों में मामूली रूप से मूवमेंट प्रभावित होता है या अंग नहीं होता।

## भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**रोसारियो।** कनिका सिवाच के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में उरुग्वे को 3-2 से हराया। भारत के इस रोमांचक मुकाबले में कनिका (46वां और 50वां मिनट) के अलावा सोनम (21वां) ने गोल किए। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सेगल (तीसरा) और अगस्टिना मैरी (24वां) ने गोल किए। उरुग्वे ने तीसरे मिनट में ही सेगल के पेनल्टी कॉर्नर से बढ़त हासिल कर ली। सोनम ने दूसरे क्वार्टर में 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी दिलायी। इसके तीन मिनट के बाद ही मैरी ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर उरुग्वे को फिर से बढ़त दिला दी। भारत ने आखिरी क्वार्टर में चार मिनट के अंदर कनिका के दो गोल से वापसी की। कनिका ने पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और फिर मैदानी गोल कर टीम को बढ़त दिला दी जो आखिर तक कायम रही। भारत का अगला मुकाबला मंगलवार को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।



# जूनियर विश्व कप : तेजस्वनी ने 25 मीटर महिला पिस्टल में जीता स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| सुहल



भारतीय निशानेबाज तेजस्वनी ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में देश का दबदबा जारी रखते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तेजस्वनी ने आठ महिलाओं के फाइनल में पांच शॉट लगाकर कुल 31 अंक बनाए।

व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट के तौर पर भाग ले रही बेलारूस की एलिना नेस्टियारोविच ने 29 के साथ रजत पदक जीता जबकि हंगरी की मिरियम जाको ने 23 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। तेजस्वनी इससे पहले क्वालिफिकेशन चरण में 575 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही थी। चीन की ताओताओ झाओ इसमें 589 अंक के साथ शीर्ष पर थी। ताओताओ (18) हालांकि फाइनल में चीनी ताइपे की येन-चिंग चेंग (22) के बाद पांचवें स्थान पर रही।

महिलाओं की 25 मीटर स्पर्धा में अन्य भारतीय रिया शिरीष थट्टे, नाम्या कपूर और दिवांशी क्वालिफिकेशन में क्रमशः 15वें, 18वें और 24वें स्थान पर रहीं। जूनियर निशानेबाजों के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत तीन स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य सहित कुल 11 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## एआईयू ने डोप परीक्षण में विफल होने पर धाविका स्नेहा को निलंबित किया



**नई दिल्ली।** चार गुणा 400 मीटर महिला रिले टीम की सदस्य स्नेहा कोलेरी को दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम से बाहर किए जाने के एक दिन बाद स्टेनोजोलोल के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। भारत की शर्मिंदगी में लंबी दूरी की धावक वर्षा टेकाम का भी योगदान रहा जिन्हें एआईयू ने डोप परीक्षण से बचने के लिए अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया। डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एआईयू ने कहा, "एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ (स्टेनोजोलोल) की मौजूदगी/उपयोग के लिए स्नेहा कोलेरी (भारत) को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है।"

## गुकेश-प्रज्ञानानंदा के पास चेस को बढ़ावा देने की क्षमता



**स्टवांगेर।** डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा को भारतीय प्रशंसकों से मिलने वाले समर्थन से प्रभावित अमेरिका के ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा का मानना है कि पश्चिमी देशों में 'उबाऊ' शतरंज को बढ़ावा देने के लिए मजबूत व्यक्तित्व का होना जरूरी है। शानदार शतरंज खिलाड़ी के साथ नाकामुरा की पहचान स्ट्रीमर की भी है। उन्हें यह समझने में ज्यादा देर नहीं लगी कि शतरंज जैसे व्यक्ति आधारित 'उबाऊ' खेल में पहचान बनाने के लिए प्रौद्योगिकी की जरूरत होती है। वह मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग और इस खेल को लेकर अपने दृष्टिकोण के लिए दुनिया के सबसे उत्सुकता से अनुसरण किए जाने वाले शतरंज खिलाड़ियों में से एक हैं। नाकामुरा ने नॉर्वे शतरंज के इतर बातचीत के दौरान कहा, 'ज्यादातर लोगों के लिए, यह (शतरंज) बस एक बहुत ही उबाऊ खेल है।

प्रणय, लक्ष्य, सिंधू भी सिंगापुर ओपन में आज से पेश करेंगे चुनौती

# सात्विक-चिराग से दमदार वापसी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे।

इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर किदांबी श्रीकांत ने खुद की और पिछले कुछ महीनों में भारतीय बैडमिंटन पर छाई निराशा को दूर करने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने पिछले कुछ महीनों से भारत के एकल खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सप्ताह दर सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने की परिपाटी को तोड़ा। श्रीकांत हालांकि इस सप्ताह प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ियों को 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अच्छा करने के लिए प्रेरित जरूर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने कुआलालंपुर में श्रीकांत के शानदार प्रदर्शन को करीब से देखा था।

### सिंधू अब भी वापसी की राह पर

लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में लिन चुन-यी का सामना करके अपनी फिटनेस पर संदेह को दूर करना चाहेंगे। प्रियांशु राजावत भी मौजूदा सत्र में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। किरण जॉर्ज भी इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। महिला एकल में अनुभवी पीवी सिंधू अब भी वापसी की राह पर है। अपनी कोचिंग टीम में कई बार बदलाव करने के बाद बावजूद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का सामना पहले दौर में कनाडा की वेन यू झांग से होगा। अनमोल खरब का मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन चीन के चेन यू फी से होगा जबकि आकर्षी कश्यप तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगी।

सेना ने बताई हमले नाकाम करने की कहानी

# आकाश मिसाइल ने मार गिराए कई पाकिस्तानी हथियार, दिखाई दुश्मन देश को उसकी औकात, नापाक इरादों को हवा में ही कर दिया बेअसर

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर

पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को एक मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से धूल चटाई। भारतीय सेना ने 7 से 10 मई के बीच पाकिस्तान की तरफ से किए गए कई एयर स्ट्राइक को नाकाम कर दिया और पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी। इस एयर डिफेंस सिस्टम के रडार, मिसाइल बैटरियों और रियल टाइम अटैक करने के मजबूत नेटवर्क की मदद से पाकिस्तान के नापाक इरादों को इंडियन आर्मी ने हवा में ही बेअसर कर दिया। दरअसल पाकिस्तान ने भारत में राजस्थान से लगती सीमा में 7 से 10 मई के बीच ड्रोन और मिसाइल अटैक किए, जिसे भारतीय सेना ने नेस्तनाबूत कर दिया। रक्षा मंत्रालय की विशेष ब्रीफिंग में तीनों सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारतीय सेना की इस जांबाजी का विवरण दिया। साथ ही बताया कि कैसे रणनीतिक प्रयासों से सफलता पाई, कैसे भारत का एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव हुआ और किस तरह इस सिस्टम ने काम को बखूबी अंजाम दिया।



### पाकिस्तानी हमलों को किया नाकाम

सेना ने बताया कि जब पाकिस्तानी ड्रोन, लड़ाकू विमान और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों ने भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने का प्रयास किया तो इस एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तानी हमलों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से किए गए हवाई हमलों को हवा में ही फेल कर दिया। जिससे एयरबेस, रडार पोस्ट, लॉजिस्टिक्स हब और आबादी इलाकों की सेफ सिक्योरिटी हुई। भारत के इस फोर लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम में लंबी दूरी के निगरानी रडार, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, आकाश मिसाइल प्रणाली और कम दूरी की एयर डिफेंस मिसाइल प्रणाली शामिल थीं, जिन्होंने पाकिस्तान को पुख्ता जवाब दिया।

### 50 किमी तक खतरों को रोका

*एयर डिफेंस सिस्टम के दूसरे लेयर को पॉइंट डिफेंस लेयर के रूप में जाना जाता है और यह महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा करता है। यह लेयर आकाश, स्पाइडर, समर, पिकोरा और ओसा-एके सहित कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल सिस्टमों से लैस है। इन सिस्टमों को 50 किलोमीटर तक की सीमा के भीतर आने वाले हवाई खतरों को रोकने के लिए बनाया गया है, जो रक्षात्मक कवर प्रदान करता है।*

### 'आकाशतीर' ने ड्रोन हमले किए बेअसर

*भारतीय सेना ने कहा कि भारत की स्वदेश निर्मित 'आकाशतीर' वायु रक्षा प्रणाली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। दुश्मन (पाकिस्तान) के मिसाइलों और ड्रोन की बौछार को इसने रोक दिया। पाकिस्तान ने भारतीय सेना और नागरिक क्षेत्रों पर जब हमला किया था तब आकाशतीर ने हर आने वाली मिसाइल (प्रक्षेपास्त्र) को रोक कर बेअसर कर दिया।*



### 'आकाशतीर' स्वचालित एयर डिफेंस कंट्रोल है

आकाशतीर स्वचालित एयर डिफेंस कंट्रोल और रिपोर्टिंग सिस्टम है, जो दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइलों का पता लगाने, ट्रैक करने और उनसे निपटने में सक्षम है। आकाशतीर ने दिखा दिया कि वह दुनिया के किसी भी अस्त्र को अधिक तेजी से देखता है।

यह जानकारी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जर्मनी के समाचार पत्र एफएजेड को दिए साक्षात्कार में दी

# 'परमाणु संघर्ष' से कोसों दूर थे भारत-पाक, हम एक जिम्मेदार परमाणु शक्तिः जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक बार फिर से अपने चिर-परिचित अंदाज में आतंकवाद के मामले पर न केवल पाकिस्तान को पूरी तरह से दुनिया के सामने बेनकाब किया है। बल्कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष को लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध तक की नौबत तक पहुंचने के दावे की असल सच्चाई मजबूती के साथ सबके सामने रखी गई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद एक बड़ा ही खुला व्यापार है।

जिसे पाकिस्तान की सरकार और सेना का पूरा समर्थन प्राप्त है। उनके द्वारा ही आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए उसके वित्तपोषण और संगठन के बाद इस्तेमाल किया जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए हालिया संघर्ष में भारत और पाकिस्तान परमाणु संघर्ष से कोसों दूर थे। हर तनाव का मतलब परमाणु युद्ध नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भारत एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति है। दक्षिण एशिया में खासतौर पर भारत द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई का अर्थ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं होता है। यह जानकारी विदेश मंत्री ने जर्मनी के समाचार पत्र एफएजेड को दिए एक साक्षात्कार में दी।



### पूरे यूरोप को दिया दो टूक संदेश

*रूस की यूक्रेन के खिलाफ छेड़ी गई लड़ाई के मुद्दे पर भारत और जर्मनी के मतों में समानता न होने के प्रश्न का भारत के विदेश मंत्री ने सीधा जवाब न देते हुए कहा कि आपके लिए यूरोप की बाकी चिंताएं और परेशानियां न केवल महत्वपूर्ण हैं। बल्कि वो मुझसे और एशिया से बिलकुल अलग भी हैं। जब आप एक विवाद के बारे में सोचते हैं तो वो केवल यूक्रेन विवाद होता है। लेकिन जब मैं विवाद पर सोचता हूं। तो मैं पाकिस्तान, आतंकवाद, चीन और हमारी सीमाओं के बारे में सोचता हूं। इसलिए हमारी सोच एक जैसी नहीं हो सकती है।*

### हर तनाव परमाणु युद्ध नहीं होता

जयशंकर से परमाणु संघर्ष को लेकर यह प्रश्न पूछा गया था कि हालिया समय में दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु संघर्ष से कितना दूर थी। जवाब में सबसे पहले उन्होंने इस प्रश्न पर हैरानी जताई और फिर स्पष्ट करते हुए कहा कि बहुत, बहुत दूर। भारत के निशाने पर केवल आतंकवादी हैं और ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई एक नपा-तुला हुआ, केंद्रित और बेहद सावधानी से उठाया गया कदम था। वो पाकिस्तान की सेना थी जिसने हम पर गोलीबारी की और हमने जवाब में उनकी वायु रक्षा प्रणालियों को निष्क्रिय कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान की ही सेना के अनुरोध पर गोलीबारी बंद की गई है। उन्होंने पश्चिम के देशों की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी सोच ऐसी है कि वो हमारी तरफ की दुनिया से जुड़ी हर चीज को परमाणु समस्या से जोड़ते हैं। जबकि हालिया संघर्ष में इस स्तर तक कभी भी नहीं पहुंचा गया। ये एक प्रकार कहानी है, जो हमारी दुनिया में कुछ भी होने पर सीधे परमाणु समस्या के साथ जोड़ दी जाती है। यह मुझे बेहद परेशान करता है। क्योंकि इससे आतंकवाद जैसी खतरनाक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। विश्व में आपके हिस्से में परमाणु मामले पर बहुत कुछ हो रहा है।

### यूएनएससी की सूची भरी पड़ी है

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंधित आतंकियों की सूची भरी पड़ी है। जिसमें पाकिस्तान और उसके शहरों के नाम दर्ज है। इसमें वही आतंकी इलाके हैं, जिन्हें भारत ने अपनी कार्रवाई में निशाना बनाया है। इसलिए कृपया ऐसा न समझें कि कुछ ऐसा है जो पर्दे के पीछे से संचालित हो रहा है। पाकिस्तान में आतंकवाद एक बड़ा ही खुला व्यापार है। एक ऐसा व्यापार जिसे वहां की सरकार और सेना समर्थन दे रही है। जयशंकर के मुताबिक, 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की कार्रवाई से आतंकवादियों को यह साफ संदेश दिया गया कि ऐसे हमलों को लेकर उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। 7 मई को 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की सेना ने भारत की तरफ गोलीबारी की। हमने आत्मरक्षा में उसका जवाब दिया। इसके बाद जब पाकिस्तान यह समझ गया कि उसने गलत और नुकसानदेह रास्ता चुन लिया है। हम गोलीबारी रूकवाने में सक्षम हो गए।

### चीन के हथियारों का पाक ने किया प्रयोग

अमेरिका से इतर चीन की संघर्ष के दौरान रही भूमिका के प्रश्न के जवाब में एस.जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना के हथियारों में चीन में निर्मित हथियार शामिल थे। दोनों देश बेहद करीब हैं। इसी से आप अपना निष्कर्ष निकाल सकते हैं। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद 9 आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया था। जिसके जवाब में बौखलाई पाक सेना ने भारत के सैन्य अड्डों को 8, 9 और 10 मई को निशाना बनाया। लेकिन भारत की सेनाओं ने पड़ोसी दुश्मन देश की इस नापाक हरकत का पूरी मजबूती के साथ मुंहतोड़ जवाब दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 10 मई की शाम 5 बजे से दोनों देशों के बीच प्रत्येक स्तर (जल, थल और नभ) पर गोलीबारी को रोकते हुए तत्काल प्रभाव से संघर्षविराम लागू करने की घोषणा की थी।

10 मई को हुआ संघर्षविराम

### भारतीय सेना के प्रति जताया आभार

उन्होंने कहा कि 10 मई को संघर्षविराम के बाद दो सप्ताह से परिस्थिति नहीं बदली है। लेकिन सैन्य कार्रवाई को रोकने के स्तर पर पहुंचने में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बनी सीधी समझ की अहम भूमिका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संघर्षविराम के लिए धन्यवाद देने के प्रश्न के जवाब में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई गई थी। भारत ने सटीक और प्रभावी ढंग से पाकिस्तान की वायुसेना के प्रमुख ठिकानों और वायु रक्षा प्रणालियों को नुकसान पहुंचाया। जिसने पड़ोसी देश को सैन्य कार्रवाई और शत्रुता रोकने के लिए मजबूर कर दिया। ऐसे में मुझे किसे धन्यवाद करना चाहिए? मैं भारतीय सेना को धन्यवाद करता हूं। क्योंकि यह भारत की सेना ही थी। जिसके एक्शन की वजह से पाकिस्तान को कहना पड़ा कि हम सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार हैं।

### पाक के शहरों, गांवों में आतंकी संगठन

*विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के शहरों से लेकर गांवों तक आतंकवादी संगठन खुलेआम अपनी मौजूदगी के साथ संचालित हो रहे हैं। पाकिस्तान के पहलगाम आतंकी हमले में संबंध को लेकर जयशंकर ने यह टिप्पणी की। उन्होंने यह भी कहा कि हर कोई जो आंखों से अंधा नहीं है। वो भी साफ तौर पर यह देख सकता है कि पाकिस्तान के शहरों और गांवों में खुलेआम आतंकवादी संगठन अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए मौजूद हैं।*

सुप्रीम कोर्ट ने दिया ऐतिहासिक आदेश

# कैडर अधिकारियों का मनोबल बढ़ाएं आईपीएस की पदस्थापना करें कम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक आदेश में निर्देश दिया है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में महानिरीक्षक स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दो वर्षों में 'उत्तरोत्तर' की जानी चाहिए ताकि कैडर अधिकारियों को अधिक अवसर मिल सकें। न्यायमूर्ति अभय एस ओका (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 23 मई को आदेश सुनाते हुए कहा कि सीएपीएफ में कैडर अधिकारियों की पदोन्नति में विलंब से मनोबल पर 'प्रतिकूल' प्रभाव पड़ सकता है। इन संगठनों के अधिकारियों द्वारा दायर कई शिकायत याचिकाओं का निपटारा करते हुए पीठ ने यह भी कहा कि इन सीएपीएफ की बहुप्रतीक्षित कैडर समीक्षा छह महीने में की जानी चाहिए।

### पदोन्नति में देरी के समाधान की गुहार

याचिकाकर्ताओं, जिनमें शुरू में इन बलों के 18 हजार अधिकारी शामिल थे, ने 2009 में आवेदन दायर कर गृह मंत्रालय से उनमें से प्रत्येक को संगठित समूह ए सेवा (ओजीएएस) के रूप में मानते हुए कैडर समीक्षा की मांग की थी, ताकि समय पर पदोन्नति में देरी से संबंधित उनके मुद्दे का समाधान किया जा सके। न्यायालय ने कहा कि यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि सीएपीएफ को कैडर मुद्दों और अन्य सभी संबंधित मामलों के लिए ओजीएएस के रूप में माना गया है। जब सीएपीएफ को ओजीएएस घोषित किया गया है, तो ओजीएएस को उपलब्ध सभी लाभ स्वाभाविक रूप से सीएपीएफ को मिलने चाहिए।

देश में बढ़ रहा कोरोना का खतरा

# पिछले एक हफ्ते में देश में 752 नए केस आए, केरल में आंकड़ा '300 के पार'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक हफ्ते में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 305 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी। चिंता की बात यह है कि बीते सात दिनों में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात दर्ज किया गया है। मरने वालों महाराष्ट्र के चार, केरल के दो और कर्नाटक का एक शख्स शामिल है। नए मामलों की बात करें तो बीते एक हफ्ते में (19 मई के बाद) सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, 153 महाराष्ट्र, 99 दिल्ली, 76 गुजरात और 34 कर्नाटक में आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, 26 मई को सुबह 8:00 बजे देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1009 है। कुल केसों की बात करें तो केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले



दर्ज किए गए हैं। मुंबई में 209 और दिल्ली में अब तक 104 मामले दर्ज किए गए हैं। इन शहरों के बाद गुजरात का नंबर आता है, जहां 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 मामले दर्ज किए गए हैं। नए कोरोना संक्रमणों में वृद्धि के बीच दो नए वैरिएंट के मामले सामने आए हैं। पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। अब यहां सक्रिय मामलों की संख्या 11 हो गई है। बिहार में सोमवार को कोविड-19 की मौजूदा लहर का पहला मामला सामने आया।

# यूएस में पहली बार होगा नीता अंबानी वीकेंड का आयोजन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

12 से 14 सितंबर तक न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित लिंकन सेंटर में 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी)' वीकेंड का आयोजन होगा। यह तीन दिन का सांस्कृतिक महोत्सव रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और समाजसेवी नीता अंबानी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय कला, संगीत, नृत्य, फैशन और हस्तशिल्प को वैश्विक मंच पर पेश करना है। यह



आयोजन एनएमएसीसी का अंतरराष्ट्रीय डेब्यू होगा। 2023 में खोले गए इस सेंटर को एक बहुआयामी सांस्कृतिक हब के रूप में तैयार किया गया था। यह सेंटर भारत की पारंपरिक नृत्य और संगीत से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर की विजुअल आर्ट एग्जीबिशन तक, हर शैली की कला और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाता है।

# मैं पुतिन से नाराज, वो सही नहीं कर रहे, बहुत लोग मरेः ट्रंप

एजेंसी ▶▶ न्यू जर्सी

रूस और यूक्रेन में युद्धविराम करवाने की कोशिश में लगे ट्रंप ने अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर नाराजगी जाहिर की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को यूक्रेन पर रूस द्वारा लगातार की जा रही है बमबारी को गलत बताया और गहरी नाखुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पुतिन से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि उनके साथ क्या हो गया है। वे बहुत से लोगों को मार रहे हैं। मैं इससे खुश नहीं हूं। ट्रंप ने रविवार को रात भर यूक्रेनी शहरों पर 367 ड्रोन और मिसाइलों के रूसी हमले की प्रतिक्रिया में ये बात कही। हमले में कीव पर भी अटैक किया गया था। शनिवार-रविवार की रात रूस ने यूक्रेन पर अभी तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इन हमलों में 13 लोग मारे गए हैं और 60 से ज्यादा घायल हुए हैं, संपत्ति का भी भारी नुकसान हुआ है।

पाक के लिए जासूसी करने का है आरोप, एक वीडियो में हुआ नया खुलासा

# जिला कोर्ट ने ज्योति मल्होत्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ हिसार

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई ज्योति मल्होत्रा को सोमवार को हिसार की अदालत में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले उसे पहले पांच दिन और फिर चार दिन की पुलिस रिमांड पर रखा गया था। चार दिन की मौजूदा रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ही उसे कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले ज्योति के पिता हरीश ने रविवार को बेटी से बातचीत की। कुछ मिनटों की मुलाकात में ज्योति ने कहा कि पापा टेंशन मत लेना। मैं पूरी तरह बेकसूर हूं। जल्द ही बाहर आऊंगी। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने रविवार को एसपी से ज्योति से मिलने की गुहार लगाई थी। इस पर एसपी ने उन्हें लघु सचिवालय बुलाया। करीब डेढ़ बजे वह लघु सचिवालय पहुंचे।



### पाक में ज्योति की खातिरदारी, सुरक्षा में छह बंदूकधारी

इस बीच स्कॉटलैंड के एक कंटेंट क्रिएटर और यूट्यूबर का वीडियो सामने आया है, जिसमें गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा भी नजर आ रही हैं। वीडियो में ज्योति लाहौर के अनारकली बाजार में घूमते समय छह एक-47 राइफल से लैस सुरक्षाकर्मियों से घिरी हुई नजर आ रही हैं। इसी दौरान स्कॉटलैंड के एक यूट्यूबर कैलम मिल भी पाकिस्तान में ही थे। सुरक्षाकर्मियों के बीच घिरा देख कैलम ने पूछा कि इतनी सुरक्षा की जरूरत क्यों पड़ी? कैलम मिल का यूट्यूब चैनल 'कैलम अब्रोड' है।

### खुफिया जानकारी देने पर सीआरपीएफ जवान गिरफ्तार

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों को गोपनीय सुरक्षा जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार सीआरपीएफ जवान को अदालत ने 15 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया है। पटियाला हाउस के विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बेहद गंभीर अपराध बताया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल देश की रक्षा की नींव हैं। इसमें सेंध लगाना देशद्रोह है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109